हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • रविवार • 09.11.2025 • वर्ष : 16 • अंक : 104 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## एक नजर

### राष्ट्रपति मुर्मू छह दिवसीय विदेश दौरे पर हुईं रवाना

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अफ्रीकी देश अंगोला और बोत्सवाना की छह दिवसीय राजकीय यात्रा पर शनिवार को रवाना हुईं। यह किसी भारतीय राष्ट्राध्यक्ष की इन देशों की पहली राजकीय यात्रा है। राष्ट्रपति भवन ने एक्स पोस्ट पर बताया कि राष्ट्रपति मुर्मू अंगोला और बोत्सवाना की छह दिवसीय राजकीय यात्रा पर रवाना हो गई हैं। वे आज रात अंगोला पहुंचेंगी। यह किसी भारतीय राष्ट्राध्यक्ष की इन दोनों अफ्रीकी देशों की पहली राजकीय यात्रा है। राष्ट्रपति की 8 से 13 नवंबर तक चलने वाली इस यात्रा के दौरान द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा और नए क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा होगी। यह यात्रा अफ्रीकी क्षेत्र में दोनों देशों के साथ सहयोग और साझेदारी बढ़ाने के नए रास्ते खोलने के भारत के प्रयासों का हिस्सा है। यात्रा के दौरान व्यापार, रक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे के विविधीकरण और लोगों के बीच आपसी संबंधों पर बातचीत की उम्मीद है।

### कैंटर में घुसी कार चार युवकों की मौत एक की थी शादी

**शामली :** उत्तर प्रदेश के जनपद शामली में पानीपत–खटीमा हाईवे पर बुटराडा फ्लाईओवर के पास शुक्रवार देर रात दुर्घटना में कार सवार चार युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, इनमें एक युवक की रविवार को शादी है। बाबरी थाना पुलिस ने चारों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एएसपी संतोष कुमार ने बताया कि मृतकों की पहचान परमजीत, साहिल, विवेक और आशीष के रूप में हुई है। परिजनों से पता चला है कि परमजीत की नौ नवंबर को शादी है, जिसकी तैयारियां चल रही थी। चारों ने शादी से पहले गंगा स्नान का प्लान बनाया। साहिल अपने दादा अर्जुन सिंह की कार लेकर चारों शुक्रवार शाम को ही हरिद्वार के लिए निकले थे। देर रात को बेकाबू होकर कार सड़क किनारे खड़े कैंटर में जा घुसी और हादसे में चारों युवकों की मौत हो गई। एएसपी ने बताया कि घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने बमुश्किल कार में फंसे शवों को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम भेजा। कार के अंदर से शराब की बोतलें भी बरामद हुई हैं, जिससे आशंका जताई जा रही है कि कार सवार युवक नशे में थे।

# झारखंड को खोखला करने वाली बीजेपी अब जनता को बरगलाने में जुटी है : हेमन्त



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**घाटशिला :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने शनिवार को धालभूमगढ़ के नरसिंगगढ़ हाट मैदान में आयोजित चुनावी सभा में कहा कि झारखंड में स्थापित होने वाली हर कंपनी को 75 प्रतिशत नौकरियां स्थानीय युवाओं को देनी होंगी। उन्होंने चेतावनी दी कि जो कंपनियां इस नियम का पालन नहीं करेंगी, उन्हें राज्य में कोई स्थान नहीं मिलेगा।
मुख्यमंत्री यूपीए प्रत्याशी सोमेश सोरेन के पक्ष में आयोजित इस सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार बेरोजगारों को रोजगार देने के लिए हर संभव कदम उठा रही है। घाटशिला उपचुनाव 11 नवंबर को होना है, जिसमें 13 प्रत्याशी मैदान में हैं। लेकिन असली मुकाबला झामुमो और भाजपा के बीच है – एक ओर जनबल है, दूसरी ओर धनबल।
सोरेन ने लोगों से अपील की कि वे भाजपा के झांसे में न आएं। उन्होंने कहा, वे तरह-तरह के लालच देंगे, लेकिन आप लोग दो नंबर बटन दबाकर दिशोम गुरु शिबू सोरेन और दिवंगत मंत्री रामदास सोरेन को सच्ची श्रद्धांजलि दें। भाजपा पर हमला बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, झारखंड बने 25 साल हो गए, जिनमें से 18 साल भाजपा ने राज किया। उन्होंने राज्य को लूटकर खोखला बना दिया। अगर शुरू से झामुमो की सरकार रहती, तो झारखंड आज अलग दिखता। उन्होंने कहा कि अब राज्य की सवा तीन करोड़ जनता उनके साथ है और वे हर सुख-दुख में लोगों के साथ खड़े हैं।
भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा, झामुमो में खा-पीकर मोटे हो गए, और अब हल भाजपा का जोत रहे हैं। ऐसे धोखेबाज प्रत्याशियों से सावधान रहिए। उन्होंने कहा कि दिवंगत मंत्री रामदास सोरेन ने घाटशिला क्षेत्र के विकास के बड़े सपने देखे थे – उन्हीं की वजह से मुसाबनी में इंजीनियरिंग कॉलेज और जनजातीय विश्वविद्यालय की स्वीकृति मिली। अब सोमेश सोरेन उन्हीं सपनों को पूरा करेंगे।
राज्य के परिवहन मंत्री दीपक बिरुवा ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुजुर्गों के लिए सहारा बनकर "सर्वजन पेंशन योजना" लागू की, मंईयां सम्मान योजना के तहत महिलाओं को मासिक सहायता दी और गरीब परिवारों को 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली दी। सभा को मंत्री सुदीव्य कुमार सोनू, सांसद जोबा मांझी, विधायक सविता महतो, अरुप चटर्जी, पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू और दिवंगत रामदास सोरेन की पत्नी सूरजमनी सोरेन समेत कई नेताओं ने संबोधित किया।

### हेमन्त सोरेन ने जेल जाना स्वीकार किया, पर समझौता नहीं किया : कल्पना



**घाटशिला :** शनिवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा की स्टार प्रचारक एवं विधायक कल्पना सोरेन ने घाटशिला उपचुनाव में पार्टी प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन के समर्थन में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। अपने भावनात्मक संबोधन की शुरुआत करते हुए कल्पना सोरेन ने कहा कि वे स्वर्गीय रामदास सोरेन को नमन करती हैं — जो इस क्षेत्र के आपके भाई, दादा, और मांझी बाबा थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी को जेल भेजा गया, क्योंकि उन्होंने झारखंड के आदिवासी–मूलवासी, दलित, और पिछड़े वर्गों के लिए निःस्वार्थ भाव से काम किया। उन्होंने सर्वजन पेंशन योजना के माध्यम से बुजुर्गों को सम्मान दिया, किशोरी समृद्धि योजना से झारखंड की बेटियों को शिक्षा और आत्मनिर्भरता से जोड़ा — जिसके अंतर्गत 40 हजार बच्चियों को पढ़ाई के लिए आर्थिक सहायता दी गई। उन्होंने अबुआ आवास योजना के माध्यम से झारखंड के गरीब परिवारों को अपना घर देने का संकल्प पूरा किया। कल्पना सोरेन ने कहा, हेमंत जी के रगों में, उनकी संस्कृति और इतिहास में यह लिखा है, लड़ जाएंगे, मर जाएंगे, लेकिन झुकेंगे नहीं। उन्होंने कहा कि गुरुजी (शिबू सोरेन) ने हमें केवल शारीरिक रूप से छोड़ा है, उनके सपनों को हेमन्त सोरेन जी निरंतर पूरा कर रहे हैं। अंत में कल्पना सोरेन ने जनता से अपील की कि वे 11 नवम्बर को भारी संख्या में मतदान कर सोमेश सोरेन जी को विजयी बनाएं और हेमन्त सोरेन जी के संघर्ष और विकास की गाथा आगे बढ़ाएं।

## हेमन्त सोरेन हताशा में कार्यकर्ताओं को 'बैल' कह रहे हैं : सुदेश महतो



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**घाटशिला :** आजसू पार्टी प्रमुख एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने कहा है कि घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में झामुमो की हार तय है। उन्होंने आरोप लगाया कि हताशा में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एनडीए प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन को 'बैल' कहकर न केवल उनका, बल्कि झामुमो कार्यकर्ताओं का भी अपमान कर रहे हैं। सुदेश महतो शनिवार को घाटशिला विधानसभा के बाघुड़िया ग्राम पहुंचे, जहां उन्होंने नक्सलियों के हमले में शहीद हुए पूर्व सांसद सुनील महतो की प्रतिमा और शहीद स्तंभ पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर भाजपा सांसद विद्युत वरण महतो, पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, आजसू उपाध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर, महासचिव हरेलाल महतो, जिलाध्यक्ष कन्हैया सिंह, बंगाल विधायक बानेश्वर महतो, मांडू विधायक निर्मल महतो, बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी, रांची जिप अध्यक्ष निर्मला भगत समेत अनेक नेता उपस्थित रहे।
सुदेश महतो ने कहा कि झामुमो ने अपने शहीद सांसदों सुनील महतो और निर्मल महतो के बलिदान को भुला दिया है। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्य की बात है कि जिस धरती ने अपने सांसद को खोया, उसी धरती पर शासन कर रही पार्टी झामुमो ने उनके बलिदान की चर्चा तक नहीं की। न किसी सभा में उनका नाम लिया गया, न श्रद्धांजलि दी गई।
उन्होंने कहा कि जिस पार्टी ने अपने ही शहीद नेताओं के प्रति कर्तव्य नहीं निभाया, वह झारखंडी अस्मिता की बात करने का नैतिक अधिकार खो चुकी है। महतो ने झामुमो सरकार पर शहीदों के सम्मान, युवाओं के रोजगार, शिक्षा और पारदर्शिता में असफल होने का आरोप लगाया। इस दौरान सभा में फूल कुमारी देवी, सरिता देवी, बबिता देवी, राजेश महतो, नवीन महतो, टिकैत महतो, हीरा लाल महतो, ओम वर्मा, सचिन महतो और करण महतो समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभा में भाजपा सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि वर्तमान सरकार जनता की भावनाओं के प्रति जवाबदेह नहीं रही है। उन्होंने कहा कि न शिक्षा पर ध्यान, न रोजगार पर कोई योजना। केवल वोट की राजनीति और झूठ के सहारे शासन चलाया जा रहा है।

## मुख्यमंत्री के प्रयास से ट्यूनीशिया में फंसे 48 कामगारों की हुई वापसी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एक बार फिर प्रवासी कामगारों के मसीहा साबित हुए हैं। उनकी संवेदनशीलता और त्वरित पहल के कारण अफ्रीकी देश ट्यूनीशिया में फंसे झारखंड के 48 प्रवासी कामगारों की सुरक्षित वापसी संभव हो पाई है। बीते तीन महीनों से वेतन न मिलने और आर्थिक संकट से जूझ रहे इन कामगारों की मदद के लिए मुख्यमंत्री ने तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया था।
जैसे ही मुख्यमंत्री को कामगारों की परेशानी की जानकारी मिली, उन्होंने इसे गंभीरता से लेते हुए श्रम, रोजगार, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के अधीन राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष को सक्रिय किया। मुख्यमंत्री के निर्देश पर विभाग ने तत्परता दिखाते हुए भारतीय दूतावास और संबंधित एजेंसियों के सहयोग से पूरी प्रक्रिया को अंजाम दिया।
इनमें हजारीबाग, गिरिडीह और बोकारो से कामगार शामिल थे, जो पीसीएल प्रेम पावर कंस्ट्रक्शन लिमिटेड में कार्यरत थे। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद श्रम विभाग के अधिकारियों ने कामगारों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को विस्तार से जाना। अब सरकार इन कामगारों और उनके परिवारों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित करने की दिशा में कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सदैव यह सिद्ध किया है कि झारखंड का हर श्रमिक, चाहे वह देश में हो या विदेश में, सरकार की जिम्मेदारी है। ट्यूनीशिया में फंसे कामगारों की वापसी इसी सोच और प्रतिबद्धता का प्रमाण है।
यह सफलता न केवल झारखंड सरकार की संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई की मिसाल है, बल्कि प्रवासी कामगारों के प्रति राज्य सरकार की गहरी चिंता और मानवीय दृष्टिकोण को भी उजागर करती है। मुख्यमंत्री के प्रयासों से एक बार फिर यह संदेश गया है कि झारखंड सरकार अपने नागरिकों के साथ हमेशा खड़ी है।

## राम का विरोध और आस्था का अपमान करने वालों को वोट नहीं देना है : योगी आदित्यनाथ

एजेंसी



**पटना/पूर्वी चंपारण :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को पूर्वी चंपारण जिले के पिपरा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार श्यामबाबू प्रसाद यादव के पक्ष में जनसभा कर लोगों से कमल खिलाने की अपील की। उन्होंने राजद, कांग्रेस और माले समेत महागठबंधन के तमाम घटक दलों को आड़े हाथों भी लिया।
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान राम-कृष्ण के बाद अब यह लोग छठ माई का भी विरोध कर रहे हैं। जो राम का विरोध और आस्था का अपमान करते हैं, उन्हें कतई वोट नहीं देना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस राम को नकारती थी, राजद राम मंदिर निर्माण की रथ यात्रा को रोकती थी, समाजवादी पार्टी रामभक्तों पर गोली चलाकर लहुलूहान करती थी। जब रामभक्त कहते थे कि रामलला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे। कांग्रेस, राजद व सपा सरकारें रामभक्तों पर गोली-लाठी चलाती थीं, तब भी रामभक्त कहता था कि लाठी गोली खाएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे।
सीएम योगी ने कहा कि यूपी में राजग सरकार बनी, तो अयोध्या में भगवान राम के भव्य मंदिर का निर्माण हो गया। अयोध्या में अंतरराष्ट्रीय महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट, निषादराज रैनबसेरा और मां शबरी के नाम पर रसोई बनी है। सीतामढ़ी में भी माँ जानकी के भव्य मंदिर का निर्माण हो रहा है। योगी आदित्यनाथ ने मतदाताओं से अपील की कि जो राम का विरोध और आस्था का अपमान करते हैं, उन्हें वोट देकर जाया नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पहले चरण के चुनाव के बाद हताश और निराश महागठबंधन के लोगों का वक्तव्य दिख रहा है। यह बताता है कि 14 नवंबर को जब ईवीएम खुलेगी, तो जनता का फैसला बिहार में 'फिर एक बार एनडीए सरकार' होगा'। बिहार के लिए राजग सरकार आवश्यक है। विपक्षी दलों पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि इन लोगों ने देश के सामने सुरक्षा व बिहार के सामने पहचान का संकट खड़ा किया। सीएम योगी ने कहा कि एक ओर विकास, विरासत का सम्मान, गरीब कल्याण, है तो दूसरी ओर अपराध, अपराधियों, नक्सलवाद, माओवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि मार्च 2026 तक माओवाद व नक्सलवाद को भारत की धरती से हमेशा के लिए समाप्त कर देना है।
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नजर मंच से एक उत्साहित बच्ची की तरफ गई, जिसके हाथ में उनकी (सीएम योगी) फोटो थी। बच्ची का हौसला बढ़ाते हुए योगी आदित्यनाथ ने उसे मंच पर बुलाया और फोटो ली। इससे एक तरफ बच्ची प्रफुल्लित हो उठी, तो दूसरी ओर हर कोई मुख्यमंत्री योगी की सहजता का कायल हो गया।

## समस्तीपुर में वीवीपैट पर्चियां फेंकी मिलीं, डीएम ने एफआईआर दर्ज कराई, एआरओ सस्पेंड

एजेंसी

**समस्तीपुर :** बिहार के समस्तीपुर जिले के सरायरंजन विधानसभा में शनिवार को डरफ कॉलेज सड़क किनारे वीवीपैट की पर्चियां मिलने पर हड़कंप मच गया। बड़ी संख्या में पर्चियां फेंकी हुई मिली। घटना पर तुरंत प्रशासन के आला अधिकारी घटना स्थल पर पहुंचे। विभिन्न दलों के प्रत्याशियों की मौजूदगी में पर्चियों को जब्त कर लिया गया। इस घटना में एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

### एआरओ सस्पेंड

इस मामले पर चीफ इलेक्शन कमिश्नर ज्ञानेश कुमार ने बताया, समस्तीपुर डीएम को मौके पर जाकर जांच करने का निर्देश दिया गया है। चूंकि ये मॉक पोल की वीवीपैट



पर्चियां हैं, इसलिए मतदान प्रक्रिया की निष्पक्षता पर कोई असर नहीं पड़ा है। संबंधित प्रत्याशियों को भी डीएम द्वारा इसकी जानकारी दी गई है। लापरवाही के कारण संबंधित एआरओ को सस्पेंड किया गया है और एफआईआर दर्ज की जा रही है।
समस्तीपुर जिला प्रशासन में उस समय हड़कंप मच गया, जब सूचना मिली कि सरायरंजन विधानसभा क्षेत्र के गुड़मा गांव में कूड़े के ढेर में हजारों की संख्या में वीवीपैट पर्चियां पड़ी हैं। जिला प्रशासन की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। समस्तीपुर के जिला निर्वाचन पदाधिकारीऔर पुलिस अधीक्षक ने भी मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। विधानसभा के प्रत्याशियों को भी मौके पर बुलाया गया। घटनास्थल पर प्रशासनिक टीम ने वीवीपैट की पर्चियों को अपने कब्जे में लिया और आगे की कार्रवाई शुरू की। जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा ने बताया कि सूचना मिली कि सरायरंजन थाना क्षेत्र में वीवीपैट की पर्चियां कूड़े के ढेर में पाई गई हैं। उन्होंने कहा कि यह टेक्निकल मामला है और जांच के बाद सभी चीजें स्पष्ट हो जाएंगी। उन्होंने यह भी कहा कि कमीशनिंग के दौरान मॉक पोल भी होता है। लगभग 5 प्रतिशत मशीनों पर एक हजार का मॉक पोल होता है, जिसमें उम्मीदवारों की कमीशनिंग के समय भी हर बटन को दबाकर सिंबल की जांच की जाती है।

### जिला प्रशासन ने पोस्ट के जरिए दी जानकारी

शनिवार को सरायरंजन थानान्तर्गत ग्राम-गुड़मा में कूड़े की ढेर से कुछ Shredded एवं Unshredded तथाकथित चुनाव संबंधी पर्चिया मिलने का मामला प्रकाश में आया है। तत्काल जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, समस्तीपुर एवं पुलिस अधीक्षक, समस्तीपुर मौके पर पहुंचकर स्थल का निरीक्षण किया गया। आगे कहा कि विभिन्न दलों के प्रत्याशियों की मौजूदगी में उक्त पर्चियों को विधिवत जब्त करवाया गया है। उक्त स्थल सरायरंजन विधानसभा स्थित Dispatch Centre से लगभग 500 मीटर की दूरी पर अवस्थित है। उक्त घटना के संदर्भ में सरायरंजन थाना में विधिवत प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक अनुसंधान कराई जा रही है।

## जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में दो आतंकी ढेर, घुसपैठ की कर रहे थे कोशिश

एजेंसी

**कुपवाड़ा :** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के केरन सेक्टर में शनिवार को सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को मार गिराया। भारतीय सेना को नियंत्रण रेखा के पार से शुक्रवार को घुसपैठ की खुफिया जानकारी मिली थी। इसके बाद आतंकियों के खिलाफ सर्च ऑपरेशन चलाया था। भारतीय सेना की यूनिट चिनार कॉर्प्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बताया कि सर्च ऑपरेशन के दौरान आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षाबलों की जवाबी फायरिंग में दो आतंकी मारे गए। ऑपरेशन अभी जारी है। सेना ने इसे 'ऑपरेशन पिंपल' नाम दिया है।
मारे गए आतंकियों की पहचान या उनके संगठन की जानकारी अभी नहीं मिली है। इससे पहले 5 नवंबर



को किश्तवाड़ जिले के छत्रू इलाके में मुठभेड़ हुई थी। आतंकियों की फायरिंग से एक जवान घायल हो गया था।
कुपवाड़ा में मुठभेड़ के बीच जम्मू-कश्मीर पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर ने शनिवार को घाटी की कई जेलों में छापा मारा। हालांकि, अधिकारियों ने बताया कि तलाशी के दौरान अगर कुछ भी अवैध बरामद होता है, तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अधिकारियों ने इसे नियमित जांच का हिस्सा बताया और कहा कि इंटरनल सिक्योरिटी को मजबूत करने और जेल सुविधाओं के दुरुपयोग को रोकने के लिए कार्रवाई की जा रही है। ताकि जेलों के अंदर कोई गैरकानूनी गतिविधि न हो। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में 13 अक्टूबर को सुरक्षाबलों ने 2 आतंकियों को मार गिराया था।

# डीसी ने बरही प्रखंड का किया दौरा, विकास योजनाओं की प्रगति का लिया जायजा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने शनिवार को बरही प्रखंड का दौरा कर सरकारी विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का जायजा लिया तथा विद्यालयों, आंगनवाड़ी केंद्रों और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय, करियातपुर एवं राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोरिया डीह का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने बच्चों की उपस्थिति की जांच की। उपायुक्त ने इस दौरान 12 वीं कक्षा में पहुंचे एवं अध्ययनरत बच्चों को इतिहास विषय से संबंधित प्रश्न पूछे और उन्हें मार्गदर्शन भी दिया। उन्होंने शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित कराने, विद्यार्थियों के लिए अतिरिक्त कक्षाएं संचालित करने तथा सत्र के अंत तक सिलेबस पूर्ण कराने का निर्देश दिया। इसके बाद उपायुक्त आंगनवाड़ी केंद्र पंचमाधव का निरीक्षण किया तथा बच्चों से बातचीत कर पोषण आहार, उपस्थिति एवं साफ-सफाई की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने केंद्र के संचालिका को नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने और बच्चों की पोषण स्थिति पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। दौरे के क्रम में उपायुक्त ने बिरहोर टोला, बरियठा का भी भ्रमण किया और वहां रह रहे बिरहोर समुदाय के लोगों से मुलाकात की। उन्होंने उनके आवासीय परिसरों, स्वास्थ्य सुविधाओं और बिजली व्यवस्था का अवलोकन किया। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को बिरहोर समुदाय के लिए नियमित स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन, विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने हेतु विशेष कैंप, आवासों की मरम्मती एवं बिजली कनेक्शन की मरम्मत शीघ्र सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने अंत में कहा कि प्रशासन का लक्ष्य अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है तथा समाज के प्रत्येक वर्ग को सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर प्रदान करना है। निरीक्षण के दौरान बरही प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो, अंचलाधिकारी चंद्रशेखर कुणाल, स्थानीय मुखिया मोतीलाल चौधरी एवं पंचायत सचिव प्रियंका प्रकाश समेत दर्जनों अन्य लोग मौजूद थे।

## जुगरा में विद्यार्थियों के बीच सोलर लैंप का किया गया वितरण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** एनएमएल पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के द्वारा आज हाई स्कूल, जुगरा के कक्षा 10 के विद्यार्थियों के बीच सोलर लैम्प वितरण किया गया। यह पहल विद्यार्थियों को आगामी बोर्ड परीक्षा की तैयारी में सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है। सोलर लैम्प की सहायता से विद्यार्थियों को अब बिजली की अनुपलब्धता की स्थिति में भी निर्बाध रूप से अध्ययन करने में सुविधा होगी, जिससे उनकी तैयारी और बेहतर हो सकेगी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार ने इस सराहनीय पहल के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया और कहा कि यह प्रयास विद्यार्थियों के शैक्षणिक उत्थान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## बोधगया एनडीए प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी सभा में मोहन यादव व बरही विधायक ने किया मंच साझा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** बोधगया विधानसभा के एनडीए समर्थित लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रत्याशी श्याम देव पासवान के समर्थन में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और बरही विधायक मनोज यादव ने गजाधरपुर टनकुप्पा प्रखंड मैदान में विशाल जनसभा को संबोधित किया। दोनों नेताओं ने एक साथ मंच साझा करते हुए एनडीए गठबंधन की जीत का आह्वान किया। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भी केंद्र सरकार की उपलब्धियों का विस्तार से उल्लेख करते हुए एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में मतदान की अपील की। सभा में उपस्थित जनसभा को संबोधित करते हुए बरही विधायक मनोज यादव ने कहा कि बिहार और केंद्र सरकार विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विश्व पटल पर मजबूत बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि जनता को भरोसा है कि एनडीए ही बिहार को प्रगति के रास्ते पर आगे बढ़ा सकता है। विधायक श्री यादव ने कहा कि एनडीए उम्मीदवार श्याम देव पासवान क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं और जनता की सेवा के लिए सदैव तैयार रहते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे भारी मतों से एनडीए प्रत्याशी को विजयी बनाकर प्रधानमंत्री मोदी के हाथों को मजबूत करें। कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण, युवा, महिलाएँ एवं एनडीए कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभा के दौरान जोश और उत्साह का माहौल देखा गया। नेताओं के भाषण के दौरान समर्थकों ने जयकारा लगाकर उत्साह प्रकट किया और एनडीए की जीत का संकल्प लिया।

## कर्णपुरा महाविद्यालय में संयुक्त राष्ट्र संघ पर सेमिनार का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** कर्णपुरा महाविद्यालय, बड़कागांव के राजनीति शास्त्र विभाग की ओर से संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका एवं प्रासंगिकता विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कीर्तिनाथ महतो ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. बालेश्वर महतो उपस्थित थे। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना, उसके उद्देश्यों तथा विश्व शांति में उसकी भूमिका पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज के बदलते वैश्विक परिप्रेक्ष्य में संयुक्त राष्ट्र संघ की नीतियाँ और कार्यक्रम विश्व में शांति, सहयोग एवं विकास को दिशा प्रदान कर रहे हैं। सेमिनार के मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. लालदेव महतो ने संयुक्त राष्ट्र संघ की वर्तमान प्रासंगिकता पर अपने सारगर्भित विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने छात्रों को अंतरराष्ट्रीय संबंधों की समझ विकसित करने पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. सुरेश महतो द्वारा किया गया, जिन्होंने पूरे कार्यक्रम को अनुशासित एवं प्रभावशाली ढंग से संपन्न कराया। वहीं, धन्यवाद ज्ञापन डॉ.निरंजन प्रसाद नीरज द्वारा किया गया। अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्य डॉ. कीर्तिनाथ महतो ने कहा कि ऐसे सेमिनार छात्रों में बौद्धिक जागरूकता एवं अंतरराष्ट्रीय दृष्टिकोण को सशक्त बनाते हैं। उन्होंने राजनीति शास्त्र विभाग के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि शैक्षणिक गतिविधियाँ ही उच्च शिक्षा की आत्मा हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रो. सुरेश महतो, प्रो. फजरुद्दीन, प्रो. नरेश कुमार दांगी, डॉ .पवन कुमार ,डॉ. अनु कुमारी, प्रो. ऋतुराज, प्रो. रंजीत प्रसाद, डॉ. ललिता कुमारी, प्रो. लालदेव महतो, डॉ. चंद्रशेखर राणा, प्रो. रामकिशोर प्रसाद दांगी, डॉ. सनवीर कुमारसहित अन्य कर्मचारी तथा छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे।

## अपर समाहर्ता ने बरही अंचल कार्यालय का किया निरीक्षण, कार्य में तेजी लाने का निर्देश



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** हजारीबाग अपर समाहर्ता संतोष सिंह बरही अंचल कार्यालय का निरिक्षण किया। मौके एलआरडीसी अजय भगत सीओ चंद्रशेखर कुणाल सहित अंचल कर्मी मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने अंचल कार्यों का समीक्षा किया तथा कार्य में तेजी लाने का आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अंचल से सम्बंधित सभी कार्यों को समय पर निष्पादन किया जाए। उन्होंने बेमौसम हुए बारिश से किसानों को फसलों का नुकसान तथा आंशिक रूप क्षतिग्रस्त हुए मकानों को सर्वेक्षण के लिए अंचल कर्मीयों को क्षेत्र में भेजे आंकलन रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया। ताकि पीड़ित परिवार को मुआवजा मिल सके। मौके पर प्रधान लिपिक चिंतामणि टुटी, सीआई सह राजस्व कर्मचारी संजीव राजीव, रीतलाल रजक,लिपक तारकेश्वर यादव, नारायण दास, कृष्ण मोहन, सहोदर पासवान, सागर कुमार, जीवलाल कुमार, सत्यम कुमार, मुंशी पासवान सहित कई अंचल कर्मी मौजूद रहे।

## पकरी बरवाडीह कोल परियोजना की ऐतिहासिक सफलता, ऑटोमेटिक लोडिंग से 2000 रैक हुआ पूरा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड की पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना (पीबी-सीएमपी) ने 7 नवंबर 2025 को एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए रैपिड लोडिंग सिस्टम के (आरएलएस) के माध्यम से बानादाग रेलवे से 2000वाँ रैक सफलतापूर्वक प्रेषित किया। इस ऐतिहासिक 2000 वें रैक को पवन कुमार रावत महाप्रबंधक (इंफ्रा) द्वारा परियोजना के विभागाध्यक्षों एवं रैपिड लोडिंग सिस्टम से जुड़े कर्मियों की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। पकरी बरवाडीह परियोजना ने अपने आरएलएस के परिचालन के बाद से लगातार नई ऊँचाइयाँ हासिल की हैं। परियोजना ने 20 सितम्बर 2024 को पहला रैक 4 मई 2025 को 500वाँ रैक तथा 8 जुलाई 2025 को 1000वाँ रैक प्रेषित किया था। महज एक वर्ष से कुछ अधिक समय में 2000वाँ रैक प्रेषण करना परियोजना की संचालन क्षमता और दक्षता का उत्कृष्ट प्रमाण है। वित्त वर्ष 2025-26 में अब तक 7 नवम्बर 2025 तक आरएलएस के माध्यम से कुल 1662 रेक प्रेषित किए जा चुके हैं। जबकि पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में कुल 330 रेक प्रेषित किए गए थे। जो परियोजना की उपलब्धि दर्शाती है। रैपिड लोडिंग सिस्टम एक अत्याधुनिक स्वचालित कोयला लोडिंग सुविधा है, जिसने कोयला प्रेषण प्रक्रिया को और भी तेज, सटीक एवं सुरक्षित बना दिया है। इस प्रणाली से समय, ऊर्जा एवं लागत की उल्लेखनीय बचत के साथ-साथ लॉजिस्टिक प्रबंधन और उत्पादन क्षमता में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ है। यह उपलब्धि एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेडकी आधुनिक तकनीक अपनाने और सर्वोत्तम औद्योगिक प्रथाओं के माध्यम से संचालन दक्षता, स्थिरता और उत्कृष्टता प्राप्त करने की प्रतिबद्धता को पुनः सशक्त रूप से रेखांकित करती है।

## एक नजर

### एलसीडीसी कार्यक्रम के तहत ब्लॉक लेवल टास्क फोर्स की हुई बैठक

**बड़कागांव :** एल सी डी सी कार्यक्रम के तहत ब्लॉक लेवल टास्क फोर्स की बैठक प्रखंड मुख्यालय सभागार भवन में प्रमुख फुलवा देवी की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में एलसीडीसी (कुष्ठ निवारण कार्यक्रम )10 नवंबर से 26 नवंबर तक चलाया जाएगा। कार्यक्रम में सभी सहीया के साथ एक मेल वर्कर बड़कागांव क्षेत्र अंतर्गत सभी घरों में कुष्ठ रोगी की पहचान के लिए घर-घर जाएंगे। इस कार्य में सभी ग्रामीण स्वास्थ्य कार्यकर्ता का सहयोग करेंगे। प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अविनाश कुमार के द्वारा यह बताया गया कि कुष्ठ रोग की खोज पखवाड़ा में स्वास्थ्य कार्यकर्ता घरों में जाकर कुष्ठ के रोग की पहचान करेंगे और जिन लोगों को कुष्ठ संभावित रोगी हैं उनका इलाज कराकर कुष्ठ रोग से निजात दिलाना है। कुष्ठ रोग की पहचान शरीर में दाग सूनापन इसका लक्षण है। ऐसे लक्षण वाले रोगी दवा से ठीक हो सकते हैं। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल उप प्रमुख वचन देव प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अविनाश कुमार अंचलाधिकारी मनोज कुमार नितेश कुमार, आशीष कुमार पंचायत प्रतिनिधि मुखिया प्रतिनिधि शामिल थे।

### चलकुशा पुलिस ने सोशल मीडिया पर अफवाह ना फैलाने की अपील

**चालकुसा :** चलकुशा थाना प्रभारी सुर्यकांत कुमार ने चलकुशा थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया नेटवर्क पर किसी भी तरह का आपत्तिजनक पोस्ट ना करने कि अपील किया है। जिससे की किसी भी व्यक्ति के मान सम्मान पर ठेस ना पहुंचे। अन्यथा कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### ललिता देवी ने की चादरपोशी और शांति समृद्धि की कामना

**हजारीबाग :** पूर्व मंत्री सह जिला कांग्रेस के अध्यक्ष जय प्रकाश भाई पटेल की पत्नी ललिता देवी नें हजारीबाग के नवाबगंज स्थित हजरत मदाराशाह रहमतुल्लाह अलैह की दरगाह पर चादरपोशी की। इस दौरान उन्होंने देश, समाज, प्रदेश में भाईचारा, शांति और समृद्धि कि कामना की । मौके पर जिला कांग्रेस के मीडिया अध्यक्ष निसार खान नगर अध्यक्ष परवेज अहमद समाजसेवी मकसुद खान, कमाल कुरैशी कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष कृष्णदेव प्रसाद सिंह महासचिव बाबर अंसारी, दिलीप कुमार रवि, गालिब अहमद, अनिल कुमार भुईंया, मुस्ताक अंसारी, रियाजउद्दिन अंसारी, अनिल कुमार राय, रोहित कुमार मुन्ना भाई के अतिरिक्त कई कांग्रेसी तथा शहर के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### हजारीबाग यूथ विंग ने किया सांसद तीर्थ दर्शन यात्रियों का भव्य स्वागत

**हजारीबाग :** सांसद मनीष जायसवाल द्वारा संचालित सांसद तीर्थ दर्शन के अंतर्गत हजारीबाग से रवाना होने वाले तीर्थ यात्रियों के जत्थे का हजारीबाग यूथ विंग की ओर से भव्य स्वागत किया गया। ओकनी स्थित प्रस्थान स्थल पर संस्था के सदस्यों ने यात्रियों को अल्पाहार प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान सांसद मनीष जायसवाल स्वयं उपस्थित रहे। उन्होंने यात्रियों को सुखद, सफल एवं मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दीं और हजारीबाग यूथ विंग के सेवा कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा की। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि संस्था द्वारा किया जा रहा कार्य समाज में सहयोग और सेवा की भावना को मजबूत करने वाला है।

## संक्षिप्त खबरें

### जुगरा में विद्यार्थियों के बीच सोलर लैंप का किया गया वितरण



**बड़कागांव :** एनएमएल पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के द्वारा आज हाई स्कूल, जुगरा के कक्षा 10 के विद्यार्थियों के बीच सोलर लैम्प वितरण किया गया। यह पहल विद्यार्थियों को आगामी बोर्ड परीक्षा की तैयारी में सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है।सोलर लैम्प की सहायता से विद्यार्थियों को अब बिजली की अनुपलब्धता की स्थिति में भी निर्बाध रूप से अध्ययन करने में सुविधा होगी, जिससे उनकी तैयारी और बेहतर हो सकेगी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार ने इस सराहनीय पहल के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया और कहा कि यह प्रयास विद्यार्थियों के शैक्षणिक उत्थान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### डीएवी पब्लिक स्कूल में विजुअलाइजेशन के माध्यम से अनुभवात्मक शिक्षा पर विशेष शिक्षण कार्यक्रम आयोजित




**बरही :** डीएवी पब्लिक स्कूल, बरही में शनिवार को विद्यार्थियों के बीच एक विशेष शिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य था विजुअलाइजेशन के माध्यम से अनुभवात्मक शिक्षा को बढ़ावा देना, ताकि बच्चे पढ़ाई को केवल रटने के बजाय उसे देखकर, समझकर और महसूस करके सीख सकें। इस अवसर पर विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं में विद्यार्थियों को चित्रों, मॉडलों, वीडियो और वास्तविक जीवन के उदाहरणों के माध्यम से पाठ पढ़ाए गए। विज्ञान की कक्षा में बच्चों ने सौरमंडल का थ्री-डी मॉडल देखा, जबकि सामाजिक अध्ययन की कक्षा में उन्हें ऐतिहासिक स्थलों के वर्चुअल भ्रमण का अनुभव कराया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. आशुतोष कुमार मैढ़ ने बताया कि इस प्रकार की शिक्षण पद्धति विद्यार्थियों में रचनात्मकता, जिज्ञासा और गहन समझ को विकसित करती है। उन्होंने कहा कि दृश्य माध्यमों के जरिए सीखने से बच्चों में विषय के प्रति रुचि बढ़ती है और वे ज्ञान को लंबे समय तक याद रखते हैं। कार्यक्रम के समापन पर शिक्षकों ने अपने अनुभवों को चित्रों और प्रस्तुतियों के माध्यम से साझा किया। सभी शिक्षकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस पद्धति को विद्यालय में नियमित रूप से लागू किया जाना चाहिए। विद्यालय परिसर में उत्साहपूर्ण माहौल देखा गया। विद्यार्थियों ने भी कहा कि इस तरीके से पढ़ाई करना उन्हें अधिक रोचक और यादगार लगा।

### जेएलकेएम नेता कृष्णा यादव ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**बरही :** बरही विधानसभा निवासी झारखंड लोक क्रांति मोर्चा (जेएलकेएम) के केंद्रीय सचिव एवं बरही विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी कृष्णा यादव तथा केंद्रीय प्रवक्ता रविशंकर यादव ने घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने जनता से जेएलकेएम प्रत्याशी रामदास मुर्मू के कैंची छाप के पक्ष में मतदान करने की अपील की। जनसंपर्क के दौरान कृष्णा यादव ने कहा कि जेएलकेएम झारखंड के लोगों की असली आवाज है, जो जनहित और विकास के लिए संघर्षरत है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे रामदास मुर्मू को भारी मतों से विजयी बनाकर विधानसभा में भेजें, ताकि क्षेत्र में विकास की नई दिशा मिल सके।

### चाणक्या आईएएस एकेडमी में होगा मेगा स्कॉलरशिप टेस्ट, 100 प्रतिशत स्कॉलरशिप पाने का मौका



**हजारीबाग :** हजारीबाग कौशल्या प्लाजा स्थित चाणक्या आईएएस एकेडमी के हजारीबाग शाखा में मेगा स्कॉलरशिप टेस्ट का आयोजन किया जा रहा है। जहां 100 प्रतिश तक स्कॉलरशिप पाने का मौका झारखंड सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए है। यह टेस्ट 16 नवंबर 2025 को जेपीएससी मेगा स्कॉलरशिप टेस्ट के तौर पर आयोजित किया जाएगा। जिसके माध्यम से योग्य अभ्यर्थियों को 100 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी। इसकी जानकारी देते हुए जीएम रीमा मिश्रा ने बताया कि यह परीक्षा पूरी तरह से JPSC Prelims के आधिकारिक परीक्षा-पैटर्न के अनुरूप होगी। परीक्षा टउद पर आधारित होगी, जिसमें 100 प्रश्न होंगे और समय अवधि 90 मिनट निर्धारित है। अभ्यर्थी हिंदी और अंग्रेजी दोनों माध्यमों में परीक्षा दे सकेंगे। चाणक्या आईएएस एकेडमी के डायरेक्टर विनय मिश्रा,ने विद्यार्थियों के लिए कहा हमारा उद्देश्य सिर्फ कोचिंग देना नहीं, बल्कि योग्य और मेहनती अभ्यर्थियों को सही दिशा और अवसर उपलब्ध कराना है। आर्थिक बाधाएँ किसी भी प्रतिभा को रोक न पाए। यही इस स्कॉलरशिप टेस्ट का मूल उद्देश्य है। JPSC की तैयारी करने वाला हर अभ्यर्थी इस अवसर का लाभ अवश्य उठाए। जनरल मैनेजर रीमा मिश्रा ने कहा यह स्कॉलरशिप टेस्ट छात्रों की वास्तविक क्षमता का मूल्यांकन करेगा और योग्य छात्रों को उच्चस्तरीय मार्गदर्शन तथा बेहतर अध्ययन वातावरण प्रदान करेगा। हम हर उस छात्र के साथ हैं, जिसमें आगे बढ़ने की सच्ची इच्छा है।

## एक नजर

### रिम्स की चौथी मंजिल से युवक ने लगाई छलांग, हालत गंभीर

रांची : राजेन्द्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) की चौथी मंजिला से एक युवक ने छलांग लगाई है। उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती किया गया है। युवक की पहचान बुंडू थाना क्षेत्र निवासी जलधर मुंडा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, युवक अपनी पत्नी के साथ गोतनी (पति के भाई की पत्नी) की डिलीवरी कराने के लिए बुंडू से रिम्स आया था। इसी दौरान उसने अचानक चौथी मंजिल से छलांग लगा दी। फिलहाल छलांग लगाने के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। घटना के बाद अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी मच गई। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### रांची में पिकअप वैन की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौत

रांची : रांची के पुदांग ओपी क्षेत्र के मस्जिद टोला के समीप सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गयी। मृतक की शिनाख्त अबू रेहान अंसारी (22) के रूप में की गयी है। स्थानीय लोगों के अनुसार स्कूटी सवार रेहान को एक पिकअप वैन ने टक्कर मार दी। इससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। थाना प्रभारी ने बताया कि दुर्घटना में एक युवक की मौत हुई है। पिकअप वाहन और स्कूटी को जब्त कर लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### बरियातू में सड़क अतिक्रमण पर निगम की बुलडोजर कार्रवाई

रांची : नगर निगम ने शनिवार को बरियातू क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाते हुए सड़क किनारे किए गए कब्जों पर बड़ी कार्रवाई की। अभियान के दौरान निगम की टीम ने सड़क पर लगे गुमटी और ठेले जब्त किए तथा कई अवैध ढांचों को हटाया। निगम अधिकारियों ने बताया कि अतिक्रमण के कारण सड़क पर जाम और अव्यवस्था की स्थिति बन जाती थी, जिससे आम लोगों को आवाजाही में परेशानी हो रही थी। कार्रवाई के दौरान कई दुकानदारों को चेतावनी देते हुए छोड़ दिया गया है, साथ ही साफ तौर पर निर्देश दिया गया है कि दोबारा अतिक्रमण करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं, सड़क किनारे सामान बेचने वाले कुछ लोगों ने कहा कि निगम को पहले उन्हें वैकल्पिक जगह देनी चाहिए थी ताकि उनकी रोजी-रोटी प्रभावित न हो।नगर निगम ने साफ किया है कि शहर को जाम और अव्यवस्था से मुक्त करने के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### जीईएल चर्च में 1990 के बाद शुरू हुआ 'मॉडरेटर' युग

रांची : मेनरोड स्थित गोस्सनर एवेंजिकल लूथरन इन छोटानागपुर एंड असम चर्च ने एक सदी पूरी की है। इस दौरान कई बार सर्वोच्च (आसीन) पदों के नाम में परिवर्तन हुए। जीईएल चर्च में शुरुआत में सर्वोच्च पदों पर आसीन मुख्य व्यक्ति प्रेसिडेंट कहलाते थे। इसके बाद से प्रमुख अध्यक्ष हुए। वर्तमान में मॉडरेटर कहलाए। इस गौरवशाली यात्रा में समाज, शिक्षा और आस्था के क्षेत्र में गहरी छाप छोड़ी है। 1919 में पहले प्रेसिडेंट के चयन के साथ शुरू हुई। यह संस्था आज भी ईश्वरीय सेवा और सामाजिक विकास में कार्य कर रही है। जीईएल चर्च के पहले प्रेसिडेंट थे रेव्ह हनुक्काह लकड़ा गोस्सनर चर्च की बुनियाद रखने वाले पहले प्रेसिडेंट रेव्ह हनुक्काह लकड़ा थे, जिन्होंने 1919 से 1924 तक सेवा दी। उनके बाद रेव्ह जॉहन टोपनो (1924-1935), दाऊद कुजूर (1935-1939), रेव्ह लीक जोंसनोस (1939-1942), रेव्ह जुएल लकड़ा (1945-1954), रेव्ह हबील टोपनो (1954-1955) और रेव्ह जेम्स पॉल तिग्गा (1955-1960) ने चर्च का नेतृत्व संभाला।

# विद्यार्थियों के विकास के लिए शिक्षा और खेल का संतुलन जरूरी : शिल्पी नेहा तिर्की

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : संत अन्ना विद्यालय, मांडर के प्रांगण में इंटर स्कूल एथलीट मीट 2025 का शुभारंभ शनिवार को किया गया। साथ ही बेडो में लिवेंस एकेडमी, दिघिया के कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में रांची, गुमला और एमपी प्रोविंस के छात्रों ने हिस्सा लिया। उद्घाटन के अवसर पर कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि विद्यार्थियों के विकास के लिए शिक्षा और खेल का संतुलन बेहद आवश्यक है। खेल से न केवल शारीरिक विकास होता है, बल्कि मानसिक रूप से भी छात्र मजबूत बनते हैं। लंबे समय तक पुस्तकों का अध्ययन के बाद खेल से शरीर में नई ऊर्जा का संचार होता है और आत्मविश्वास बढ़ता है। मंत्री ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के ऑल राउंड डेवलपमेंट के लिए समय-समय पर होते रहने चाहिए। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। इसके बाद मंत्री बेड़ो प्रखंड स्थित लिवेंस एकेडमी दिघिया में आयोजित लिवेंस डे 2025 समारोह में शामिल हुईं। इस अवसर पर छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें बेटियों के समान अधिकार पर आधारित नाट्य प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केंद्र रही। संत अन्ना विद्यालय के कार्यक्रम में सिस्टर सुजाता कुजूर, फादर विपिन कंडुलना, सिस्टर सरोज एक्का, सिस्टर मेरी टोप्पो, सिस्टर प्रभा कुल्लू, सिस्टर ललिता, कांग्रेस नेत्री सेराफिना मिंज, जिला परिषद बेरोनिका, उप प्रमुख मुद्दसिर हक सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## खादगड़ा बस टर्मिनल स्थित निगम की जमीन से अवैध कब्जा हटाने के निर्देश



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : अपर प्रशासक संजय कुमार ने आज भगवान बिरसा मुंडा बस टर्मिनल, खादगड़ा स्थित नगर निगम की जमीन और आश्रय गृह का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पता चला कि निगम की 28 डिसमिल जमीन पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा है और अस्थायी निर्माण किया गया है। इस पर अपर प्रशासक ने कब्जाधारियों को खुद से जगह खाली करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने निगम की इनफोर्समेंट टीम को जल्द कार्रवाई कर जमीन को अतिक्रमण मुक्त करने और वहाँ प्रस्तावित मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी केंद्र का काम शुरू करने का निर्देश दिया। इसके बाद उन्होंने बिरसा मुंडा बस टर्मिनल परिसर में बने आश्रय गृह का भी निरीक्षण किया। महिला आश्रय गृह में अनियमितता मिलने पर उन्होंने संबंधित संचालक से स्पष्टीकरण मांगा और अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी आश्रय गृहों को ठंड के मौसम को देखते हुए चालू रखा जाए। साथ ही वहाँ साफ-सफाई और जरूरी सुविधाओं की सही व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान सहायक प्रशासक राहुल यादव, नगर प्रबंधक और निगम के अन्य कर्मी मौजूद रहे।

## तमाड़ प्रखंड सह अंचल कार्यालय का उपायुक्त ने किया औचक निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : रांची के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजन्त्री ने आज तमाड़ प्रखंड सह अंचल कार्यालय का अचानक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कर्मचारियों की उपस्थिति, फाइलें, योजनाओं की स्थिति और लोगों की शिकायतों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पूरे जिले में ऐसे औचक निरीक्षण आगे भी होते रहेंगे। उपायुक्त ने कहा कि कार्यालय में किसी भी बिचौलिये की भूमिका नहीं होनी चाहिए। अगर कोई व्यक्ति जनता और अधिकारियों के बीच बिचौलिये का काम करता पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कर्मचारियों को निर्देश दिया कि भूमि से जुड़े मामलों का समय पर निपटारा करें, ताकि आम लोगों को बार-बार दफ्तर के चक्कर न लगाने पड़ें। अगर शिकायत मिली तो तुरंत कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कार्यालय आए लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनता की शिकायतों का जल्द और पारदर्शी समाधान करें। उन्होंने कहा कि वृद्धा, विधवा और दिव्यांग पेंशन जैसी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। अगर कोई वंचित है तो उसका नाम जोड़ा जाए। उपायुक्त ने कहा कि अबुआ आवास योजना के लाभुकों को समय पर पैसा दिया जाए, ताकि वे जल्द अपना घर बना सकें। उन्होंने कार्यालय परिसर का निरीक्षण करते हुए कहा कि सरकारी कार्यालय साफ-सुथरे और व्यवस्थित होने चाहिए। तमाड़ कार्यालय में सफाई पर खास ध्यान देने को कहा गया। उपायुक्त ने हाईवे निर्माण के लिए ली गई जमीन का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीओ किस्टो बेसरा, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी केके। राजहंस, उप समाहर्ता भूमि सुधार छवि बाला बारला, अंचल अधिकारी बुण्डू हंस हेमरोम, प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी, अंचल अधिकारी तमाड़ समरेश भंडारी समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## शिशु मृत्यु दर में कमी लाने की जरूरत : डॉ राजेश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक (आईएपी) रांची की ओर से 24वां झारखंड पेडिकॉन के दूसरे दिन शनिवार को ओरमांझी स्थित विनायक इको रिसॉर्ट में सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में डॉ राजेश कुमार (बालपन) ने कहा कि नवजात शिशुओं में मृत्यु दर घटाना आज की सबसे बड़ी चुनौती है। उन्होंने बताया कि प्रति 1000 शिशुओं के जन्म पर 14 शिशुओं की मृत्यु हो जाती है, जो गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने जन्म के तुरंत बाद शिशु को गर्म रखने, नाभि की साफ-सफाई, सुरक्षित कटाई और मातृत्व के प्रथम दूध के सेवन को अनिवार्य बताया। डॉ कृष्ण कुमार ने कहा कि समय के साथ नवजातों के इलाज की तकनीक में क्रांतिकारी बदलाव आए हैं। पहले जहां दवाओं को चूर्ण बनाकर दिया जाता था, अब वेंटिलेशन जैसी उन्नत तकनीक से इलाज किया जा रहा है। डॉ श्याम सुंदर सिडाना ने कहा कि एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) चिकित्सा जगत में क्रांति ला रहा है, लेकिन डॉक्टर की निगरानी और सटीक निर्देश देना जरूरी है, अन्यथा एआई गलत दिशा में भी परिणाम दे सकता है। हैदराबाद की डॉ अपर्णा ने नवजात शिशुओं में संक्रमण और इनसेप्सनस के लक्षणों पर विस्तार से चर्चा करते हुए अनावश्यक एंटीबायोटिक उपयोग से बचने की सलाह दी। वहीं डॉ अभिषेक रंजन ने थैलेसीमिया, डॉ केएस दास ने संक्रमण, और डॉ अभिषेक झा ने नवजात कैंसर के आपातकालीन इलाज की जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ. राजीव मिश्रा, डॉ शैलेश, डॉ अनिताभ कुमार, डॉ रतन कुमार, डॉ निशांत पाठक, डॉ हेमंत, डॉ अजीत सहाय सहित देशभर के कई डॉक्टर मौजूद थे।

## 177वां श्री श्याम भंडारा का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आज 177 वा श्री श्याम भंडारा का भव्य आयोजन किया गया। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका महामंत्री गौरव अग्रवाल निर्वतमान अध्यक्ष सुरेश सरावगी निर्वतमान महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया कोषाध्यक्ष मनोज खेतान उपाध्यक्ष अशोक लड़ियां वरिष्ठ कार्यकारणी सदस्य श्याम सुंदर शर्मा एवं राकेश रंजन कुमारी मधु सौरभ राज सृष्टि प्रिया ने संयुक्त रूप से श्री श्याम भोग का भजन गायन किया । उपस्थित सैकड़ो भक्तों ने आओ आओ भोग लगाओ बाबा श्याम जी रुच रुच भोग लगाओ बाबा श्याम जी के स्वर में स्वर मिलाकर भक्ति भावना से ओत प्रोत होकर ठाकुर जी से भोग स्वीकार करने का अनुरोध किया। खाटूनरेश बजरंगबली शिव परिवार लड्डू गोपाल जी शालिग्राम जी गरुड़ जी गुरुजनों का भोग लगाकर महाप्रसाद को विशाल भंडारे में मिश्रित किया गया। राकेश रंजन कुमारी मधु ने सर्वप्रथम मंदिर के आचार्यों को भोग प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। भंडारे का समय होते-होते श्री श्याम मंदिर परिसर भक्तों से भर गया एवं हरमू रोड में भक्तजनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई। खाटूनरेश की जय जयकारों से पूरा हरमू रोड गूंज रहा था। प्रथम देव श्री गणेश जी महाराज की जय जयकारों के बीच श्री श्याम भंडारे का प्रसाद वितरण प्रारंभ किया गया।

# झारखंड के पूर्व डीजीपी अनुराग गुप्ता के पूरे कार्यकाल की जांच कराने का साहस दिखाएं मुख्यमंत्री : बाबूलाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : झारखंड में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य के तत्कालीन पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग गुप्ता को लेकर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन पर निशाना साधा है। उन्होंने डीजीपी के खिलाफ जांच करवाने की मांग भी की है। बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन जी, अनुराग गुप्ता जैसा भ्रष्ट पुलिस महानिदेशक झारखंड बनने के बाद राज्य में कभी नहीं बना था। एक वीडियो का हवाला देते हुए उन्होंने कहा, सोशल मीडिया पर घूम रहा यह वीडियो न्यूज किसी विरोधी दल के नेता का नहीं, बल्कि आपके साथ सरकार में शामिल प्रमुख राजनीतिक दल कांग्रेस के एक पूर्व मंत्री का है, जो अवैध डीजीपी अनुराग गुप्ता को पद से हटाने के कई दिनों पहले का है। उन्होंने लिखा, यह तो एक सैम्पल है। जब सत्ताधारी दल का व्यक्ति भी किसी अधिकारी पर भ्रष्टाचार के इतने गंभीर आरोप लगा रहा है, तो ये सहज समझा जा सकता है कि उसने कैसे और कितने एक से बढ़कर एक भ्रष्टाचार और अपराध किये होंगे। सुना तो यह भी जा रहा है कि जिस अवैध डीजीपी को आपने भस्मासुर बनने का आशीर्वाद दिया था, उसने आपको ही जलाने के इंतजाम करने का काम फिर से शुरू कर दिया है। मरांडी ने अपने पोस्ट के माध्यम से कहा, भले ही आप थोड़ी देर के लिए बच गए हैं, लेकिन जनता अभी भी आपकी कार्रवाई से संतुष्ट नहीं है। ऐसा लगता है कि आपने सांप भी मर जाए और लाठी भी न टूटे का फॉर्मूला अख्तियार किया है। मुख्यमंत्री जी,जनता बहुत समझदार होती है नेता प्रत्पक्ष ने कहा, लगातार मेरे द्वारा अवैध डीजीपी के खिलाफ आवाज उठाने पर भी आपके ऊपर कोई फर्क नहीं पड़ रहा था। सदन से सड़क तक आवाज उठाई गई, लेकिन आप अपनी जिद्द पर अड़े रहे। मामला न्यायालय तक गया, लेकिन आप हठ पर अड़े रहे और जब आपका पाला पोसा हुआ ये अपराधी प्रवृत्ति का आदमी अंदर-अंदर आपका ही कब्र खोदने लगा, तो आपकी नींद खुली है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, मुख्यमंत्री जी, ऐसे तो नदी में बहुत पानी बह चुका है, लेकिन थोड़ी बहुत अगर पद की गरिमा और साख की चिंता आपको है, तो अवैध डीजीपी रहे अनुराग गुप्ता के कार्यकाल की उच्चस्तरीय जांच कराने की हिम्मत दिखाइए। जनता आपसे यह चाहती है। जिस अवैध डीजीपी को इस्तीफा देने की नौबत आ गई, उसे आप इतनी आसानी से भयमुक्त कैसे कर देंगे? बाबूलाल ने कहा कि झारखंड की ब्यूरोक्रेसी में अच्छे अफसर भी भरे पड़े हैं। इन सबों के बीच इस बात की चर्चा है कि झारखंड में राज्य सेवा से लेकर कई भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी भ्रष्टाचार के लिये जेल की हवा खा चुके हैं, लेकिन एक भी भ्रष्टाचारी भारतीय पुलिस सेवा या पुलिस के अधिकारी पर न तो कार्रवाई हुई, न ही कोई जेल गया, जबकि अगर ठीक से जांच हो जाय, तो उजागर हो जायेगा कि कुछ पुलिस अधिकारियों ने राज्य में भ्रष्टाचार का कैसा-कैसा कीर्तिमान बना रखा है।

## संक्षिप्त खबरें

### राज्यपाल ने दी पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को जन्मदिन की बधाई



रांची : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने पूर्व उप प्रधानमंत्री भारत रत्न लालकृष्ण आडवाणी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल ने सोशल मीडिया एक्स पर शनिवार को लिखा है कि राष्ट्र निर्माण में आपका योगदान अविस्मरणीय है। आपके आदर्श एवं जीवन-मूल्य सदैव देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेंगे। ईश्वर से आपके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीघार्यु की कामना करता हूं।

### सीसीएल में आयोजित दो दिवसीय सतर्कता महोत्सव-2025 का भव्य समापन




रांची : सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) में आयोजित दो दिवसीय सतर्कता महोत्सव-2025 के अंतिम दिन, बड़ी संख्या में सीसीएल विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों तथा विश्वविद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं ने आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। अंतिम दिन ह्यफेस पेंटिंग एवं सोलो सॉन्ग प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें राँची के विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों से आए प्रतिभागियों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर अपनी कला और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों ने देशभक्ति गीत के द्वारा देशप्रेम एवं अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। वही चेहरे पर कलाकृति बनाकर सत्यनिष्ठा एवं ईमानदारी का संदेश दिया । कार्यक्रम का समापन समारोह में मुख्य अतिथि सीवीओ श्री पंकज कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि सीसीएल में स्थानीय, स्कूली बच्चों को मंच मिले, साहस मिले यही हमारा प्रयास है। हर पीढ़ी का यह दायित्व है कि वह आने वाली पीढ़ी को और स्वच्छ तथा बेहतर माहौल दे।उन्होंने कहा की हमारा उद्देश्य है की आप सभी के माध्यम से सतर्कता का संदेश जन जन तक पहुँचे इस अवसर के समापन समारोह में आयोजित लाइव पेंटिंग वर्कशॉप में विभिन्न राज्यों से आए कलाकारों को सम्मानित किया गया। साथ ही रंगोली, फेस पेंटिंग, स्ट्रीट पेंटिंग एवं सोलो सॉन्ग प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रमाणपत्र, मेडल एवं ट्रॉफी प्रदान किए गए।

### राणी सती मंदिर में मंगसीर बदी नवमी महोत्सव 10 से, शोभायात्रा 11 को

रांची : मंगसीर बदी नवमी महोत्सव का आयोजन 10 नवंबर से 13 नवंबर तक धूमधाम से श्री राणी सती मंदिर में मनाया जाएगा। 10 नवंबर को जल संचय प्रात: 5 बजे, गणेश पूजन और ध्वजा पूजन प्रात: 7 बजे एवं हवन दोपहर 3 बजे से होगा। 11 नवंबर को भव्य शोभायात्रा मंदिर प्रांगण से प्रात: 10 बजे निकाली जाएगी। 12 नवंबर को अखंड ज्योत सुबह 7 बजे, मंगला पाठ सुबह 8:30 बजे, सुंदरकांड दोपहर एक बजे, भजन संकीर्तन संध्या 5 बजे, चुनरी उत्सव संध्या 7 बजे और अष्टमी जागरण रात्रि 11 बजे से 1 बजे तक आयोजित होगा। 13 नवंबर को मंगला आरती, भव्य श्रृंगार, पूजा-अर्चना सुबह 5 बजे से, छप्पन भोग और सवामनी भोग प्रात: 6 बजे से, नवमी जागरण रात्रि 7 बजे से 8 बजे तक, महाआरती रात्रि 8 बजे एवं समापन आरती रात्रि 9 बजे होगी। महोत्सव संयोजक बिमल झुनझुनवाला ने बताया कि जिन दादी भक्तों को निशान यात्रा व मंगल पाठ का कार्ड चाहिए, वे मंदिर प्रांगण में आकर प्राप्त कर सकते हैं। इस वर्ष विशेष रूप से पश्चिम बंगाल पुरुलिया की सुप्रसिद्ध भजन गायिका शीतल कटारुका रांची आ रही हैं। सह संयोजक दिनेश टेकरीवाल और राजेश जालान ने शनिवार को यह जानकारी दी।

### आरयू एवं डीएसपीएमयू में एक व्यक्ति - एक पद नीति तत्काल लागू की जाए : एनएसयूआइ



रांची : शनिवार को एनएसयूआइ प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष अक्षय महतो एवं डीएसपीएमयू अध्यक्ष आर्यन कुमार के नेतृत्व में रांची विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. गुरुचरण साहू एवं डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉ.धनंजय वासुदेव द्विवेदी से वार्ता कर मांगपत्र सौंपा। प्रदेश उपाध्यक्ष अमन अहमद ने कहा कि राजभवन के आदेश के बाद भी अभी तक एक व्यक्ति एक पद नीति लागू नहीं की गई है । महामहिम के आदेश को ताक पर रखखा गया है और उनके आदेशों का पालन नहीं करना उनकी पद की गरिमा पर हमला है, उनके आदेशों की अहवेलना है। रांची विश्वविद्यालय और डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में कैसे कई पदाधिकारी है एवं प्रोफेसर है जो 3/4 पद पर बने हुए है । वैसे पदाधिकारी एवं प्रोफेसर लोग अपने स्पेशलाइजेशन विषय पर ध्यान आकृष्ट नहीं कर पाते है, जिसके कारण छात्र छात्राओं को पढ़ाई में एवं अन्य कल्चरल कार्यक्रमों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसके कारण प्रशासनिक व्यवस्था अस्त व्यस्थ हो गई है और इससे अकादमिक कार्य भी काफी प्रभावित हुए है और हो रहे है। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने आरयू एवं डीएसपीएमयू विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग कि तत्काल एक व्यक्ति एक पद नीति को लागू किया जाए और जिन जिन पदाधिकारीयों एवं प्रोफेसरों के पास 3/4 पद है उन्हें पद से हटाया जाए और एवं इच्छा अनुसार अन्य नए लोगों को पदभार दिया जाए ताकि शैक्षिनिक कार्य अच्छे से चल सके एवं छात्रों को समस्याएं न हो, अन्यथा भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन चरणबद्ध आंदोलन करेगी। मौके पर महानगर उपाध्यक्ष गुलशन सिंह, जिला उपाध्यक्ष मनीषा गाड़ी, जिला सचिव आराधना गाड़ी, नीलम लकड़ा, अमृता उरांव, अश्विन राज, टोप्पो, अंकित एक्का, संतोष उरांव आदि छात्र शामिल थे ।

### रांची में अंडर-19 बालक व बालिका क्रिकेट ओपन ट्रायल 12 को

रांची: स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार के तहत झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से खेलो झारखंड कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य स्तरीय अंडर-19 बालक एवं बालिका क्रिकेट ओपन ट्रायल का आयोजन 12 नवंबर 2025 को किया जाएगा. यह ट्रायल साउथ रेलवे कॉलोनी मैदान, चुटिया, रांची में सुबह 8:00 बजे से शुरू होगा। चयनित खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर की स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता में झारखंड का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा।


एक नजर

## मॉडर्न पब्लिक स्कूल ने दर्ज की शानदार जीत



**कोडरमा :** कोडरमा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में खेले जा रहे रोटरी कोडरमा इंटर स्कूल क्रिकेट टूनार्मेंट में मॉडर्न पब्लिक स्कूल की टीम ने शानदार जीत दर्ज करते हुए सेंट जेवियर स्कूल को 151 रन से पराजित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मॉडर्न पब्लिक स्कूल ने 22.1 ओवर में सभी विकेट खोकर 201 रन बनाए। मॉडर्न की और से राहुल ने 47, हार्दिक ने 29 और कुमार अनुराग ने 18 रन का योगदान दिया। जवाब में सेंट जेवियर स्कूल की टीम 50 रन पर सिमट गयी और मॉडर्न पब्लिक स्कूल ने शानदार जीत दर्ज की। मॉडर्न पब्लिक स्कूल के राहुल आर्यन को शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। छात्रों की इस शानदार सफलता पर विद्यालय की निदेशिका संगीता शर्मा एवं प्राचार्य गुरु चरण वर्मा ने छात्रों तथा उनके कोच शिक्षक पवन कुमार को शुभकामनाएं देते हुए आगामी मैच के लिए शानदार प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया।

## जरिडीह थाना क्षेत्र में बंद पड़े क्रेशर से 60 लाख की अवैध शराब बरामद



**बोकारो :** जरिडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत एक बंद पड़े क्रेशर से उत्पाद विभाग ने भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की है। उत्पाद विभाग की टीम ने छापेमारी कर करीब 1100 पेटी विदेशी शराब जब्त की, जिसकी बाजार में अनुमानित कीमत करीब 60 लाख रुपये बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, क्रेशर परिसर में कई खराब गाड़ियां खड़ी थीं, लेकिन एक वाहन सही स्थिति में पाई गई। जब टीम ने वाहन की तलाशी ली तो उसमें शराब की पेटियां भरी मिलीं। हर बोतल पर 500 रुपये का दाम अंकित था। इस संबंध में उत्पाद निरीक्षक विजय पाल ने बताया कि प्राथमिक जांच में यह स्थान लंबे समय से बंद पड़ा पाया गया है। अब शनिवार को अंचल अधिकारी से संपर्क कर यह जानकारी ली जाएगी कि उक्त क्रेशर का मालिक कौन है और वहां शराब भंडारण कैसे हुआ। टीम ने जब्त वाहन और शराब को थाना परिसर में लाकर सील कर दिया है। पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क की जांच में जुट गई है ताकि यह पता चल सके कि इतने बड़े पैमाने पर अवैध शराब कहां से लाई गई और किसे सप्लाई की जानी थी।

## फुटपाथ विक्रेता को जुर्माना लगाना गलत है, पहले उन्हें स्थायी जगह दी जानी चाहिए : सईद नसीम

**कोडरमा :** कांग्रेस नेता साईद नसीम ने लगातार फुटपाथ या सड़क के किनारे ठेला लगा कर रोजी रोटी कमाने वालों पर जुमार्ना लगाए जाने को गलत बताया उन्होंने कहा कि फुटपाथ विक्रेताओं को जुमार्ना लगाने से पहले उन्हें स्थायी जगह देना जरूरी है। ये लोग अपना पेट भरने के लिए सड़क पर उतरते हैं, और उन्हें सजा देने से उनकी समस्या हल नहीं होगी। सरकार के साथ स्थानीय प्रशासन को उनके लिए उचित व्यवस्था करनी चाहिए, ताकि वे सम्मानपूर्वक अपना जीवन चलाएं। उन्होंने कहा कि जुमार्ना समस्या का हल नहीं है, बल्कि स्थायी समाधान निकालना जरूरी है। प्रशासन को फुटपाथ विक्रेताओं के लिए उचित व्यवस्था करनी चाहिए, ताकि वे अपना व्यवसाय कर सकें रोजी रोटी कमा सके सईद नसीम ने जोर देते ठेला और सब्जी वाले भी अपना गुजारा करते हैं।

# पर्यावरण संरक्षण का संदेश लेकर भोगनाडीह से बोकारो पहुंची 'जस्ट ट्रांजिशन यात्रा'

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बोकारो :** झारखंड में सिदो, कान्हु की भूमि से शुरू हुई जस्ट ट्रांजिशन यात्रा शनिवार के बोकारो के बिरसा चौक पहुंची। इस दौरान भगवान बिरसा मुंडा के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात यात्री में शामिल सभी सादस्यो को फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया !भोगनाडीह से शुरू हुई यह यात्रा धनबाद होते हुए बोकारो, बेरमो, स्वांग बहादुरपुर तक पहुंची। बोकारो बिरसा चौक में आयोजित कार्यक्रम का संबोधित करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता अधिक को मापने कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण जनमानस काफी प्रभावित है और इस संकट से मुक्ति हम सभी के सहयोग से ही संभव है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए पर्यावरणविद गुलाब चंद्र ने कहा कि सारथी झारखंड जस्ट ट्रांजिशन नेटवर्क के बैनर तले आयोजित इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य हरित और समावेशी विकास को लेकर लोगों में जागरूकता फैलाना है। इस मौके पर वक्ताओं गौतम सागर, मुन्ना झा , महावीर कुमार, विनय कुमार ने कहा कि हमारे आसपास के पर्यावरण के लिए लोगों को खुद की सचेत होना होगा और उसे बचाने के प्रयास करने होंगे।

यात्रा के सारथियों ने कहा कि 'जल, जंगल, जमीन ही हमारा साझा भविष्य है। इनका संरक्षण भविष्य का संरक्षण है। सारथी बोकारो में गौतम सागर ने जलवायु परिवर्तन की गंभीरता के बारे में बताते हुए कहा कि हाल ही में बेमौसम बारिश के कारण फसलों को काफी नुकसान हुआ। यह पर्यावरण के साथ हो रही छेड़छाड़ का ही नतीजा है, जिसे समय रहते समझने की जरूरत है। इस क्षेत्र में पिछले कई सालों से सुखाड़ की स्थिति है। उन्होंने कोयला से बचने और पर्यावरण सुरक्षा को लेकर तथा आजीविका को लेकर बातें रखीं।

## कुकडू में हाथियों का कहर, एक दर्जन हाथियों का झुंड सीरूम जंगल में डाला डेरा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़ :** कुकडू प्रखंड क्षेत्र के सीरूम जंगल में एक दर्जन हाथियों ने डेरा जमाए हुए हैं। अलग-अलग झुंड में बंटकर हाथियों का झुंड शाम ढलते ही गांवों के खेतों की ओर कुच कर जाते हैं और खड़ी धान की फसलों को अपना निवाला बनाते हैं, जिससे तैयार धानों को बचाने का किसान जद्दोजहद में रात गुजारने को मजबुर है। शनिवार की सुबह को भी सीरूम तिरूलडीह सड़क पर एक हाथी को बिचरण करते देखे गए। कुछ देर के लिए सड़क पर आवागमन भी बाधित रहा। ग्रामीणों का कहना है कि तैयार धानों को हाथियों का झुंड निवाला बना रहे हैं। दिन को भी सड़क पर आ जाते हैं, जिससे भय का माहौल उत्पन्न हो गया है। ग्रामीणों का वन विभाग से मांग है कि हाथियों को सुरक्षित स्थानों पर भगाया जाय और ग्रामीणों को राहत दिलाया जाय ।खेतों में धान तैयार होने के बाद लोग हाथियों से खासे परेशान हैं।

## रोटरी कोडरमा इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में झारखंड पब्लिक स्कूल की आसान जीत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में खेले जा रहे हैं रोटरी कोडरमा इंटर स्कूल क्रिकेट टूनार्मेंट में शनिवार को दो मैच खेले गए। पहला मैच चंदवारा स्थित पुलिस लाइन ग्राउंड में झारखंड पब्लिक स्कूल और संस्कार इंटरनेशनल स्कूल के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए संस्कार इंटरनेशनल स्कूल ने 33.4 ओवर में अपने सभी विकेट खोकर 139 रन बनाए। जिसमें अभिजीत कुमार 25रन, रमेश कुमार 46 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए झारखंड पब्लिक स्कूल की ओर से अयान कुमार ने 4 विकेट प्रिंस कुमार ने दो विकेट और शिवम प्रतीक और अश्विन ने एक-एक विकेट लिए। बाद में बल्लेबाजी करने उतरी झारखंड पब्लिक स्कूल की टीम ने 19.1 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर जीत दर्ज कर ली। जिसमें मोहम्मद फरहान अली ने 58 रन और शिवम कुमार ने 22 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए संस्कार इंटरनेशनल स्कूल की ओर से सत्यम ने एक विकेट लिए । बेहतर खेल के लिए अयान कुमार को मैन ऑफ द मैच दिया गया। वहीं दूसरा मैच सी एच हाई स्कूल ग्राउंड में आरपी मोदी स्कूल और ग्रिजली विद्यालय के बीच खेला गया। आरपी मोदी स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 27.1 ओवर में अपने सभी विकेट होकर 138 रन बनाए। जिसमें अंकित ने 41 रन शक्ति ने 16 रन और श्री कांत ने 14 रन का योगदान दिया।




## रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ की बड़ी कार्रवाई, महिला चोर गिरोह का पदार्फाश, सात लाख के जेवरात बरामद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** रेलवे सुरक्षा बल बोकारो और जीआरपी की संयुक्त टीम ने दो महिला चोर को गिरफ्तार कर सात लाख रुपये मूल्य के सोने के जेवरात बरामद किए हैं। यह कार्रवाई 25 अक्टूबर को बोकारो रेलवे स्टेशन प्लेटफॉर्म संख्या 2 पर हुई चोरी की घटना के खुलासे के बाद सामने आई है।शनिवार को आरपीएफ पोस्ट बोकारो में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि गया जिले के इमामगंज थाना क्षेत्र के कुंजेसर गांव निवासी मधू कुमारी और उनके पति राजू कुमार से सोने के जेवरों से भरा डिब्बा दो अज्ञात महिलाओं ने एस्केलेटर पर चढ़ने के दौरान चोरी कर लिया था। घटना के तुरंत बाद पीड़ित दंपति ने आरपीएफ पोस्ट में शिकायत दर्ज कराई थी।मंडल सुरक्षा आयुक्त (आरपीएफ) आद्रा ओम प्रसाद मोहंती के निर्देश पर पोस्ट कमांडेंट संतोष कुमार के नेतृत्व में गठित जांच टीम ने मामले की तहकीकात शुरू की। स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज की जांच में दो संदिग्ध महिलाओं की पहचान की गई। करीब 15 दिनों की लगातार जांच और छापेमारी के बाद टीम ने मुख्य अभियुक्त को डेहरी-ऑन-सोन से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी महिला ने अपना अपराध स्वीकार कर बताया कि उसने अपनी ननद कांची देवी के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। दोनों माला बेचने के बहाने जनशताब्दी एक्सप्रेस से चंद्रपुरा से बोकारो तक यात्रा कर रही थीं। बोकारो स्टेशन पर भीड़ का फायदा उठाकर उन्होंने एस्केलेटर पर चढ़ती महिला के पर्स से जेवरों का डिब्बा निकाल लिया था। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर धनबाद जिले के महुदा बाजार स्थित घर से मंगलसूत्र, दो चैन, अंगूठी और झुमके बरामद किए हैं।जब्ती की कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूरा होने पर आरपीवाई बीएड कॉलेज में वंदे मातरम का किया गया सामूहिक गान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**कोडरमा :** रमेश प्रसाद यादव शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राष्ट्रभक्ति, एकता और सांस्कृतिक गौरव से सराबोर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. लक्ष्मी सरकार उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती की छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर व द्वीप प्रज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात संगीत शिक्षिका खामा रानी महतो के सुर में सुर मिलाकर सभी उपस्थित लोगों ने वंदे मातरम का सामूहिक गान किया गया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बताया कि, वंदे मातरम् की रचना बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने 7 नवंबर 1875 को की थी। इसी उपलक्ष्य में आज देशभर के 150 ऐतिहासिक स्थलों दिल्ली के नेशनल वॉर मेमोरियल से लेकर अंडमान-निकोबार की सेल्यूलर जेल तक सामूहिक रूप से वंदे मातरम् का गायन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि, यह गीत केवल संगीत की रचना नहीं, बल्कि भारत की पहचान, गौरव और आत्मसम्मान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि, स्वतंत्रता संग्राम के दौरान सभी क्रांतिकारियों ने वंदे मातरम् को अपने संघर्ष का मूल मंत्र माना और राष्ट्र के लिए अपना सर्वस्व समर्पित किया। यह दिवस हमारे लिए भी संकल्प का दिन है, जिसमें हमें अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा से निभाने का प्रण लेना चाहिए, तभी हम इस गीत के मूल भाव को आत्मसात कर सकेंगे। मंच संचालन सहायक प्राध्यापक डॉ. संजीव कुमार ने किया, जिन्होंने वंदे मातरम् के ऐतिहासिक महत्व और उसके विभिन्न पहलुओं पर विस्तार एवं सारगर्भित चर्चा की।

# बोकारो एयरपोर्ट संचालन की दिशा में बड़ी पहल, अवैध बूचड़खानों पर चला बुलडोजर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** शनिवार को आखिरकार प्रशासन और बीएसएल प्रबंधन की निंद्रा टूटी और बोकारो एयरपोर्ट की परिचालन को लेकर अतिक्रमण हटाने की पहल को अमली जामा पहनाया गया। बोकारो एयरपोर्ट से हवाई सेवा आरंभ करने में सबसे बड़ी बाधा बने हवाईअड्डा से सटे अवैध बूचड़खानों पर शनिवार को जिला प्रशासन के नेतृत्व में बोकारो इस्पात प्रबंधन ने अतिक्रमण हटाओ अभियान की शुरूआत की। ज्ञात हो बोकारो एयरपोर्ट परिचालन के लिए तैयार है। लेकिन बूचड़खाने , सातनपुर पहाड़ी पर लाइट सहित अन्य माइनर आहर्ता के अधूरे रहने के कारण एटीएस द्वारा बोकारो एयरपोर्ट से उड़ान के दी जाने वाली मंजूरी अटकी पड़ी है। शनिवार को अतिक्रमण हटाने के संदर्भ में दूंदीबाद के पास स्थित कुल 29 अवैध बूचड़खानों को पहले ही बोकारो इस्पात प्रबंधन द्वारा नोटिस जारी कर स्वयं दुकानें हटाने का निर्देश दिया गया था। प्रशासनिक टीम के मौके पर पहुंचने से पहले कई दुकानदारों ने अपनी दुकानें स्वयं ही हटा ली थी। जबकि निर्धारित समय के बाद भी जिन लोगों ने अतिक्रमण नहीं हटाया, उनकी दुकानों पर बुलडोजर चला दिया गया। अभियान के दौरान दंडाधिकारी के नेतृत्व में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था, जिससे किसी भी प्रकार का विरोध या अप्रिय स्थिति उत्पन्न नहीं हुई। प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि यह कदम हवाईअड्डे से उड़ान सेवा शुरू करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। हालांकि, हवाईअड्डा परिसर के आसपास अब भी कुछ अतिक्रमण मौजूद हैं, जिन्हें हटाने की प्रक्रिया आगे भी जारी रहेगी। पूरा इलाका अतिक्रमण मुक्त होने के उपरांत ही हवाई सेवा संभव हो पाएगा।

संक्षिप्त खबरें

## धर्म प्रमाण पत्र बनाने के लिए दिए गए आवेदन की जांच के दौरान बड़ी गड़बड़ी आई सामने




**मरकच्चो :** प्रखंड के अंचल कार्यालय में धर्म प्रमाण पत्र बनाने के लिए दिए गए आवेदन की जांच के दौरान बड़ी गड़बड़ी सामने आई है। जांच में पाया गया कि आवेदक के द्वारा प्रस्तुत जाति प्रमाण पत्र और आय प्रमाण पत्र फर्जी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रखंड के अंचल अधिकारी परमेश्वर कुशवाहा ने संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध एफ आई आर दर्ज करने के लिए आवेदन दिए हैं। दिए गए आवेदन में सीओ मरकच्चो परमेश्वर कुशवाहा ने बताया है कि अरुण कुमार यादव पिता पुना यादव ग्राम लालगढ पंचायत महूंगाय थाना मरकच्चो के द्वारा धर्म प्रमाण पत्र निर्गत करने को ले आवेदन दिया गया था। आवेदन के जांच में पाया गया कि अरुण कुमार यादव के द्वारा स्वभिप्रमानित जाति प्रमाण पत्र संख्याJHNBC/2023/20821 तारीख 25 -2-23 तथा स्वअभिप्रमाणित आय प्रमाण पत्र संख्याJHIC/2023/16747 तारीख 24-2-23 है। जिसमें मरकच्चो अंचलाधिकारी नरेश कुमार वर्मा का हस्ताक्षर है जो फर्जी है। उन्होंने बताया कि 2023 में अंचलाधिकारी के पद पर मरकच्चो राम सुमन प्रसाद थे। नरेश कुमार वर्मा अंचलाधिकारी मरकच्चो के पद पर नहीं थे।

## दो पक्षों मे हुई जमकर मार-पीट मे एक महिला गंभीर रूप से घायल, रिम्स रेफर



**मरकच्चो :** नवलशाही थाना क्षेत्र के धरगांव मे शुक्रवार देर रात दो पक्षों मे हुई जमकर मार - पीट मे एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई है। घायल महिला की पहचान कौशल्या देवी पति रमेश्वर तुरी उम्र 37 वर्ष के रूप मे हुई है। मार-पीट के घायल महिला को आनन - फानन मे सदर अस्पताल कोडरमा ले जाया गया जहाँ डॉक्टर ने प्राथमिकी उपचार के बाद रिम्स रेफर कर दिया' लेकिन पैसा के आभाव के कारण परिजनों ने रिम्स नहीं ले जाकर घर ले आया। शनिवार को घायल महिला कौशल्या की पुत्री ने नवलशाही थाना मे आवेदन दिया है। दिए गए आवेदन मे कहा गया है की संजय तुरी पिता रमन तुरी और इनका पत्नी सोनिया देवी पति संजय तुरी ने मिलकर मेरे साथ मारपीट करने लगे इसी दौरान मेरी माँ कौशल्या देवी मुझे बचाने आई तो संजय तुरी मेरी माँ को भी मारने लगा और मुझे भी गलत नियत से कपड़ा फाड़ते हुए मार पीट करने लगा। आगे उन्होंने गले मे पहने सिकरी और नकचन छिनने का आरोप लगाई है।

## बोकारो में अतिक्रमण हटाओ अभियान के विरोध में सड़क पर रखी लाश



**बोकारो :** हवाई अड्डे के विस्तारीकरण को लेकर चल रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान के खिलाफ शनिवार को सेक्टर-12 मोड़ पर लोगों ने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने एक व्यक्ति के शव को सड़क पर रखकर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। उनका कहना था कि अभियान के दौरान मकान टूटने के सदमे में व्यक्ति की मौत हुई है। मृतक की मौत शुक्रवार रात हुई थी। शनिवार को परिजन और स्थानीय लोग शव लेकर सड़क पर बैठ गए। मौके पर सिटी डीएसपी के नेतृत्व में भारी पुलिस बल की तैनाती की गई थी। काफी समझाने-बुझाने के बाद शव को सड़क से हटाया गया और जाम समाप्त हुआ। सिटी डीएसपी ने घटनास्थल पर मीडिया से बात करते हुए बताया कि मृतक की मौत बीमारी से शुक्रवार को ही हो गई थी। उन्होंने लोगों द्वारा फैलाए गए आरोपों को निराधार बताया।वहीं, आम आदमी पार्टी के नेता राकेश कुमार ने कहा कि गरीबों को उजाड़ने से पहले उन्हें बसाने की व्यवस्था प्रशासन को करनी चाहिए। अभियान के दौरान कई झुग्गी-झोपड़ियां और घरों को तोड़ा गया है, हालांकि प्रशासन का कहना है कि पहले ही सभी को हटाने का नोटिस दिया गया था।

## डॉ राजेंद्र प्रसाद स्कूल के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण




**बोकारो :** 'डॉ राजेंद्र प्रसाद पब्लिक स्कूल सेक्टर 9 रानी पोखर के छात्र-छात्राओं ने शनिवार को शैक्षणिक भ्रमण किया। जिसमें स्कूल के विभिन्न कक्षा में पहली कक्षा से लेकर नौवीं कक्षा तक के सभी पांच टॉपर समेत विभिन्न विषयों में पूरा अंक लाने वाले छात्रों का श्री अय्यप्पा मंदिर ले जाकर शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। स्कूल की ओर से दिए गए असाइनमेंट में विभिन्न विषयों में 20 अंक में पूरे 20 अंक लाने वाले छात्रों को भी इसमें शामिल किया गया। जिससे कि उन छात्रों को शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से प्रोत्साहित किया गया। इस शैक्षिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य सभी बच्चों में पढ़ाई के प्रति विशेष ध्यान देने पर बल दिया गया, ताकि वे अगले सप्ताह फिर होने वाले शैक्षणिक भ्रमण में वे भी शामिल हो सके। इस शैक्षणिक भ्रमण में पहली कक्षा से लेकर नौवीं कक्षा के कुल 258 छात्र छात्राओं ने इसका भरपूर लाभ उठाया। मौके पर स्कूल के प्राचार्य मुकेश कुमार ने बताया कि इससे बच्चों में पढ़ाई के प्रति प्रतिस्पर्धा बनी रहेगी। साथ ही मेधावी छात्रों को प्रोत्साहन मिल सकेगा। इस अवसर पर स्कूल की शिक्षिका साक्षी कुमारी ,खुशबू कुमारी, किरण कुमारी आदि शामिल रहे।

# संविधान निर्माण में डॉ. रत्नप्पा कुम्हार की अहम योगदान, कमेटी का हुआ गठन : जगन्नाथ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** चास प्रखण्ड के हुटुपाथर टोला गिद्धटॉड़, ऑगनबाड़ी के सामने शनिवार को प्रबुद्ध जनों की बैठक का अध्यक्षता झारखण्ड कवि जगन्नाथ महतो व संचालन मुचिराम कुम्भकार ने किया. वहीं किसान नेता सह चन्दनकियारी विधानसभा के पुर्व प्रत्याशी जगन्नाथ रजवार ने कहा कि हम आजादी के 78 वें साल की दौर में गुजर रहे है. जहां देश में खेतों की किसान सड़कों पर है, देश की जवानों का वर्गीकरण किया जा रहा है। भारतीय संविधान को बदलनें की कोशिशें लगातार जारी है। जिसे बचाने के लिए. स्वतंत्रता संग्राम और संविधान निर्माण में डॉ आंबेडकर के साथ डॉ.रत्नप्पा कुम्हार की महत्वपूर्ण योगदान को जन जन पहुंचाने की संकल्प लेने की जरूरत है। श्री रजवार ने कहा कि देश भक्त पद्मश्री डॉ.रत्नप्पा कुम्हार की जन्म 15 सितंबर 1909 को महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले के इचलकरंजी में हुई तथा उनका निधन 23 दिसंबर 1998 को हुई। वे अपने जीवन में शिक्षा, सहकारिता तथा सामाजिक कुरीतियों को मिटाने में अभूतपूर्व योगदान दिया. डॉ रत्नप्पा ने देश की आजादी के लिए कई बार जेल गए। भारत छोड़ो आंदोलन में वे अग्रिणी भूमीका में हिस्सा लिए. जिसकी वजह से उन्हें 6 साल तक भूमिगत भी रहना पड़ा। देश की आजादी के बाद देश भक्त डॉ रत्नप्पा ने 24 जनवरी 1950 को बॉम्बे प्रांत से भारतीय संविधान सभा के सदस्य के रूप में शपथ ली और भारतीय



संविधान के अंतिम मसौदे पर देश रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के साथ हस्ताक्षर कर देश को सर्वोच्च विधान दिए। केन्द्र की मौजुदा सरकार ने जिसे बदलने की लगातार कोशिशें की जा रही है। उस दौर में उनके विचारों को जन जन तक पहुंचाने के लिए. डॉ. रत्नप्पा कुम्हार स्मारक समिति नामकरण कर समिति की स्थापना की गई। जिसका अध्यक्ष अंकित कुम्भकार उपाध्यक्ष लक्ष्मण कुम्भकार सचिव रोहित कुम्भकार सह सचिव झारु रजवार कोषाध्यक्ष मंजु देवी समेत ग्यारह सदस्यिय कार्यकारिणी सदस्य सर्वसम्मति से चुने गए. जिसका संरक्षक जगन्नाथ रजवार को बनाया गया। मौके पर झामुमो संस्थापक सदस्य दुर्गा चरण महतो, सुबोध कुम्भकार, इन्द्रजीत कुम्भकार, परमानन्द कुम्भकार, फण्टु कुम्भकार, लक्ष्मण कुम्भकार, रोहित कुम्भकार, राजेश कुम्भकार, दिलीप कुम्भकार, दिलीप कुम्भकार, अरुण पंडित, मंजु देवी, सविता देवी, गीता देवी, बब्लु कुम्भकार, झारु रजवार, विनोद कुमार महतो आदि शामिल रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### हरिसाधना आश्रम में नमर्दा से पहुंचे महात्मा ज्ञानेंद्र गिरी महाराज, शिष्यों ने लिया आशीर्वाद



**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के कमलपुर थाना क्षेत्र के दगड़ीगोड़ा स्थित हरिसाधना आश्रम में शनिवार की दोपहर नमर्दा से बंगला के बेलपहाड़ी आश्रम में जाने के क्रम में आश्रम में पहुंचकर महात्मा ज्ञानेंद्र गिरी महाराज जी ने अपने सभी शिष्यों को आशीर्वाद दिया। उन्होंने शिष्यों से आश्रम में कई घंटों तक विभिन्न प्रकार के साहित्यिक विषयों पर चर्चा कर सेवा करने का अवसर शिष्यों को दिया। जानकारी देते हुए आश्रम के संचालक शंभुदास बाबा ने बताया कि बाबा एक साधक पुरुष है। उन्होंने साधना कर कई प्रकार के विशेष ज्ञान अर्जन कर देशहित की कामना की है। उनके दर्शन से क्षेत्र की जनता धन्य हुई। आश्रम में उपस्थिति सभी शिष्यों और भक्तों का सौभाग्य था। जिस कारण सभी को महाराज जी के दर्शन करने का अवसर मिला।इस दौरान सेवानिवृत शिक्षक सह श्री श्री जगन्नाथ मंदिर निर्माण कमिटी के अध्यक्ष गिरिजा प्रसाद मिश्र ने भी महाराज जी से आशीर्वाद प्राप्त कर क्षेत्र की जनता के कल्याण की कामना की। वही कई आध्यात्मिक विषयों की जानकारी प्राप्त की।इस दौरान आश्रम में गिरिजा प्रसाद मिश्रा,शंभू दास गोस्वामी,अजीत दत्ता,मिथिलेश तिवारी, लव कुमार सहित कई भक्तगण उपस्थित होकर महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# विधायक ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र, कहा- तांती समाज को मिले न्याय, अनुसूचित जाति में शामिल करने की उठाई मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर 'तांती' समुदाय को अत्यंत पिछड़ा वर्ग की सूची से विलोपित कर अनुसूचित जाति में शामिल करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह कदम तांती समाज के साथ वर्षों से हो रहे सामाजिक व संवैधानिक अन्याय को समाप्त करेगा। विधायक पूर्णिमा साहू ने अपने पत्र में झारखंड प्रदेश पान-तांती-स्वांसी कल्याण समिति से प्राप्त दस्तावेजों का हवाला देते हुए बताया कि विभिन्न संवैधानिक, आयोगीय और शासकीय अभिलेखों में यह स्पष्ट प्रमाणित है कि 'तांती'वास्तव में पान/स्वांसी जाति का ही पर्यायवाची नाम है।



उन्होंने पत्र में उल्लेख किया कि काका कालेलकर आयोग, मुंगेरी लाल आयोग, तथा बिहार-झारखंड जनजातीय कल्याण शोध संस्थान की रिपोर्टें भी इस तथ्य की पुष्टि करती हैं कि तांती समुदाय, पान/स्वांसी समाज का ही अंग है और इन्हें अनुसूचित जाति के सभी अधिकारों का लाभ मिलना चाहिए। इस पत्र में उन्होंने झारखंड प्रदेश पान-तांती-स्वांसी कल्याण समिति, झारखंड के चार पन्नों के प्राप्त पत्रों की प्रतिलिपि भी मुख्यमंत्री को भेजी है। विधायक पूर्णिमा साहू ने यह भी याद दिलाया कि वर्ष 2004 में झारखंड राज्य मंत्रिमंडल ने पान और स्वांसी के पर्यायवाची के रूप में 'तांती' नाम को जोड़ने का निर्णय लिया था, जो आज भी सरकारी अभिलेखों में विद्यमान है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि इस मामले पर सहानुभूतिपूर्वक व न्यायसंगत विचार करते हुए तांती समुदाय को अनुसूचित जाति की सूची में शामिल करने का शीघ्र निर्णय लिया जाए, जिससे इस समाज को संविधान प्रदत्त सामाजिक समानता और सम्मानजनक जीवन का अधिकार मिल सके।

## राजकीय रेल थाना मुरी ने रेलवे यार्ड से किया शव बरामद

**मुरी :** राजकीय रेल थाना मुरी ने रेलवे स्टेशन के रेलवे यार्ड स्थित लाइन नंबर 7 से शनिवार की रात्रि में एक व्यक्ति का कटा हुआ शव बरामद किया। सूचना के आधार पर राजकीय रेल थाना मुरी की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर थाना परिसर में सुरक्षित रखा। शव की स्थिति देखकर पुलिस ने आशंका जताई है कि व्यक्ति की मौत ट्रेन की चपेट में आने से हुई होगी। मृतक की पहचान महेंद्र जयशी,उम्र 43 वर्ष, पिता स्वर्गीय डोंगराज जयशी, रामपुरिया क्लॉथ स्टोर, डोरंडा, थाना डोरंडा, जिला रांची के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, मृतक महेंद्र जयशी रांची जैप-1 में कार्यरत थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रांची रिम्स भेज दिया है। राजकीय रेल थाना मुरी की टीम मामले को लेकर जांच में जुट गई है।

## जे.बी.सी. सरिया के तत्वावधान में हुआ विवाहित बनाम अविवाहित क्रिकेट टूर्नामेंट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सरिया :** जय बजरंग क्लब (जे.बी.सी.) सरिया के तत्वावधान में शनिवार को ठाकुरबाड़ी टोला मैदान में अविवाहित और विवाहित टीमों के बीच एकदिवसीय क्रिकेट टूनामेंट का आयोजन किया गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी विवाहित टीम ने निर्धारित 20 ओवर में सभी विकेट खोकर 83 रन बनाए। जवाबी पारी में अविवाहित टीम ने 7 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर 5 विकेट से शानदार जीत दर्ज की। सोनू पांडे को शानदार प्रदर्शन के लिए 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया।टूनामेंट का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. राजेश सिंह, झामुमो नेता त्रिभुवन मंडल और भाजपा नेता हेमलाल मंडल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। जे.बी.सी. कमिटी के सदस्यों ने अतिथियों को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। दोनों टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया



गया। मुख्य अतिथि डॉ. राजेश सिंह ने अपने संबोधन में कहा, जे.बी.सी. द्वारा आयोजित इस टूनामेंट से ठाकुरबाड़ी टोला में क्रिकेट के प्रति जुनून और जागरूकता साफ झलकती है। यहाँ के खिलाड़ी वर्षों से अभ्यासरत हैं और यह परंपरा निरंतर चल रही है। मैं भविष्य में भी हर संभव सहयोग करूंगा। मैच में सत्येंद्र सिंह, महाकाल प्रो. राम सिंह, न्यू डिवाइन पब्लिक स्कूल के शिक्षक, सोनाक्षी सोल्यूशन संचालक बादल देश पांडेय, एसीसी सीमेंट के टेक्निकल इंजीनियर प्रशांत कुमार साह, अशोक महतो, प्रिंस सहित कई लोग उपस्थित थे।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**PLANNING AND INVESTIGATION DIVISION**
**ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT (RCD),RANCHI**
**NirupanBhawan, 3rdFloor,Room No. 401,56-Set,Doranda, Ranchi-834002**

**e-Procurement ( Very Short Tender Notice )**
**Letter of Invitation (LOI) No.-15/2025-26, 1st Call**
**e-Tender Ref No:–RCD/PID/RANCHI/15/2025-26 Date:-07.11.2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name Of Work | Consultancy Services for Preparation of Detailed Project Report (DPR) for Construction of Bridge at Swarnarekha River connecting the state of Odisha to Bamdol Ghat including Approach Road, Land Acquisition Plan with ownership details , Resettlement and Rehabilitation Proposal, Forest Diversion Proposal and Utility Shifting Proposal etc under East Singhbhum Distict in the State of Jharkhand.*Only Empanelled consultant with RCD under categoryII vide letter No. 3063(S) WE Dated 22.08.2022are allowed to bid. |
| 2 | Period of Completion of Work | 60 Days |
| 3 | Length of bridge (including approach road | 2.5 KM |
| 4 | Cost of Tender documents & Earnest Money Deposit | Cost of tender documents is Rs. 5000/(Non-Refundable) EMD:- The quotationers have to deposit a fixed amount of Rs 20000.00 (Twenty thousand only) as Earnest Money. As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit will be received in online mode only through e-procurement portal (http://jharkhandtenders.gov.in) by internet banking/NEFT/RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023. |
| 5 | Mode of Bid Submission | e-tendering(https://jharkhandtenders.gov.in/) |
| 6 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 11.11.2025,5:30 PM |
| 7 | Online LastDate/Time of Bid Submission | 18.11.2025, 12:00 NOON |
| 8 | Date and Time of Bid opening | 19.11.2025, 12:30 PM |
| 9 | Bid validity | 120 days |
| 10 | Designation and Contact no. of Tender inviting Officer | Executive Engineer, Planning and Investigation Division, RCD, Ranchi, Mob No.-9471650883 |

Note:- Only e-Tender shall be accepted. Further details can be seen on e-procurement portal (https://jharkhandtenders.gov.in/).

**Executive Engineer,**
**Planning & Investigation Division,**
**Road Construction Department, Ranchi.**

PR 365603 Road(25-26)#D


## सरिया में+2 एस.आर.एस.एस.आर. उच्च विद्यालय में 83 लाख की लागत से 8 अतिरिक्त वर्ग कक्षों का शिलान्यास



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सरिया :** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची के तत्वावधान में सरिया प्रखंड के +2 एस.आर.एस.एस.आर. उच्च विद्यालय में 83 लाख रुपये की लागत से 8 अतिरिक्त वर्ग कक्षों के निर्माण कार्य का शिलान्यास बगोदर विधायक सह सचेतक नागेंद्र महतो ने किया। इस अवसर पर विधायक ने संवेदक को गुणवत्तापूर्ण कार्य समय पर पूरा करने का निर्देश दिया।नए वर्ग कक्षों के निर्माण से विद्यालय में पठन-पाठन की व्यवस्था को और सुदृढ़ करने में मदद मिलेगी। शिलान्यास के बाद विधायक ने विद्यालय परिसर में बने 8 स्मार्ट क्लासरूम में स्थापित डिजिटल बोर्डों का भी विधिवत उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने छात्र-छात्राओं से संवाद करते हुए कहा कि डिजिटल माध्यम आधुनिक शिक्षा को सरल और प्रभावी बनाएंगे। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष सह मुखिया अजय यादव, बबलू मंडल, रंजीत मंडल, हरिहर मंडल, प्रधानाध्यापक खूबलाल पंडित, जेई बिरेंद्र कुमार, छोटू मंडल, फागू पंडित, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष किशुन प्रसाद कुशवाहा सहित शिक्षक, छात्र-छात्राएं और ग्रामीण उपस्थित रहे।

# आयुष विभाग द्वारा पटमदा व बोड़ाम में ओल्ड एज एवं ऑर्थो कैंप का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पटमदा :** आयुष विभाग की ओर से पटमदा एवं बोड़ाम प्रखंड में एक साथ चार स्थानों पर ओल्ड एज एवं ऑर्थो मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा फीता काटकर की गई।कैंप के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग स्वास्थ्य जांच कराने पहुंचे। पटमदा प्रखंड के खेरुआ में 183 तथा नोअडीह में 145 मरीजों का इलाज किया गया। वहीं बोड़ाम प्रखंड के लावजोड़ा में 186 और दामोदरपुर में 200 मरीजों की जांच एवं उपचार किया गया। आयुष विभाग के इस पहल की स्थानीय लोगों ने सराहना की और कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविरों से ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को काफी लाभ मिल रहा है। आयुष विभाग ने चार स्थानों स्थान पटमदा प्रखंड खेडुआ, नवाडीह,बोड़ाम में दामोदरपुर, लावजोड़ा में लगाया ओल्ड एज एवं ऑर्थो कैंप का आयोजन। मुख्य अतिथि मुखिया मंगल सिंह,डीपीएम आयुष डॉ निशांत, डॉ राकेश कुमार पाल, डॉ प्रदीप महतो, डॉ प्रियांशी, डॉ रेखा दास, डॉ एम एन बालाजी, डॉ बबीता, डॉ अर्चना कुमारी, डॉ सीमा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। शिविर में योग के विषय में भी जानकारी दी गई।

## चोरी करते रंगेहाथ पकड़ा गया युवक, दांत काटकर हुआ फरार

**पूर्वी सिंहभूम :** बागबेड़ा थाना क्षेत्र में चोरी की वारदातें लगातार बढ़ती जा रही हैं। शनिवार तड़के हुई घटना में चोरी करते पकड़े गए युवक ने खुद को छुड़ाने के लिए एक व्यक्ति की कलाई दांत से काट दी और मौके से फरार हो गया। यह घटना बागबेड़ा कॉलोनी रोड नंबर एक के पास हुई, जहां टेंपो से बैट्री चोरी कर भागने की कोशिश कर रहा आरोपित स्थानीय लोगों के हत्थे चढ़ गया, लेकिन पुलिस के देर से पहुंचने के कारण वह भाग निकलने में सफल रहा।


Annexure 1

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**MINOR IRRIGATION DIVISION, KODERMA**

**Short e-Procurement Tender Notice (2nd Call)**

Tender Reference No: - DMFT/MID/KODERMA/F2-15/2025-26
Letter no: - 796 Date: - 08.11.2025
**Details of Works :-**

| Sl. No. | Name of Block | Scheme Name | Estimated Cost (In Lakh) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|
| 1. | जयनगर | जयनगर प्रखंड के उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय, घंघरी का मरम्मति एवं रंग–रोगन कार्य | 15.097 | 03 Months |

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Date of Publication of e-Tender on Website | 14.11.2025 at 3:00 P.M |
| 2. | Last date/Time for Submission of e-Tender bids Online | 22.11.2025 up to 5:00 P.M |
| 3. | Last Date for Onlin-e Submission of Tender Fee and EMD | 22.11.2025 up to 5:00 P.M |
| 4. | Date of opening of e-Tender | 24.11.2025 at 3:00 P.M |
| 5. | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Koderma |
| 6. | Contact no. of e-Procurement officer | 9939193214 |
| 7. | E-mail of e-Procurement office | eemidkod-cemr-jhr@nic.in |

**Note : -** **1) Only e-Tender will be accepted.**
**2) Published Estimated Cost May be Increased or Decreased.**
**3) Mode of Submission of Online Tender/Tender Fee/EMD Through** http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer,**
**Minor Irrigation Division, Koderma**

PR 365639 Minor Irrigation (25-26)_D


# खेती लायक 89 एकड़ भूमि को सिंचित बनाया : डॉ मयंक मुरारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** पानी की घटती उपलब्धता और खेती में बढ़ती लागत के बीच ड्रिप सिंचाई किसानों के लिए नई उम्मीद बनकर उभरी है। इस तकनीक से न केवल पानी की 70 फीसदी तक बचाया जा रहा है बल्कि फसल उत्पादन में भी 20 से 35 प्रतिशत वृद्धि हुई हैं। उषा मार्टिन फॉउंडेशन ने अभी तक 89 एकड़ असिंचित भूमि को ड्रिप सिंचाई के माध्यम से खेती योग्य बनाया है। टाटीसिलवे क्षेत्र के किसान इसके कारण अब तीन फसल ले पा रहे हैं। इससे मानसून पर निर्भरता कम हुई और और साथ ही किसानों में नकदी एवं आयवृद्धि करनेवाले फसलों का खेती कर पा रहे हैं। उषा मार्टिन फॉउंडेशन के हेड डॉ मयंक मुरारी ने बताया कि इस साल 30 किसानों को ड्रिप सिंचाई से जोड़ा जायेगा। अभी तक 18 गांवों 90 से अधिक किसानों को यह चूंकि खेती में पानी की बचत करने वाली तकनीक है। जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के बीच यह अनगड़ा और नामकोम प्रखंड के पचास से अधिक गांवों में खेती के लिए भरोसेमंद विकल्प साबित हो रही है। यह किसानों की लागत घटाती है और पानी की कमी वाले क्षेत्रों के लिए वरदान है। महिलौंग के किसान भदया महतो कुल आठ एकड़ में खेती करते है, जिसको ड्रिप सिंचाई से जोड़ा गया है। वह बताते है कि इसके माध्यम से अब किसान पौधों की जड़ों तक नियंत्रित और नपी-तुली मात्रा में पानी और पोषक तत्व पहुंचा पाते हैं। इससे पानी की बबार्दी नहीं होती और हर पौधे को उसके विकास के लिए सटीक मात्रा में नमी मिलती है। इससे उपज बढ़ती है और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा मिलता है। अनगड़ा के रीतलाल महतो ने बताया कि इससे पौधों को सही मात्रा में पानी मिलता है और खरपतवार भी नियंत्रित रहते हैं। जानुम के गर्वद्धन मुडा बताते है कि ड्रिप सिंचाई प्रणाली के जरिये पानी के साथ ही उर्वरक और दवाओं को सीधे पौधों की जड़ों तक पहुंचाया जाता है। इसके लिए, किसान टैंक में उर्वरक और कीटनाशक घोलकर पाइपलाइन के जरिये उन्हें खेत तक पहुंचा सकते हैं।

> **किसानों के लिए ड्रिप सिंचाई बनीं लाभकारी तकनीक**
>
> **18 गांव के 90 से अधिक किसानों ने लगाया**


**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (सामान्य), राँची**

**निविदा आमंत्रण सूचना**
**सूचना सं०:–93राँची, दिनांकः–08/11/2025**

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (सामान्य), राँची के Scrap मशीन, हैण्ड टूल्स, उपकरण, वाहन के पार्ट्स, उपस्कर, E-Waste एवं Metal Waste का निलामी विभाग द्वारा चयनित एजेंसी भारत सरकार के उपक्रम–MSTC (मेटल स्क्रैप ट्रेड कॉर्पोरेशन लिमिटेड) के माध्यम से किया जाना है। तालिका में अंकित SCRAP सामग्रियों का निलामी हेतु अधिकतम दर (आरक्षित मूल्य) तय किया जाना है। जिसके लिए भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड– Insolvency and Bankruptcy Board of India (IBBI) के मान्यता प्राप्त/निबंधित मूल्य निर्धारकों–(Registered Valuers-RVs) ASSET CLASS-Plant and Machinery के द्वारा आरक्षित मूल्य निर्धारण हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| लॉट क्र०/ Lot No.:- | लॉट का नाम/Lot Name | स्थान/Location | मात्रा/ Quantity | मैटेरियल विवरण/ Material Description |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Old Heavy Machine | Dump Yard, Scrap Store-1, Scrap Store-2 | 91 Nos. | Different types of old machine/dismantled like-Planning Machine, Lathe Machine, Milling Machine, Drilling Machine, Grinding Machine, etc. |
| 02 | Scrap | AVTS Building, Scrap Store-1 | 3000 kg | Different types of Metals mild steel, cast iron, etc. |
| 03 | Wooden Scrap | AVTS Building | 500 kg | |
| 04 | E-Waste | AVTS Building | Assorted | |

निविदा की शर्तें:–

1. निविदा दो (02) सीलबंद लिफाफे में Technical एवं Financial अलग–अलग अंकित का हाथों–हाथ या निबंधित डाक द्वारा दिनांकः–17/11/2025 को अपराह्न 03:00 बजे तक अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा लिये जायेंगे।

पत्राचार पता:– प्रभारी प्राचार्य, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (सामान्य), राँची। नजदीक आई०टी०आई० बस स्टैण्ड, ईटकी रोड, हेहल, राँची–834005।

2. निविदा का Technical Part दिनांकः–17/11/2025 को अपराह्न 04:00 बजे प्रभारी प्राचार्य, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (सामान्य), राँची के कार्यालय कक्ष में संस्थान स्तर पर गठित समिति के समक्ष खोली जायेगी तथा Technical Part की अहर्त्ता पूरी करने वाले Valuers-RVs का ही Financial Part खोला जायेगा।
3- Insolvency and Bankruptcy Board of India (IBBI) के मान्यता प्राप्त/निबंधित मूल्य निर्धारकों–(Registered Valuers-RVs) ASSET CLASS-Plant and Machinery का सरकारी लोक उपक्रम अथवा किसी बड़े औद्योगिक प्रतिश्ठानों के Valuation का 02 (दो) वर्शों से अधिक का अनुभव होना अनिवार्य है।
4- Valuation के लिए भौतिक निरीक्षण हेतु किसी प्रकार का TA, DA एवं होटल व्यय संस्थान द्वारा देय नहीं होगा।
5- Valuation के Part में GST एवं FEES अलग–अलग दर्शाना होगा।
6. अद्योहस्ताक्षरी निविदा को रद्द करने का सर्वाधिकार रखते हैं।

ह०/–
प्रभारी प्राचार्य,औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (सामान्य), राँची

PR 365593 (Labour Employment and Traning)25-26*D

# पुष्कर ऊंट मेला : हर तरह से सहेजने की जरूरत

पुष्कर ऊंट महोत्सव 05 नवंबर को संपन्न हो गया। इस बार संसार के सबसे विशालतम 'ऊँट मेले' की तस्वीर बदली-बदली दिखी। मेले में ऊंट कम, घोड़े ज्यादा दिखे। ऊँटों के लिए ही विश्व प्रसिद्ध 'पुष्कर ऊँट मेला' को राजस्थान की जीवंत परंपरा और सांस्कृतिक धरोहर का हिस्सा कहा जाता है। मेले को विश्व के सबसे बड़े ऊँट मेले की उपाधि प्राप्त है। मेले की परंपरा वैसे तो औपचारिक रूप से ब्रिटिश शासनकाल से हुई थी लेकिन मेले की रौनक जैसे कभी पहले हुआ करती थी, वैसी अब नहीं दिखती। वजह, मेले में ऊँट के अलावा दूसरे पशु ज्यादा दिखने लगे हैं। मेले में सर्वाधिक संख्या में ऊँट होते थे। मेला लोकगीतों की धुनों और पर्यटकों की भीड़ से गूंजा करता था। सूर्यास्त के समय रेत पर ऊंटों की लंबी-लंबी परछाइयों को देखकर पर्यटक मनमोहित होते थे। तब ऐसा एहसास होता था कि जैसे राजस्थान की आत्मा भी रेत के जहाजों संग साथ-साथ चल रही हों। पर लगातार घटते ऊँटों की संख्या से ज्यादातर परंपराएं अतीत का हिस्सा बनती जा रही हैं। ऊँटों के इस पांच दिवसीय मेले का सांस्कृतिक आकर्षण और उत्सव-उल्लास, देश-विदेश के पर्यटकों को आकर्षित करता था। इस बार मेला देखने के लिए करीब 46 देशों के पर्यटक पहुंचे। प्रत्येक वर्ष करीब पांच लाख विदेशी दर्शक आते हैं। राजा-महाराजाओं की धरती कहे जाने वाले राजस्थान में ऊंटों को केवल पशु नहीं बल्कि रेगिस्तान का जहाज और संस्कृति का प्रतीक माना जाता है। पुष्कर मेला सालाना सरकारी आयोजन है जो ऊँटों एवं अन्य पशुधन के लिए समर्पित है। यह दुनिया के ह्यविशाल व्यापार पशु मेलेह्ल में से एक है, जिसमें विभिन्न आर्कषण वाले पशुओं की खरीद-फरोख्त के अलावा महत्वपूर्ण पर्यटन आकर्षण का नजारा देखने को मिलता है। मेले में व्यापार, मेलजोल और धार्मिक आस्था-तीनों का संगम एक साथ समाहित होता है। पर्यटकों को भी 'पुष्कर ऊंट मेला-2025' का स्वरूप बदला हुआ दिखा क्योंकि मेले में ऊँटों से ज्यादा घोटे थे। जबकि, परंपरागत रूप से अन्य पशुओं के मुकाबले ऊँटों की संख्या ज्यादा होनी चाहिए थी। मेले में इस साल करीब 4,000 विभिन्न प्रजातियों के घोड़े पहुंचे। जबकि, ऊंटों के पहुंचने की संख्या मात्र 1,400 के आसपास बताई गई। ऊंटों की इस घटती हुई संख्या के मायने क्या हैं? क्या ऊँटों की घटती आबादी इसके पीछे है? देशभर में ऊँटों की संख्या लगातार तेजी से कम हो रही है। सिर्फ राजस्थान ही ऐसा राज्य है जहां ऊँटों की संख्या बीते कुछ दशकों से सर्वाधिक रही है। एकाध दशकों से वहां से भी ऊँटों की आबादी तेजी से घट रही है। ऊंटों की घटती संख्या को लेकर राजस्थान सरकार भी परेशान है। 19 सितंबर 2014 से ऊँट को राजस्थान का राज्य पशु भी घोषित किया गया। ऊँटों का संरक्षण कैसे हो, इसे ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार ने अक्टूबर-2016 को 'ऊंट संरक्षण योजना' भी बनाई। हालांकि इस योजना का कोई खास नतीजा नहीं निकला तो वर्ष 2022-23 से 'ऊंट पालक योजना' शुरू की गई, जिसमें प्रत्येक ऊँट पालक को 10,000 रूपए सालाना प्रोत्साहन राशि देना आरंभ हुआ। पिछले वर्ष यानी 2024-25 में सरकार ने यह राशि दोगुनी करते हुए 20,000 प्रति ऊँट देना शुरू किया है। अफसोस की बात यह है कि हालात इससे भी नहीं सुधरे। चिंता की बात यह है कि किसानों का ऊँट पालन से लगातार मोहभंग हो रहा है। सरकार फिर भी ऊँटों के संरक्षण को लेकर कोर-कसर नहीं छोड़ रही। कुछ वर्षों से प्रदेश में सालाना 'ऊंट महोत्सव' का आयोजन भी शुरू कर दिया गया है। इस साल 11-12 जनवरी को ये आयोजन हुआ था। ऊँटों के नहीं रहने से पुष्कर मेले का अस्तित्व खतरे में पड़ सकता है। वर्ष 1961 में केंद्र सरकार द्वारा कराई गई ऊँटों की गणना में इनकी संख्या 10 लाख पाई गई थी। जो अब 1,85000 तक सिमट गई है। ऊंट पालन वाले प्रमुख प्रदेश राजस्थान की खराब स्थिति बताती है कि साल 2047 तक ऊँट देश से तकरीबन विलुप्त हो जाएंगे। अगर ऐसा हुआ तो पुष्कर में ऊँट वास्तविक नहीं पोस्टरों में ही दिखेंगे।

## सूडोकु नवताल- 7608

✶ ✫ ✫ ✫ ✫
सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7607 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

# आत्मघाती होती शिक्षा प्रणाली: मौतों का भयावह यथार्थ

**ललित गर्ग**

भारत की शिक्षा प्रणाली को लेकर समय-समय पर प्रश्न खड़े होते रहे हैं। शिक्षा की विसंगतियों एवं दबावों के चलते भी अनेक सवाल खड़े हैं। इन्हीं से जुड़ा यह एक बेहद हृदय विदारक और चिंताजनक तथ्य है कि एक वर्ष देश में लगभग 14,000 स्कूली बच्चों ने आत्महत्या कर ली। इस तथ्य की पुष्टि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) भी कर रही है। अधिक घातक तथ्य यह है कि बीते एक दशक में छात्रों की आत्महत्या के मामलों में लगभग 65 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वर्ष 2019 की तुलना में यह संख्या 34 प्रतिशत अधिक है। यह केवल आंकड़े नहीं हैं, बल्कि उन मासूम सपनों की समाधियाँ हैं जिन्हें हमारी शिक्षा प्रणाली ने दम तोड़ने पर विवश कर दिया। यह स्थिति किसी एक स्कूल, राज्य या परिस्थिति की नहीं, बल्कि सम्पूर्ण भारतीय शिक्षा तंत्र की विफलता का दर्पण है। पहली नजर में इतनी बड़ी संख्या में आत्मघात के मूल में पढ़ाई का दबाव, अभिभावकों की अतिश्योक्तिपूर्ण महत्वाकांक्षाएं, छात्रों की संवेदनशीलता और तंत्र की नाकामी बताई जा सकती है। लेकिन सवाल है कि हमारा तंत्र क्यों संवेदनहीन बना हुआ है? यही वजह है कि सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकारों को तलब करके इस बाबत विस्तृत विवरण मांगा है। साथ ही सवाल पूछा है कि क्या देश के सभी शिक्षण संस्थान छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जिम्मेदारी निभा रहे हैं? शिक्षा को प्रतिस्पर्धा का रणक्षेत्र कब तक बनने दिया जाता रहेगा?

आज का विद्यार्थी बचपन से ही एक ऐसी अंधी एवं प्रतिस्पर्धी दौड़ में धकेल दिया जाता है, जिसमें लक्ष्य अंक, ग्रेड, और रैंक बन गए हैं-ज्ञान, संवेदना और चरित्र नहीं। स्कूल अब शिक्षालय नहीं, बल्कि परीक्षा-केंद्र यानी गलाकाट प्रतियोगिता के केन्द्र बन चुके हैं। माता-पिता, शिक्षक और समाज-सभी ने मिलकर एक ऐसा माहौल बना दिया है, जहाँ 'सफलता' का अर्थ केवल डॉक्टर, इंजीनियर, आईएएस या उच्च वेतन वाली नौकरी तक सीमित हो गया है। शिक्षा अब व्यक्ति के भीतर के मनुष्यत्व, रचनात्मकता और संवेदना को विकसित करने का माध्यम नहीं रही, बल्कि उसने जीवन को 'प्रदर्शन की प्रतियोगिता' बना दिया है। छोटे बच्चों पर कोचिंग का बोझ, अभिभावकों की अपेक्षाएँ, और असफलता का भय-ये तीन त्रिकोणीय दबाव उन्हें धीरे-धीरे मानसिक रूप से तोड़ देते हैं। शिक्षा अब एक बोझ और मानसिक तनाव का कारण बन गयी है।

एनसीआरबी के आँकड़े बताते हैं कि छात्रों में आत्महत्या के प्रमुख कारण हैं-परीक्षा में असफलता, अभिभावकीय दबाव, भविष्य की चिंता और मानसिक अवसाद। भारत दुनिया के उन शीर्ष देशों में शामिल है जहाँ किशोरों में डिप्रेशन और आत्महत्या की प्रवृत्ति सबसे अधिक है। कबीर ने कहा था-'पढ़ि-पढ़ि पंडित भया, पर भीतर का मन ना गया।' आज की शिक्षा बच्चों को केवल 'जानकार' बना रही है, 'ज्ञानी' नहीं। विद्यालयों में रट्टामार संस्कृति, अंक-केंद्रित मूल्यांकन और शिक्षकों की संवेदनहीनता बच्चों के भीतर आत्मविश्वास के बजाय भय भर रही है। कई प्रतिष्ठित कोचिंग सेंटर्स में तो यह प्रवृत्ति और विकराल हो जाती है। कोटा, पटना, हैदराबाद, चेन्नई जैसे शहरों में हर वर्ष दर्जनों विद्यार्थी आत्महत्या करते हैं। विडंबना यह है कि वहाँ शिक्षा से ज्यादा 'प्रतियोगिता का उद्योग' पनप गया है। बच्चे अपने परिवारों से दूर, दबाव और भय में जीते हैं, और अंततः जीवन से हार जाते हैं। साल 2020 में आई नई शिक्षा नीति (एनइपी) को लेकर बहुत उम्मीदें थीं कि शायद यह शिक्षा को बच्चों के बोझ से मुक्ति देगी, उसे रचनात्मकता और नैतिकता से जोड़ेगी। नीति में 'होलिस्टिक लर्निंग', 'जॉयफुल एजुकेशन', 'रिड्यूस्ड बोर्ड प्रेशर' जैसे शब्द तो हैं, पर व्यवहारिक स्तर पर हालात में कोई ठोस परिवर्तन नहीं आया। स्कूलों में परीक्षा का दबाव जस का तस है, कॉलेजों में बेरोजगारी का डर और कोचिंग की होड़ बढ़ी है। शिक्षा नीति के भीतर आत्महत्या जैसे मानसिक स्वास्थ्य संकट पर कोई गंभीर विमर्श नहीं हुआ। जब तक शिक्षा नीति का केंद्र मानव-निर्माण नहीं होगा, तब तक यह प्रणाली केवल आंकड़े बढ़ाएगी-आत्महत्याओं के भी और बेरोजगारों के भी। सवाल यह भी है कि शैक्षणिक परिसरों में आत्महत्या रोकने के लिये जो कदम केंद्र व राज्य सरकारों को उठाने चाहिए थे, उसके बाबत देश की शीर्ष अदालत को क्यों पहल करनी चाहिए? इस मामले में सख्त रवैया अपनाते हुए सर्वोच्च न्यायालय को कहना पड़ा कि केंद्र व राज्य सरकारें आठ सप्ताह के भीतर वह विस्तृत ब्योरा प्रस्तुत करें, जो आत्महत्या रोकने के दिशा-निर्देशों का क्रियान्वयन सुनिश्चित करे।

शिक्षा का मूल उद्देश्य क्या है? महात्मा गांधी ने कहा था- 'शिक्षा का अर्थ है शरीर, मन और आत्मा का सम्यक विकास।' स्वामी विवेकानंद ने भी कहा 'शिक्षा वह है जो व्यक्ति में आत्मविश्वास, आत्मसंयम और आत्मबल भर दे।' परंतु आज की शिक्षा न शरीर को स्वस्थ रख पा रही है, न मन को शांत, न आत्मा को ऊँचा। बच्चों को किताबों के बोझ तले दबा दिया गया है, पर जीवन की समझ नहीं दी गई। उन्हें बताया गया कि असफलता अपराध है, जबकि जीवन का सबसे बड़ा शिक्षक तो असफलता ही होती है। माता-पिता और शिक्षक दोनों को यह समझना होगा कि बच्चा कोई प्रोजेक्ट नहीं, एक जीवित आत्मा है। उसे सफलता के साँचे में ढालने से पहले उसे अपने ढंग से खिलने का अवसर देना जरूरी है। शिक्षक यदि केवल अंक देने वाले बन जाएँ और अभिभावक केवल रिपोर्ट कार्ड से बच्चे की योग्यता मापें, तो बच्चे का आत्मसम्मान कुचलना निश्चित है। जरूरी है कि घर और स्कूल दोनों जगह एक भावनात्मक संवाद स्थापित हो-जहाँ बच्चा अपनी असफलता, डर और उलझन को बिना भय के साझा कर सके।

भारत में मानसिक स्वास्थ्य को अब भी गंभीरता से नहीं लिया जाता। अधिकांश स्कूलों में काउंसलिंग सिस्टम या तो है ही नहीं या नाममात्र का है। बच्चों को यह सिखाया ही नहीं जाता कि 'तनाव से कैसे निपटें', 'असफलता को कैसे स्वीकारें' या 'भावनाओं को कैसे व्यक्त करें।' जिन्हें हम 'टॉपर' कहते हैं, वे अक्सर भीतर से टूटे हुए होते हैं। आत्महत्या करने वाले बच्चों के पीछे अक्सर यह मनोवैज्ञानिक सत्य होता है कि उन्होंने कभी किसी से अपनी व्यथा कही ही नहीं। शिक्षा को केवल सूचना-प्राप्ति का माध्यम नहीं, जीवन-समझ का साधन बनाना होगा। जब तक बच्चों को यह नहीं सिखाया जाएगा कि जीवन अंक-पत्र से बड़ा है, तब तक यह संकट बना रहेगा। विद्यालयों में ध्यान, योग, संवाद, कला, संगीत और नैतिक शिक्षा को अनिवार्य बनाना चाहिए। सिर्फ पाठ्यक्रम नहीं, संवेदना-केंद्रित संस्कृति गढ़नी होगी।

देश में मोटी पगार वाली नौकरियों की गलाकाट स्पर्धा में शिक्षण संस्थाएं व शिक्षक उस दायित्व को भूल गए हैं, जो छात्रों को विषयगत शिक्षा के साथ विषम परिस्थितियों के बीच जीवन जीने की कला सिखा सके। उन्हें व्यावहारिक जीवन का कौशल सिखाने के साथ ही चुनौतियों से जूझने की मानसिक शक्ति विकसित करने के लिए तैयार कर सकें। आखिर किसी परिवार की उम्मीद को किस स्थिति में यह सोचना पड़ता है कि मौत को गले लगाना अंतिम विकल्प है? शिक्षा परिसरों में ऐसी स्थितियां क्यों विकसित हो रही हैं कि विद्यार्थी जीवन से हार मानने लगे हैं? निस्संदेह, शिक्षण संस्थानों का एक मात्र लक्ष्य किताबी ज्ञान देकर डिग्री बांटने तक ही नहीं हो सकता।यह प्रश्न अब टालने योग्य नहीं रहा कि क्या हम बच्चों को पढ़ा रहे हैं या उन्हें धीरे-धीरे तोड़ रहे हैं? शिक्षा यदि आत्महत्या का कारण बन जाए, तो उससे बड़ा विडंबनापूर्ण पराजय कोई नहीं। जरूरत है ऐसी शिक्षा की जो बच्चों को जीवन से प्रेम करना सिखाए, न कि जीवन से भागना। महर्षि अरविंद ने कहा था- 'सच्ची शिक्षा वह है जो भीतर की दिव्यता को प्रकट करे।' समय आ गया है कि हम शिक्षा की दिशा को पुनर्परिभाषित करें, जहाँ परीक्षा नहीं, व्यक्तित्व महत्वपूर्ण हो; रैंक नहीं, रचनात्मकता का मूल्य हो; और सफलता नहीं, संतुलन एवं सुख शिक्षा का लक्ष्य बने। यदि हम यह नहीं कर पाए, तो आने वाले वर्षों में यह आंकड़ा-14,000 से बढ़कर, हमारी सामूहिक संवेदनहीनता की जीवित कब्र बन जाएगा। निस्संदेह, देश के स्कूली छात्रों में आत्मघात की प्रवृत्ति राष्ट्र की गंभीर क्षति है, जिसे संवेदनशील ढंग से दूर करने की तत्काल जरूरत है।

# सीएमएस-03: अंतरिक्ष में भारतीय संचार का नया सितारा

**योगेश कुमार गोयल**

पिछले दिनों श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से 'बाहुबली' रॉकेट एलवीएम3-एम5 ने भारत के अब तक के सबसे भारी संचार उपग्रह सीएमएस-03 को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में पहुंचाया और उसी के साथ भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक बार फिर इतिहास रच दिया। यह प्रक्षेपण न केवल भारत की अंतरिक्ष यात्रा में एक नई छलांग है बल्कि यह उस आत्मनिर्भरता का प्रतीक भी है, जिसकी परिकल्पना आज का भारत अपने वैज्ञानिक संकल्प से साकार कर रहा है। करीब 4,410 किलोग्राम वजनी सीएमएस-03 उपग्रह को जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट (जीटीओ) में स्थापित किया गया है। यह भारत की धरती से अब तक छोड़ा गया सबसे भारी संचार उपग्रह है। यह उपग्रह भारत तथा आसपास के समुद्री क्षेत्रों में मल्टी-बैंड संचार सेवाएं प्रदान करेगा और अगले 15 वर्षों तक देश की संचार प्रणाली की रीढ़ साबित होगा। इस मिशन की सफलता ने एक बार फिर इसरो की वैज्ञानिक दक्षता, तकनीकी परिपक्वता और अडिग संकल्प का प्रमाण दिया है।

'बाहुबली' नाम अपने आप में इस रॉकेट की क्षमता का परिचायक है। एलवीएम3 (लॉन्च व्हीकल मार्क-3) इसरो का सबसे शक्तिशाली प्रक्षेपण यान है, जो लगभग 43.5 मीटर ऊंचा और तीन चरणों में कार्य करने वाला रॉकेट है। इसकी भार वहन क्षमता ही इसे 'बाहुबली' का दर्जा देती है। यह रॉकेट लगभग 4,000 किलोग्राम वजन तक के उपग्रहों को जीटीओ में और 8,000 किलोग्राम तक के उपग्रहों को पृथ्वी की निम्न कक्षा (लो अर्थ ऑर्बिट) तक पहुंचाने में सक्षम है। यह वही रॉकेट है, जिसने भारत को विश्व पटल पर गौरव दिलाने वाला ऐतिहासिक चंद्रयान-3 मिशन लॉन्च किया था, जिसने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर भारत का झंडा लहराया।

एलवीएम3-एम5 रॉकेट तीन चरणों में कार्य करता है। पहले चरण में इसके दो ठोस बूस्टर रॉकेट एस-200 प्रारंभिक लिफ्ट ऑफ के लिए भारी थ्रस्ट उत्पन्न करते हैं। दूसरे चरण में एल-110 लिक्विड प्रोपल्शन स्टेज आता है, जिसे विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र में विकसित किया गया है। तीसरे और अंतिम चरण में क्रायोजेनिक इंजन सी-25 कार्य करता है, जो सैटेलाइट को सटीक रूप से उसकी कक्षा में स्थापित करने की अंतिम जिम्मेदारी निभाता है। यह जटिल प्रणाली और उसकी सटीक कार्यप्रणाली भारत की उस इंजीनियरिंग दक्षता की परिचायक है, जिसने आज विश्व की शीर्ष चार अंतरिक्ष शक्तियों में भारत को स्थापित किया है।

इसरो के इस मिशन की सबसे बड़ी सफलता यह है कि यह भारत को भारी उपग्रह प्रक्षेपण में पूर्ण आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर करता है। इससे पहले इसरो को अपने भारी उपग्रहों के लिए विदेशी लॉन्च सेवाओं का सहारा लेना पड़ता था, जैसे कि दिसंबर 2018 में जीएसएटी-11 को फ्रैंच गयाना से एरिएन-5 रॉकेट द्वारा प्रक्षेपित किया गया था। उस समय जीएसएटी-11 (5854 किलोग्राम) इसरो का सबसे भारी उपग्रह था परंतु वह भारत से लॉन्च नहीं हो सका था। आज सीएमएस-03 के सफल प्रक्षेपण के साथ भारत ने यह उपलब्धि अपने दम पर हासिल कर ली है। सीएमएस-03 को इसरो के वैज्ञानिकों ने आधुनिक संचार अवसंरचना की बढ़ती आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया है। यह एक मल्टी-बैंड कम्युनिकेशन सैटेलाइट है, जो देश के दूरस्थ और समुद्री इलाकों में तेज और विश्वसनीय संचार सेवाएं सुनिश्चित करेगा। इस उपग्रह के माध्यम से रक्षा क्षेत्र, नौसेना, आपदा प्रबंधन, नागरिक संचार और डिजिटल कनेक्टिविटी में क्रांतिकारी सुधार होगा। विशेष रूप से यह नौसेना के लिए समुद्री क्षेत्रों में सुरक्षित और निर्बाध संचार नेटवर्क प्रदान करेगा, जिससे भारत की समुद्री सुरक्षा क्षमताएं कई गुना बढ़ जाएंगी। भारत की समुद्री सीमाएं लगभग 7,500 किलोमीटर लंबी हैं और उसके पास व्यापक आर्थिक क्षेत्र है। ऐसे में सुदूर समुद्री इलाकों में संचार का सशक्त नेटवर्क आवश्यक है। सीएमएस-03 इस दिशा में एक बड़ा कदम है, जो भारतीय नौसेना को रणनीतिक रूप से अधिक सशक्त और आत्मनिर्भर बनाएगा। इसके अलावा, यह देश के ग्रामीण और दूरदराज इलाकों में डिजिटल पहुंच को भी सुदृढ़ करेगा। एलवीएम3-एम5 मिशन की सफलता इस बात का भी प्रमाण है कि भारत अब न केवल वैज्ञानिक तकनीक का उपभोक्ता देश है बल्कि वह तकनीक निमार्ता और नवोन्मेषी शक्ति के रूप में भी उभर चुका है। इसरो के वैज्ञानिकों ने खराब मौसम की चुनौतियों और अत्यधिक जटिल तकनीकी परिस्थितियों में भी इस मिशन को सफलता तक पहुंचाया। इसरो प्रमुख वी. नारायणन के शब्दों में, यह बाहुबली रॉकेट की ताकत का एक और प्रमाण है। उपग्रह को सटीक रूप से कक्षा में स्थापित किया गया है और यह हमारे वैज्ञानिकों की अथक मेहनत का परिणाम है। एलवीएम3-एम5 रॉकेट की अब तक की सभी आठ उड़ानें 100 प्रतिशत सफल रही हैं। यह सफलता दर किसी भी विकसित अंतरिक्ष एजेंसी के मानकों पर श्रेष्ठ मानी जा सकती है। भारत के लिए यह मिशन केवल एक तकनीकी उपलब्धि नहीं है बल्कि यह उस दृष्टि का विस्तार है, जो प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत 2047' के संकल्प से जुड़ी है। आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत ने हाल के वर्षों में जो प्रगति की है, उसने न केवल विश्व को चकित किया है बल्कि निजी उद्योगों और स्टार्टअप्स के लिए भी अंतरिक्ष तकनीक में नए अवसर खोले हैं। सीएमएस-03 मिशन भारत की उस अंतरिक्ष नीति को भी मजबूत करता है, जिसके तहत देश आने वाले वर्षों में वाणिज्यिक प्रक्षेपण सेवाओं का प्रमुख केंद्र बनने की ओर अग्रसर है। भारत अब वैश्विक स्तर पर उन चुनिंदा देशों में शामिल हो गया है, जो भारी उपग्रहों को स्वयं की तकनीक से अंतरिक्ष में भेजने में सक्षम हैं। इससे न केवल विदेशी मुद्रा की बचत होगी बल्कि भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम की वैश्विक विश्वसनीयता भी बढ़ेगी।

इसरो के मिशनों की सबसे बड़ी विशेषता यही रही है कि उसने हर उपलब्धि सीमित बजट में हासिल की है। एलवीएम3 की संरचना और प्रदर्शन का स्तर यूरोपियन एरिएन-5 या अमेरिकी फाल्कन-9 जैसी श्रेणी के रॉकेटों के समान है जबकि इसकी लागत उन मिशनों की तुलना में बेहद कम है। यही भारतीय प्रतिभा और वैज्ञानिक अनुशासन की असली पहचान है। इस मिशन का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि सीएमएस-03 से भारत की डिजिटल कनेक्टिविटी और रक्षा नेटवर्क दोनों को मजबूती मिलेगी। देश के सुदूरवर्ती द्वीपों, सीमांत इलाकों और समुद्री मार्गों पर निर्बाध संचार स्थापित करना अब अधिक आसान होगा। इस मिशन के जरिए भारत का संचार तंत्र और आपदा प्रबंधन प्रणाली भी अधिक सटीक और प्रभावी होगी।

यह उपलब्धि भारतीय युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। आज जब विश्व अंतरिक्ष की नई प्रतिस्पर्धा में प्रवेश कर चुका है, जहां अमेरिका, रूस, चीन और यूरोप अपनी तकनीकी श्रेष्ठता सिद्ध करने की होड़ में हैं, भारत ने शांत, दृढ़ और सटीक वैज्ञानिक दृष्टिकोण से अपनी अलग पहचान बनाई है। चंद्रयान-3 के बाद 'बाहुबली' की यह सफलता भारत की उसी निरंतर प्रगति का प्रतीक है, जिसने विज्ञान को राष्ट्रीय गौरव से जोड़ा है।

कुल मिलाकर, भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम अब केवल खोज का नहीं बल्कि सशक्त राष्ट्र निर्माण का माध्यम बन चुका है। सीएमएस-03 केवल एक उपग्रह नहीं बल्कि भारत की तकनीकी क्षमता, आत्मविश्वास और दूरदृष्टि का प्रतीक है। यह उस युग का उद्घोष है, जिसमें भारत अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में नेतृत्व की भूमिका निभाने की दिशा में निरंतर अग्रसर है। इसरो के वैज्ञानिकों ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि भारत की प्रतिभा, अनुशासन और धैर्य का कोई विकल्प नहीं। 'बाहुबली' की यह उड़ान आने वाले दशकों तक भारतीय विज्ञान की उपलब्धियों में स्वर्णाक्षरों में अंकित रहेगी। यह केवल एक प्रक्षेपण नहीं बल्कि भारत की उस उड़ान का प्रतीक है, जो अपनी शक्ति, अपनी तकनीक और अपने संकल्प के बल पर सीमाओं से परे अंतरिक्ष तक पहुंच चुकी है।

# भारत की ओर आशा भरी निगाहों से देख रही है दुनिया -संघप्रमुख

**कृष्णमोहन झा**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत अपने व्याख्यानों में इस बात को विशेष रूप से रेखांकित करते हैं कि आज सारी दुनिया संकट के दौर से गुजर रही है और उसे इससे बाहर निकालने में भारत को महत्त्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करना है। इसी लिए सारी दुनिया भारत की ओर आशा भरी निगाहों से देख रही है। संघ प्रमुख ने विगत दिनों जबलपुर में स्वामी नारायण संस्था द्वारा आयोजित जीवन उत्कर्ष महोत्सव के मंच से अपने इस मंतव्य को पुनः दोहराते हुए कहा कि दुनिया भारत से यह अपेक्षा इसलिए रखती है क्योंकि भारत ने अपनी संस्कृति और आध्यात्मिकता की धरोहर को आज भी संजोकर रखा है और उसने हमेशा धर्म और संस्कृति के मार्ग का अनुसरण किया है। यही कारण है कि भारत ने समय समय पर दुनिया को सही मार्ग दिखाने का दायित्व निभाने में सफल हुआ है। भागवत ने कहा कि सामान्य भाषा में संस्कृति का अर्थ है संस्कार युक्त आचरण ।एक दूसरे के प्रति सद्भावना और आत्मीयता का भाव होने से समाज में सौहार्द्र बना रहता है अन्यथा शत्रुतापूर्ण संबंध होते हैं और झगड़े बढ़ते हैं।

संघ प्रमुख ने कहा कि वास्तव में हम सब एक हैं और एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। यह जुड़ाव भारत के पास है दुनिया के पास नहीं है इसलिए दुनिया भारत की ओर आशा भरी निगाहों से देख रही है। संघ प्रमुख ने जोर देकर कहा कि यह जुड़ाव संतों की वजह से है ।संत ईश्वर का अंश हैं । संत और भगवंत में कोई अंतर नहीं है। संतों की वाणी समाज को उचित मार्ग दिखाती है इसीलिए संघ के स्वयंसेवक संतों की सेवा में हैं। संघ प्रमुख ने कहा कि संतों के प्रवचन चलते रहें इसलिए हम डंडा लेकर खड़े हैं। यही हमारी संतों के प्रति सेवा है ।संघ प्रमुख ने कहा कि यदि हमें ज्ञान नहीं है, वेद पुराण मालूम नहीं है तो भी संत आपके भाव की वजह से आपके साथ रहकर आपका उद्धार कर सकते हैं। इस अवसर पर मोहन भागवत ने बताया कि वे दीर्घकाल से अक्षर धाम स्वामी नारायण संस्था से जुड़े रहे हैं और प्रमुख स्वामी महाराज से उनकी भेंट होती रही है। इसके साथ ही महंत स्वामी महाराज के साथ भी वे सतत संपर्क में रहे हैं।

बीएपीएस स्वामी नारायण संस्था के आध्यात्मिक गुरु ईश्वरी चरण स्वामी भी इस पंच दिवसीय जीवन उत्कर्ष महोत्सव के उद्घाटन समारोह में उपस्थित थे। यह कार्यक्रम बीएपीएस संस्था के आध्यात्मिक प्रमुख महन्त स्वामी महाराज के जीवन और शिक्षा को समर्पित है। इस अवसर पर संघ प्रमुख ने स्वामी भद्रेशदास की एक पुस्तक का विमोचन भी किया। पुस्तक की विषय वस्तु को महत्वपूर्ण बताते हुए संघ प्रमुख ने कहा कि प्रमुख स्वामी महाराज के जीवन पर प्रकाश डालने वाली यह पुस्तक हमें अनुभूति कराती है कि हमारा जीवन कैसा होना चाहिए। हमें इसका पालन कर स्वयं को सुधारना है और साथ के लोगों को भी सुधारना है इसके साथ ही पूरे देश को भी सुधारना है क्योंकि सारी दुनिया ने भारत से उम्मीदें लगा रखी हैं। उल्लेखनीय है कि दुनिया भर में स्वामी नारायण संस्था से जुड़े 200 से अधिक प्रमुख संत जीवन उत्कर्ष महोत्सव में सम्मिलित होने के लिए पहुंचे। गौरतलब है कि विश्व के 55 से अधिक देशों में अक्षरधाम स्वामी नारायण संस्था के लगभग 1800 अधिक मंदिर हैं। बीएपीएस स्वामी नारायण संस्था के पंच दिवसीय भव्य जीवन उत्कर्ष महोत्सव में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव की उपस्थिति भी उल्लेखनीय रही। इस अवसर पर उन्होंने अपने भाषण में सनातन संस्कृति को अद्भुत बताते हुए कहा कि संस्कारों की जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका होती है और उत्तम संस्कारों से जीवन में बदलाव आता है। मोहन यादव ने कहा कि अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने की संभावनाओं को बलवती बनाने की सामर्थ्य भारत के पास है इसीलिए भारत को दुनिया विश्व गुरु के रूप में देखती आई है। मुख्यमंत्री ने अबूधाबी में बीएपीएस स्वामी नारायण संस्था द्वारा निर्मित हिंदू मंदिर को अद्भुत बताते हुए कहा कि जबलपुर में आयोजित इस पंच दिवसीय जीवन उत्कर्ष महोत्सव में स्वामी नारायण संस्था के प्रमुख महन्त की उपस्थिति हम प्रदेश वासियों के लिए गौरव का विषय है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री मोहन यादव की इस घोषणा का विशेष रूप से स्वागत किया गया कि "चलो बनें आदर्श" कार्यक्रम के अंतर्गत स्वामी नारायण संस्था द्वारा मध्यप्रदेश के स्कूलों में छात्रों को नैतिक शिक्षा प्रदान की जाएगी। इसी तरह संस्था द्वारा देश के 30 विश्वविद्यालयों और 200 महाविद्यालयों में संचालित इंटीग्रेटेड पर्सनेलिटी डेवलपमेंट कार्यक्रम जबलपुर के रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय और एक निजी महाविद्यालय में भी प्रारंभ किया जाएगा।

मध्यप्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्री राकेश सिंह ने भी इस कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। राकेश सिंह ने मंच से दिए गए अपने भाषण में महंत स्वामी महाराज की निस्वार्थ सेवा भावना और विनम्रता को स्तुत्य बताते हुए उनके जीवन को सभी के लिए अनुकरणीय बताया और जबलपुर में भी स्वामी नारायण संस्था के भव्य मंदिर के निर्माण की अभिलाषा व्यक्त की। इस गरिमामय कार्यक्रम में ज्ञानेश्वर स्वामी जी महाराज ने अपने सारगर्भित विचार व्यक्त करते हुए दूसरों के उत्कर्ष में सहयोग को ही सेवा का श्रेष्ठ मार्ग बताया।

**(लेखक राजनैतिक विश्लेषक है)**

## दैनिक पंचांग

**9 नवम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




**रविवार** 2025 वर्ष का 313 वा दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** शरद।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** मृगशीर्ष (दक्षिण भारत में कार्तिक) **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** पंचमी 01.56 बजे रात्र को समाप्त।
**नक्षत्र** आर्द्रा 20.05 बजे को समाप्त।
**योग** सिद्ध 15.02 बजे को समाप्त।
**करण** कौलव 15.06 बजे तदनन्तर तैतिल 01.56 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 18.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 16° 52'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872523
**जूलियन दिन** 2460988.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** जमादि उल्लावल **तारीख** 17

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | तुला में | वृश्चिक | 06.47 ब.से |
| चंद्र | मिथुन में | धनु | 09.03 बजे से |
| मंगल | वृश्चिक में | मकर | 11.08 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | कुंभ | 12.55 बजे से |
| गुरु | कर्क में | मीन | 14.28 बजे से |
| शुक्र | तुला में | मेष | 15.58 बजे से |
| शनि | मीन में | वृष | 17.38 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मिथुन | 19.36 बजे से |
| केतु | सिंह में | कर्क | 21.50 बजे से |
| | | सिंह | 00.06 बजे से |
| | | कन्या | 02.18 बजे से |
| | | तुला | 04.28 बजे से |

**राहुकाल** 4.30 से 6.00 बजे तक

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 से | 07.23 | बजे तक | शुभ | 05.36 से | 07.09 | बजे तक |
| चर | 07.23 से | 08.51 | बजे तक | अमृत | 07.09 से | 08.41 | बजे तक |
| लाभ | 08.51 से | 10.18 | बजे तक | चर | 08.41 से | 10.14 | बजे तक |
| अमृत | 10.18 से | 11.46 | बजे तक | रोग | 10.14 से | 11.46 | बजे तक |
| काल | 11.46 से | 01.14 | बजे तक | काल | 11.46 से | 01.19 | बजे तक |
| शुभ | 01.14 से | 02.41 | बजे तक | लाभ | 01.19 से | 02.51 | बजे तक |
| रोग | 02.41 से | 04.09 | बजे तक | उद्वेग | 02.51 से | 04.24 | बजे तक |
| उद्वेग | 04.09 से | 05.36 | बजे तक | शुभ | 04.24 से | 05.53 | बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### श्रीरामपुरी बने झारखंड क्रिकेट रणजी टीम के मैनेजर



**सिमडेगा** : जेएससीए के बोर्ड सदस्य सह जिला क्रिकेट संघ के मार्गदर्शक श्रीराम पुरी को झारखंड रणजी क्रिकेट टीम का मैनेजर नियुक्त किया गया है। रणजी मैच खेलने के लिए झारखंड की टीम श्रीरामपुरी के अगुवाई में अहमदाबाद जाएगी। हॉकी की नर्सरी के नाम से पहचान बनाने वाले सिमडेगा जिला अब धीरे-धीरे क्रिकेट क्षेत्र में भी आगे बढ़ रहा है। सरकार अगर जिले को संसाधन उपलब्ध कराए तो आने वाले समय में जिले से क्रिकेट के भी कई सितारे निकलेंगे। इधर श्रीरामपुरी को रणजी क्रिकेट टीम का मैनेजर बनाए जाने पर जिला क्रिकेट संघ ने उन्हें बधाई दी है।

### मिशन पर्व पर सजेगा खेल का महाकुंभ

**सिमडेगा** : सदर प्रखंड की बराबर पानी पंचायत के बिरनी बेड़ा मैदान में आगामी दिनांक 9 नवम्बर 2025, अपराह्न 1:30 बजे से मिशन पर्व के पावन अवसर पर हॉकी फाइनल मैच का भव्य शुभारंभ किया जाएगा। इस रोमांचक खेल समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। माननीय भूषण बाड़ा विधायक, सिमडेगा, जिनकी उपस्थिति से कार्यक्रम में उत्साह, उमंग और गौरव का संचार होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे अरुण सिंह, जो सदैव युवा शक्ति और खेल भावना को प्रेरित करते रहे हैं। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथियों के रूप में गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। जोशीमा खाखा, जिला परिषद सदस्य सिमडेगा, रेखा निराली बरवा मुखिया, बराबरपानी पंचायत,राजेन्द्र साहु प्रधानाचार्य, विवेकानंद शिशु/विद्या मंदिर उच्च विद्यालय, लचरागढ़, विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति से यह आयोजन और भी अधिक प्रेरणादायी एवं स्मरणीय बनेगा। इस अवसर पर मैदान में उत्साह, उमंग और खेल भावना का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। संपूर्ण पंचायत और आसपास के क्षेत्रवासी इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनेंगे। इस संबंध में जानकारी आयोजन समिति के अध्यक्ष विकास बाड़ा ने दी है। आइए, शामिल होकर बनें इस गौरवशाली पल के सहभागी जहाँ मिशन पर्व बनेगा एकता, खेल और समन्वय का प्रतीक।

### वंदे मातरम स्वदेशी आंदोलन का प्रमुख नारा भी था : विमला

**सिमडेगा** : भारतीय जनता पार्टी सिमडेगा की जिला कार्यालय में एस टी मोर्चा के तत्वावधान में एक दिवसीय बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एस टी मोर्चा जिलाध्यक्ष राकेश रविकांत प्रधान ने कहा कि वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूरे होने पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर कार्यक्रम चलाया जा रहा है इसी निमित्त सिमडेगा जिले के सभी मंडलों में भी कार्यक्रम चलाया जाएगा इसकी रूपरेखा तैयार की जा रही है। बैठक को सम्बोधित करते हुए पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने कहा कि वंदे मातरम गीत का स्वतंत्रता संग्राम में अहम भूमिका थी देश की जनता इस गीत को सुनकर स्वतंत्रता संग्राम में कूद पड़ी थी इसके इतिहास के बारे में लोगों को बताना है 1875 में यह गीत बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय के द्वारा रचित था एवं वंदे मातरम का प्रसिद्ध वाचन वर्ष 1896 में रविंद्र नाथ टैगोर द्वारा कोलकाता में किया गया, देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद ने 1950 में वंदे मातरम को राष्ट्रीय गीत का दर्जा दिया, देशभर में विभाजन के विरुद्ध हुए आंदोलन के दौरान वंदे मातरम गीत राष्ट्रवाद एकता और ब्रिटिश शासन के विरोध में प्रतिरोध का सशक्त प्रतीक बन गया था, और इस गाना से प्रेरित होकर इसका प्रभाव पूरे देश में पड़ा नतीजा यह हुवा की ब्रिटिश सरकार द्वारा वंदे मातरम नारे को पूरे देश में प्रतिबंध लगा दिया गया।

# नीति आयोग की टीम ने रामगढ़ जिले का किया दौरा, पतरातू में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़** : नीति आयोग की टीम ने शनिवार को रामगढ़ जिले का दौरा किया। इस दौरान टीम में एडिशनल डायरेक्टर नीति आयोग आनंद शेखर, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, झारखंड एवं मध्य प्रदेश राज्य के वरीय अधिकारी, अधिकारी, आकांक्षी जिला/ प्रखंड फेलो, जिला योजना पदाधिकारी आदि शामिल थे। नीति आयोग की टीम के द्वारा पतरातू प्रखंड अंतर्गत कोतो पंचायत के बिरहोर टोला में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया गया। सर्वप्रथम टीम का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया जिसके के उपरांत विधिवत रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान एडिशनल डायरेक्टर ने सभी को संबोधित करते हुए सरकार द्वारा आकांक्षी जिला एवं प्रखंड कार्यक्रम के तहत किए जा रहे हैं कार्यों की जानकारी दी। मौके पर उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए किए जाने वाले कार्यों को लेकर विस्तृत जानकारी सभी को दी। उप विकास आयुक्त, रामगढ़ आशीष अग्रवाल ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि जिला प्रशासन रामगढ़ आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत चयनित पतरातू प्रखंड के योजनाबद्ध विकास के तहत कार्य कर रहा हैं। इसके लिए जिला प्रशासन एवं प्रखंड प्रशासन आपसी समन्वय के साथ कार्य कर रहा है। मौके पर उन्होंने सरकार के कई महत्वाकांक्षी योजनाओं एवं योजनाओं के तहत हुए कार्यों की जानकारी सभी को दी। कार्यक्रम के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी पतरातू मनोज कुमार गुप्ता के द्वारा आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत चयनित पतरातू प्रखंड में चल रहे विकास कार्यों एवं योजनावार लक्ष्य एवं प्राप्ति की विस्तृत जानकारी सभी को दी। मौके पर नीति आयोग की टीम के द्वारा बिरहोर समूह के लोगों से सीधा संवाद किया गया एवं उनसे सरकार की योजनाओं का लाभ लेने की अपील की गई। टीम के द्वारा बिरहोर टोला में कई योजनाओं का निरीक्षण किया गया वहीं बिरसा आवास योजना के तहत निमार्णाधीन आवास में श्रमदान किया गया। साथ ही टीम के द्वारा जिला समाज कल्याण कार्यालय द्वारा आयोजित अन्नप्राशन कार्यक्रम सहित अन्य कार्यक्रमों में भी हिस्सा लिया गया। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन जिला योजना पदाधिकारी रामगढ़ संतोष भगत के द्वारा किया गया।

## किसानों को प्रशिक्षण हेतु राष्ट्रीय भवन अनुसंधान संस्थान, कटक भेजा गया



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा** : शुक्रवार को केंद्र प्रायोजित राष्ट्रीय खाद्य मिशन योजना अंतर्गत सिमडेगा जिले के विभिन्न प्रखंडों से चयनित 25 किसानों को प्रशिक्षण हेतु राष्ट्रीय भवन अनुसंधान संस्थान, कटक (ओडिशा) भेजा गया। जिले की उपायुक्त कंचन सिंह, उप विकास आयुक्त दीपांकर चौधरी, जिला कृषि पदाधिकारी माधुरी टोप्पो एवं उप परियोजना पदाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर किसानों के दल को रवाना किया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 8 नवंबर से 13 नवंबर 2025 तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक, खाद्य सुरक्षा, उत्पादन वृद्धि एवं वैज्ञानिक तरीकों की जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण उपरांत सभी किसान जिले लौटकर अर्जित ज्ञान का उपयोग कृषि उत्पादकता बढ़ाने में करेंगे। उपायुक्त ने आशा व्यक्त की कि यह पहल किसानों को आत्मनिर्भर और तकनीकी रूप से सक्षम बनाने में सहायक सिद्ध होगी।

## रामगढ़ की बेटियों ने स्कूली बैंड की धुन पर राजधानी में जीता सबका दिल : नीलम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रामगढ़** : स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखण्ड सरकार के अंर्तगत झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के तत्वाधान में 7 नवंबर 2025 आयोजित राज्यस्तरीय स्कूली बैंड प्रतियोगिता का भव्य आयोजन खेलगांव स्थित बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम में किया गया। इस प्रतियोगिता में सीएम एसओई कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय कैथा रामगढ़ के टीम ने भाग लिया। जिसमें बैंड के ग्रुप कैप्टन रानी कुमारी की नेतृत्व में 25 सदस्य टीम ने पाईप बैंड में शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य भर में दूसरा स्थान प्राप्त किया। प्रदर्शन के दौरान टीम ने कई अलग अलग देश भक्ति गीतो के धुन पर शानदार बैंड का प्रदर्शन करते हुए विजेता बनीं। वहीं जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम ने बधाई देते हुए कहा कि खेलो झारखण्ड राज्य स्तरीय स्कूली बैंड प्रतियोगिता में रामगढ़ दूसरा विजेता बना हैं। यह गौरव का क्षण हैं। इसके लिए हमारे शिक्षा विभाग के सभी पदाधिकारी, शारीरिक शिक्षा शिक्षक और कस्तूरबा की पूरी टीम का कड़ी मेहनत का परिणाम है। सभी लोग बधाई के पात्र हैं। वहीं जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार ने बधाई देते हुए कहा कि बैंड का प्रदर्शन से आने वाले लगातार अच्छा परिणाम हो रहा है। खेलो के बहुत आगे बढ़ रहे हैं। हमारे जिला के स्कूली बच्चियों ने स्कूली बैंड प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीतकर पूरे राज्य में दूसरा विजेता बनीं है। इससे आने वाले बच्चे भी प्रेरित होकर आगे जाएंगे। वहीं एडीपीओ नलिनी रंजन ने बधाई देते कहा कि बैंड की टीम को सिख रेजिमेंट सेंटर रामगढ़ के सूबेदार मेजर कुलवंत सिंह के द्वारा विशेष प्रशिक्षण लगातार दिया गया। रामगढ़ जिला के लिए बैंड में सफलता की शुरूवात हैं आने वाले समय में हमारे बच्चे गोल्ड मेडल भी जीतेंगे। अभी कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में बैंड की टीम हैं आने वाले समय में जिले के हर विद्यालय में बैंड की टीम बने इसके लिए विभागीय तौर पर प्रयास किया जा रहा हैं।

## सिमडेगा में आदिवासी छात्रसंघ का हस्ताक्षर अभियान शुरू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**सिमडेगा** : जिला के विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों के छात्रझछात्राओं ने वित्तीय वर्ष 2024-25 की छात्रवृत्ति नहीं मिलने, तथा झारखंड सरकार द्वारा पिछले चारझपाँच वर्षों में लगभग 2.07 लाख सरकारी नौकरियों के पद् समाप्त करने और लाखों रिक्त पदों पर अबतक भर्ती प्रक्रिया शुरू नहीं करने के खिलाफ आवाज उठाई है। इस मुद्दे को लेकर आदिवासी छात्रसंघ, जिला समिति सिमडेगा द्वारा आज से हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत की गई। इस अभियान का उद्देश्य राज्य सरकार तक छात्रों की आवाज पहुँचाना और शिक्षा एवं रोजगार से जुड़े अधिकारों की पुनः बहाली की मांग करना है। आदिवासी छात्रसंघ सिमडेगा जिला के संयोजक सह ठेठईटांगर पश्चिमी जिप सदस्य अजय एक्का ने कहा कि सिमडेगा जिला के हजारों छात्र-छात्राओं को छात्रवृति नहीं मिलना दुर्भाग्यपूर्ण है, साथ ही झारखण्ड सरकार ने पिछले चार पांच सालों में 2.07 लाख सरकारी नौकरी खत्म कर दी एवं लगभग 1.59 लाख रिक्त पदों पर अबतक भर्ती प्रक्रिया सुरु नहीं की जिससे झारखण्ड के पढ़े लिखे युवा मजबूर होकर मजदूरी करने के लिए दूसरे राज्यों की ओर पलायन कर रहे हैं। सरकार युवाओं के सपनों को कुचलने का काम कर रही है लेकिन अब युवा अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो गए हैं अब जबतक अधिकार नहीं मिलता तबतक संघर्ष जारी रहेगा। आदिवासी छात्रसंघ के जिला अध्यक्ष रोशन डुंगडुंग ने कहा कि सिमडेगा के विद्यार्थियों को 2024-25 की छात्रवृत्ति नहीं मिली है, जिससे हजारों गरीब छात्रों की पढ़ाई पर असर पड़ा है। वहीं, लाखों रिक्त सरकारी पदों पर भर्ती न निकालकर सरकार युवाओं के भविष्य के साथ अन्याय कर रही है।

## विकास और जनहित के लिए सोमेश सोरेन को जिताएं : विधायक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा** : सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने शनिवार को घाटशिला में चुनाव प्रचार करते हुए झामुमो प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन के पक्ष में जनता से वोट मांगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व वाली महागठबंधन सरकार ने हमेशा आम जनता, किसानों, मजदूरों और युवाओं के हित में काम किया है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे विकास और जनहित के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए सोमेश चंद्र सोरेन को भारी मतों से विजयी बनाएं। भूषण बाड़ा ने केंद्र सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष केवल झूठे वादे करता है। जबकि महागठबंधन सरकार ने अपने हर वादे को धरातल पर उतारा है। उन्होंने कहा कि पार्टी की नीतियां राज्य के आदिवासी, दलित, पिछड़े और गरीब वर्गों के सशक्तिकरण के लिए समर्पित हैं। उन्होंने जनता से आह्वान किया कि वे एकजुट होकर झामुमो प्रत्याशी के समर्थन में मतदान करें ताकि झारखंड में विकास की रफ्तार और तेज हो सके।

# त्योहारों और नेटवर्क बाधा से कई अभ्यर्थी आवेदन नहीं कर सके, गृह रक्षक भर्ती की तिथि बढ़ाने की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिमडेगा** : झारखंड गृह रक्षा वाहिनी, सिमडेगा (विज्ञापन संख्या 01/2025) के अंतर्गत ग्रामीण एवं शहरी गृह रक्षकों की भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि 24 अक्टूबर से 7 नवम्बर 2025 तक निर्धारित की गई थी। किंतु इस अवधि में लगातार शरद पूर्णिमा, कार्तिक पूर्णिमा, दीपावली, गोवर्धन पूजा, भाई दूज, छठ पर्व एवं आदिवासी समाज का प्रमुख सोहराय पर्व मनाया गया। इन सभी त्योहारों के कारण जिले के अनेक अभ्यर्थी आवेदन नहीं कर पाए हैं। इस पर चिंता व्यक्त करते हुए भारत आदिवासी पार्टी के जिला अध्यक्ष अमृत चिराग तिर्की ने कहा झारखंड जैसे राज्य में त्योहार और सांस्कृतिक पर्व हमारे समाज की आत्मा हैं। लगातार चल रहे पर्वों और नेटवर्क बाधाओं की वजह से अनेक योग्य अभ्यर्थी आवेदन से वंचित रह गए हैं। यह सिर्फ एक आवेदन तिथि का सवाल नहीं, बल्कि हमारे ग्रामीण युवाओं और विद्यार्थियों के भविष्य का प्रश्न है। प्रशासन को अभ्यर्थियों के हित में गृह रक्षक भर्ती की अंतिम तिथि कम से कम एक सप्ताह तक बढ़ानी चाहिए ताकि हर इच्छुक युवा आवेदन कर सके।

उन्होंने आगे कहा कि ग्रामीण इलाकों के कई विद्यार्थी नेटवर्क की समस्या और पर्व-त्योहारों की व्यस्तता के कारण आवेदन फॉर्म भरने से रह गए। ऐसे में सरकार को युवाओं के हित में संवेदनशील निर्णय लेते हुए आवेदन की समय-सीमा बढ़ाने की दिशा में तत्काल कदम उठाना चाहिए। जिला अध्यक्ष ने यह भी कहा कि सिमडेगा जिले में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं गृह रक्षा वाहिनी में सेवा करने के इच्छुक हैं। आवेदन अवधि बढ़ने से न केवल युवाओं को अवसर मिलेगा बल्कि राज्य को एक सशक्त और अनुशासित गृह रक्षा बल भी मिलेगा। अमृत चिराग तिर्की ने बताया कि वर्तमान में वह घाटशिला उपचुनाव प्रचार कार्य में व्यस्त हैं, लेकिन जिले लौटते ही वे इस विषय को लेकर सिमडेगा जिला प्रशासन से मुलाकात करेंगे और अभ्यर्थियों के हित में आवेदन तिथि बढ़ाने का औपचारिक अनुरोध करेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस पर केरसई प्लस टू उच्च विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




**सिमडेगा** : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सिमडेगा के तत्वावधान में तथा झालसा के निदेर्शानुसार राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवसर पर शनिवार को लीगल लिटरेसी क्लब, प्लस टू उच्च विद्यालय, केरसई में एक विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य ज्वेल टेटे ने की। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षकगण, विद्यार्थीगण तथा पैरालीगल वॉलेंटियर (ढछश) विष्णु प्रसाद और उपेंद्र कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को उनके विधिक अधिकारों, नि:शुल्क विधिक सहायता, महिला एवं बाल अधिकार, तथा न्याय तक समान पहुँच के विषय में जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि विधिक साक्षरता से समाज में न्याय के प्रति जागरूकता आती है और हर व्यक्ति अपने अधिकारों की रक्षा कर सकता है। अंत में प्राचार्य श्री टेटे ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को कानून की बुनियादी समझ प्रदान करते हैं और उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं।

### आयुष चिकित्सा समिति के द्वारा एक दिवसीय शिविर का हुआ आयोजन



**केरसई** : प्रखंड में जिला आयुष समिति सिमडेगा के सौजन्य से प्रखंड के बासेन भेलवाटोली में एक दिवसीय आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक एवं योग पद्धति से स्वस्थ्य जांच किया गया और नि:शुल्क दवा वितरण किया गया। शिविर में कुल 107 लोगों का बी पी, सूगर एवं सामान्य स्वस्थ जांच किया गया। इस अवसर पर आयुष डॉ आशीष उरांव ने बताया कि आधुनिक जीवनशैली से लोगों में तनाव, अनिद्रा, बी पी, सूगर जैसे समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। शरीर के विभिन्न हिस्सों में दर्द संबंधी विकारों में आयुष पद्धति से इलाज कारगर साबित होता है। डॉ उरांव ने ग्रामीणों को बताया कि पौष्टिक आहार, मानक दिनचर्या, नित्य योग अभ्यास एवं प्राणायाम से व्यक्ति शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहता है। शिविर में योग शिक्षक घनश्याम राम ने चुनिंदा आसन, प्राणायाम के विधियों को बतलाकर लाभ के बारे में जागरूक किया गया। शिविर के आयोजन में देवनारायण जी, अंजनी जी, सहिया साथियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### तखत श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के महासचिव का रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब में सम्मान



**रामगढ़** : श्री गुरु तेग बहादुर महाराज के 350 साला शहीदी शताब्दी के उपलक्ष में पटना साहिब से आनन्दपुर साहिब तक निकाली गई जागृति यात्रा के जत्थेदार तखत श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के महासचिव स० इन्दरजीत सिंह कल रात धनबाद बोकारो होते हुए रामगढ़ मे जागृति यात्रा का रामगढ़ की गुरुद्वारा कमिटि एवं साध संगत द्वारा भव्य स्वागत करने, ठहरने एवं सभी तरह की व्यवस्था करने के लिये गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटि का धन्यवाद करने पहुंचे थे । रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब के प्रधान स० परमदीप सिंह कालरा एवं कमिटि के सदस्यों ने उनका हार्दिक स्वागत किया। आज गुरुद्वारा साहिब मे गुरुद्वारा साहिब के महासचिव स० हरदीप सिंह ने सिरोपाउ देकर उनका सम्मान किया एवं जागृति यात्रा में उनके योगदान की भूरी भूरी प्रशंसा की और भविष्य में और बढ़ चढ़ कर सेवा करने की कामना की। इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटि के बहुत सारे सदस्य मौजूद थे।

### राष्ट्रीय गीत केवल शब्दों का समूह नहीं, बल्कि यह हमारे देश की आत्मा का प्रतीक है : विजयंत



**रामगढ़** : एला एंगलाइज विद्यालय में आज का दिन देशभक्ति और खेल भावना से ओतप्रोत रहा। विद्यालय में 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसकी शुरूआत प्रात:कालीन सभा में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के सामूहिक गायन से हुई। पूरे प्रांगण में देशभक्ति की भावना से भरा माहौल देखने योग्य था। विद्यार्थियों ने मधुर स्वर में गीत प्रस्तुत कर सबके हृदयों में राष्ट्रीय एकता और गर्व की भावना जागृत की। प्राचार्य विजयंत कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय गीत केवल शब्दों का समूह नहीं, बल्कि यह हमारे देश की आत्मा का प्रतीक है, जो हम सभी को एक सूत्र में बांधता है। विद्यालय के उप प्राचार्य एवं सामाजिक विज्ञान विभाग के प्रमुख धर्मेश सोनी ने वंदे मातरम राष्ट्रगीत से संबंधित जानकारी को साझा किया। उन्होंने बताया कि भारत का राष्ट्रगीत वन्दे मातरम हमारे देश की एकता, सम्मान और मातृभूमि के प्रति समर्पण का प्रतीक है। यह गीत भारतीय जन-जन में देशभक्ति की भावना जागृत करता है और हमें अपनी मातृभूमि की महानता का स्मरण कराता है।राष्ट्रगीत ह्लवन्दे मातरम के रचयिता बंकिमचन्द्र चट्टोपाध्याय हैं। उन्होंने यह गीत अपने प्रसिद्ध उपन्यास आनंदमठ में लिखा था, जो सन 1882 ई. में प्रकाशित हुआ। यह गीत मूल रूप से संस्कृत और बंगला भाषा के मिश्रण में लिखा गया है। वन्दे मातरम शब्द का अर्थ है — माता, मैं तुझे प्रणाम करता हूँ। यह गीत भारत माता की भव्यता, सुंदरता और समृद्धि का वर्णन करता है। इसमें हमारे देश की नदियों, खेतों, हरियाली और पवन की मधुरता का सुंदर चित्रण है। पहली बार यह गीत 1896 ई. में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में रवीन्द्रनाथ टैगोर द्वारा गाया गया था। स्वतंत्रता संग्राम के समय यह गीत देशभक्तों का नारा बन गया। वन्दे मातरम के उद्घोष से स्वतंत्रता सेनानियों के हृदय में जोश और उमंग भर जाती थी। भारत की संविधान सभा ने 24 जनवरी 1950 को वन्दे मातरम को भारत का राष्ट्रगीत घोषित किया।

# डीसी के निर्देश पर अवैध गैस सिलेंडर भंडारण करने वालों पर हुई छापामारी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** डीसी हेमंत सती के द्वारा शोभनपुर भट्ठा स्थित संगीता स्वयं सहायता समूह एवं लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह संचालित राशन दुकानों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में डीसी ने राशन डीलरों से राशन कार्ड डिलीटेशन की स्थिति तथा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना अंतर्गत उड़ान पोर्टल से मिलने वाली सब्सिडी की जानकारी ली।इस दौरान उपभोक्ताओं द्वारा बताया गया कि उज्ज्वला सब्सिडी समय पर नहीं प्राप्त हो रही है, जिस पर डीसी ने संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके उपरांत डीसी ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत निर्मित व्यक्तिगत शौचालयों का निरीक्षण किया तथा ठोस कचरा पृथक्करण केंद्र का भी अवलोकन किया और वहां की व्यवस्था को और सुदृढ़ करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान मिली सूचना के आधार पर डीसी के निदेशानुसार महादेवगंज स्थित दो जनरल स्टोरों में अवैध गैस सिलेंडर भंडारण के मामले में त्वरित छापामारी की गई। छापामारी में सैलुद्दीन अंसारी के दुकान से 10 एचपी गैस सिलेंडर और काशिम अंसारी के दुकान से 18 एचपी गैस सिलेंडर बरामद किए गए। सभी सिलेंडरों को संबंधित थाना द्वारा जप्त किया गया है तथा डीसी ने आवश्यक विधिसम्मत कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के क्रम में जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### पोक्सो एक्ट वारंटी अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



**साहिबगंज :** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार पोक्सो एक्ट 40/23 व मुफ्फसिल थाना कांड संख्या 74/17 के स्थाई वारंटी राहुल पासवान (24), पिता टेम्हा उर्फ राजेश पासवान, साकिन शोभनपुर भट्ठा, थाना मुफ्फसिल, जिला साहेबगंज निवासी को पुलिस ने विधिवत गिरफ्तार किया गया। मुफ्फसिल पुलिस ने कागजी प्रक्रिया पूरी करने के उपरांत अभियुक्त को शारीरिक जांच के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज ले गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने फौरन शारीरिक जांच किया उसके बाद पुलिस ने अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

### 24 विद्यालयों के प्रभारी प्रधानाध्यापक से मांगा स्पष्टीकरण

**साहिबगंज :** जिला के मंडरो प्रखंड में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत सभी विद्यालयों में संचालित मध्यान भोजन का माह अक्टूबर का मासिक प्रतिवेदन नहीं जमा करने वाले 24 विद्यालयों के प्रभारी प्रधानाध्यापक से मंडरो प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने स्पष्टीकरण मांगा है। इस दौरान विभागीय पत्र भी जारी किया गया है, जिसमें कहा गया है कि जिला शिक्षा अधीक्षक साहिबगंज के द्वारा एक निर्धारित तिथि 1 से 4 तारीख तक सभी विद्यालयों के प्रभारी प्रधानाध्यापक को मध्यान भोजन का मासिक प्रतिवेदन जमा कर देना है, परंतु बार-बार स्मरण करने के बावजूद संबंधित विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक को द्वारा मासिक प्रतिवेदन समय पर नहीं जमा करना लापरवाही को दशार्ता है। मामले को लेकर संबंधित विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापकों से 24 घंटे के अंदर स्पष्टीकरण मांगा गया है, अन्यथा इस स्थिति में वेतन, मानदेय स्थगित करते हुए उच्च अधिकारियों को प्रेषित करने की बात कही गई है।

### मोंगरा में हुए सड़क दुर्घटना स्थल का सत्यापन

**साहिबगंज :** बोरियो थाना अंतर्गत मोंगरा में हुए सड़क दुर्घटना स्थल का सत्यापन एवं ऑन द स्पोर्ट रोड एक्सीडेंट डाटा एंट्री 24 घंटे के अंदर आईआरएडी/ईआरडीएडी पोर्टल में प्रविष्ट कराया गया। मौके पर केस के आईओ एएसआई देवनारायण साहू एवं एनआईसी साहिबगंज के आईआरएडी/ईआरडीएडी मैनेजर मनोज कुमार उपस्थित थे। पूर्व में हुई सड़क दुर्घटना को लेकर आईआरएडी/ईआरडीएडी मैनेजर मनोज कुमार ने कई आवश्यक बिंदुओं पर केस के इंचार्ज को विधि सम्मत काम करने की।

### ट्रैक्टर और स्विफ्ट डिजायर कार में जोरदार टक्कर बाल बाल बचा ड्राइवर

सिल्ली : सिल्ली शनिवार की सुबह सिल्ली रांची मुख्य मार्ग पर एक ट्रैक्टर और स्विफ्ट डिजायर कार में जोरदार टक्कर हो गई टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रैक्टर का चैंबर टूट गया और स्विफ्ट डिजायर सड़क किनारे कंबल बेच रहे एक दुकान में जा घुसी जिससे जान माल का क्षति नहीं हुई और सभी लोग बाल-बाल बच गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, स्विफ्ट डिजायर में सवार लोग पुरुलिया से रांची जा रहे थे। वहीं ट्रैक्टर चालक पेट्रोल पंप से तेल डलवाकर रांची पुलिया की ओर सड़क पर चढ़ रहा था। इसी दौरान अचानक आमने-सामने टक्कर हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य में जुट गए हादसे से सड़क पर कुछ समय तक आवागमन बाधित रहा प्रशासन के द्वारा वाहन हटवाकर ट्रैफिक सामान्य कराया गया।

## स्किल बर्थ अटेंडर को लेकर 21 दिवसीय प्रशिक्षण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** शनिवार को सदर अस्पताल के वेयर हाउस में स्किल बर्थ अटेंडर (एसबीए) को लेकर 21 दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया है। इसमे मुख्य रूप से डॉक्टर रंजन कुमार शामिल हुए। इसमें प्रशिक्षक जीएनएम, डॉली झा, जीएनएम, दीप्तिमय के द्वारा सभी को सुरक्षति प्रसव कराने पर जानकारी दी गई है। प्रसव के दौरान प्रसव के विभिन्न तरीके, जटिलता समेत अन्य बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई है। मृत्यु दर कम करने के मकसद से सीएचओ, एएनएम को कई आवश्यक जानकारी दी गई है। वही प्रशिक्षण 21 दिनों तक चलेगा। जिसमें 15 दिन प्रेक्टिकल, ओर 6 दिन थ्योरी सभी को ट्रेनिंग करवाया जाएगा।इस मौके पर कई सीएचओ, एएनएम, परिवार नियोजन परामर्शी संजय पासवान मौजूद थे।

## गंगा नदी में शुरू हुआ डॉल्फिन संरक्षण-सह-वृहद गंगा स्वच्छता अभियान



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** झारखंड राज्य निर्माण के 25 वर्ष पूर्ण होने तथा जननायक बिरसा मुंडा जी की 150वीं जयंती के अवसर पर साहिबगंज जिले में आज "डॉल्फिन संरक्षण-सह-वृहद गंगा स्वच्छता अभियान-2025" का शुभारंभ किया गया। यह अभियान 07 नवम्बर से 15 नवम्बर तक चलेगा, जिसके अंतर्गत गंगा के तटवर्ती क्षेत्रों में स्वच्छता, जन-जागरूकता एवं डॉल्फिन संरक्षण से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

**डीसी हेमंत सती ने जानकारी दी कि** ह्लसाहिबगंज झारखंड का एकमात्र ऐसा जिला है जहाँ उत्तर-वाहिनी गंगा बहती है। गंगा का हमारे जीवन, संस्कृति और पर्यावरण में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। इसीलिए झारखंड स्थापना दिवस की 25वीं वर्षगांठ और बिरसा मुंडा जी की 150वीं जयंती को विशेष बनाते हुए हमने यह निर्णय लिया है कि 07 से 15 नवम्बर तक गंगा तटों पर स्वच्छता एवं जागरूकता का यह पखवाड़ा चलाया जाए।ह्व अभियान के पहले दिन बिजली घाट और शकुंतला सहाय घाट पर बड़े पैमाने पर सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान एनएसएस, एनसीसी के छात्र-छात्राओं, समाजसेवी संस्थाओं तथा स्थानीय नागरिकों ने सक्रिय भागीदारी की। घाटों की सफाई के साथ-साथ उपस्थित जनसमूह को यह संदेश भी दिया गया कि गंगा को स्वच्छ रखने के लिए हर व्यक्ति की जिम्मेदारी महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के दौरान लोगों को प्लास्टिक मुक्त घाट, अपशिष्ट प्रबंधन, और डॉल्फिन संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही, यह भी बताया गया कि गंगा डॉल्फिन जैव विविधता का प्रतीक है और इसका संरक्षण गंगा के स्वास्थ्य से सीधे जुड़ा हुआ है। अभियान के अंतर्गत 15 नवम्बर तक जिले के विभिन्न गंगा तटवर्ती क्षेत्रों—मुक्तेश्वर घाट, बिजली घाट, बास्कोला, सरकंडा, सूर्यदेव घाट, सिंधी दलान, श्रीधर आदि स्थलों पर इसी प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें स्थानीय ग्रामीण, स्वयंसेवी संस्थाएं एवं विद्यार्थी सक्रिय रूप से भाग लेंगे।

## बगोदर के अटका में अवैध आरामिलों पर बड़ी कार्रवाई 9 इकाइयां ध्वस्त, 5.5 लाख से अधिक की सामग्री जब्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सरिया :** वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पूर्वी वन प्रमंडल के निर्देश पर शनिवार को बगोदर प्रखंड के अटका में अवैध रूप से संचालित 9 आरामिलों पर सघन छापामारी और जब्ती की कार्रवाई की गई। इस अभियान में जेसीबी की मदद से अवैध आरामिल, आरा हाथी, और प्लेटफार्म को पूरी तरह नष्ट कर दिया गया। साथ ही, मौके से 5.5 लाख रुपये से अधिक मूल्य की संग्रहित लकड़ी, डीजल इंजन, चक्का, और विभिन्न प्रजातियों के बोट्टा व चिरान को जब्त कर बगोदर वन प्रक्षेत्र कार्यालय, सरिया लाया गया।इस कार्रवाई में 12 व्यक्तियों, जिनमें प्रेमचंद मेहता, सरोज मेहता, त्रिवेणी सिंह, शंकर मंडल, रोहित मेहता, भीमशंकर मेहता, पंकज मेहता, बुलू मंडल, कुलदीप मंडल, टिंकू मेहता, सुरेंद्र मंडल (सभी अटका निवासी), राणा प्रताप सिंह, और मनोज यादव (बूढ़ाचांच निवासी) के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम, 1927 की धारा 41, 42 और बिहार काष्ठ चिरान (विनियमन) अधिनियम, 1990 की धारा 9, 10, 14 के तहत वन मुकदमा दर्ज किया गया।छापामारी का नेतृत्व वन क्षेत्र पदाधिकारी, बगोदर, श्री सुरेश राम ने किया। उन्होंने बताया कि अवैध आरामिलों के खिलाफ यह अभियान निरंतर जारी रहेगा और जहां भी ऐसी गतिविधियों की सूचना मिलेगी, वहां बुलडोजर से इकाइयों को ध्वस्त कर विधि-सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

### 20वां चैंपियंस ट्रॉफी: युगांडा के साबिर का जादुई खेल, चित्तरकोटा एफसी फाइनल में



**अनगड़ा :** 20वां चैंपियंस ट्रॉफी फुटबाल टूनार्मेंट में चित्तरकोटा एफसी की टीम फाइनल में पहुंच गया। शनिवार को अनगड़ा स्टेडियम में खेले गए एकतरफा मुकाबले में चित्तरकोटा एफसी ने ब्लैक पैंथर माथटोली को 4-0 गोल से हराया। चित्तर कोटा की तरफ से खेल रहे घाना के खिलाड़ी ओटिका ने दूसरे मिनट में ही शानदार गोल दागकर टीम को बढ़त दिला दी। 29 वें मिनट में युगांडा के खिलाड़ी साबिर ने शानदार गोल दागा। 54 वें मिनट में लाइबेरिया के खिलाड़ी जोसेफ ने गोल दागा। 66 वें मिनट में लक्ष्मीकांत ने गोल किया। साबिर ने पूरे मैच में फुटबॉल का जादू दिखाया। अपनी रफ्तार, स्किल, सटीक पास से विरोधी टीम को लगातार परेशान कर रखा।

## चोरी के मोबाइल खरीद बिक्री को लेकर पुलिस ने एक मोबाइल दुकान में छापामारी कर मोबाइल किया जब्त



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला के राजमहल थाना क्षेत्र के कोयला बाजार स्थित एक मोबाइल की दुकान पर राजमहल पुलिस ने छापेमारी की। इस दौरान मौके पर व्यापारी पुलिस गाड़ी को देखकर घटनास्थल से फरार हो गया। पुलिस को देखकर बाजार में भीड़ एकत्रित हो गई और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। वही राजमहल पुलिस ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि एसपी अमित कुमार सिंह साहेबगंज को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम कोयला बाजार के गुलजार शेख, पिता तयब शेख, साकिन कोयला बाजार पुनी टोला, थाना राजमहल, जिला साहेबगंज के द्वारा चोरी के मोबाईल को खरीद बिक्री एवं दुकान में चोरी के मोबाईल के पार्टस बदलकर मोबाइल मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। उक्त सुचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाइ हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधीकारी राजमहल के नेतत्व मे एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल के द्वारा त्वरीत कार्रवाई करते हुये उक्त व्यक्ति के दुकान में छापामारी किया गया। अभियुक्त गुलजार शेख पुलिस गाड़ी को देखकर घटनास्थल से फरार हो गया एवं अभियुक्त गुलजार शेंख के दुकान मे रखे एक काले रंग के बैग से कुल बत्तीस पीस (32) एंड्रॉयड फोन बरामद किया गया। जिसे विधिवत जप्ती सुची बनाकर जप्त किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध गिरफ्तारी हेतु छापामारी की जा रही है। इस संबंध मे राजमहल थाना कांड संख्या 463/25, धारा-317 (2)/317 (5) बी०एन०एस० दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा हैं। छापामारी दल में राजमहल थाना प्रभारी हसनैन अंसारी, एसआई ओम प्रकाश चौहान, पुअनि शम्भु शंकर सिह, महादेव उंराव, नन्द कुमार यादव, मो. जमील, सुनिल कुमार गुप्ता, एगनेसिस मरांडी एवं सशस्त्र बल के जवान सामिल थे।

# त्रिकोणीय मुकाबले में हेमंत और कल्पना की जोड़ी को टक्कर दे रही भाजपा और जेएलकेएम



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

पूर्वी सिंहभूम : झारखंड के घाटशिला विधानसभा उपचुनाव अब प्रचार के अंतिम चरण में पहुंच चुका है। यानी कि 9 नवंबर की शाम को प्रचार थम जाएगा। 11 नवंबर को मतदान तथा 14 नवंबर को मतगणना होगी। कुल 2,55,823 मतदाता इस त्रिकोणीय मुकाबले में फैसला लेंगे कि क्या इंडी गठबंधन की सत्ता बनी रहेगी या भाजपा पुराना किला फतह करेगी। 13 उम्मीदवार मैदान में हैं, लेकिन असली जंग झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो), भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) तथा झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के बीच है। झामुमो की ओर से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन की जोड़ी लगातार मैदान में सक्रिय है। पार्टी ने पूरे संगठन को एक्टिव मोड में डाल दिया है। बताया जाता है कि अंतिम दो दिनों के लिए पार्टी ने विशेष रणनीति तैयार की है, जिसके तहत हर पंचायत में मिनी जनसंवाद कार्यक्रम और महिला समूहों की बैठकों के जरिए मतदाताओं से सीधी बात की जा रही है। झामुमो का फोकस इस बार ओबीसी और महिला मतदाताओं पर है, जिन्हें निर्णायक माना जा रहा है। उपचुनाव को भाजपा ने बनाया प्रतिष्ठा का सवालभाजपा ने घाटशिला उपचुनाव को प्रतिष्ठा का प्रश्न बना लिया है। पार्टी नेतृत्व ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि घाटशिला जीतने के लिए बूथ स्तर पर पूरी ताकत झोंकनी होगी। इसके लिए 42 कमजोर बूथों पर विशेष टीमें तैनात की गई हैं, जिनकी निगरानी सीधे प्रदेश स्तर से की जा रही है। भाजपा के दिग्गज नेता बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा, रघुवर दास, आदित्य साहू, पूर्व मंत्री बड़कुवर गगराई और बंगाल से सुवेंदु अधिकारी सहित भाजपा के कई बड़े नेता लगातार क्षेत्र में जनसभाएं कर रहे हैं। पार्टी अपने बूथ मैनेजमेंट और संगठन की मजबूती पर भरोसा जता रही है, हालांकि स्थानीय स्तर पर कुछ मतभेद अब भी बने हुए हैं जो परिणामों को प्रभावित कर सकते हैं। तीसरी ओर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के अध्यक्ष जयराम महतो एक बार फिर चुनावी समीकरणों में हलचल पैदा कर चुके हैं। वे अकेले ही झामुमो और भाजपा दोनों के लिए चुनौती बन गए हैं। उनका जनाधार सीमित होते हुए भी प्रभावशाली है और पिछली विधानसभा की तरह इस बार भी वे वोट बैंक में सेंध लगाने की स्थिति में हैं। यही वजह है कि दोनों बड़े दल उनके प्रभाव को नजर अंदाज नहीं कर पा रहे हैं। घाटशिला की इस जंग को राजनीतिक विश्लेषक नेतृत्व बनाम नेटवर्क की लड़ाई बता रहे हैं। झामुमो हेमंत-कल्पना के नेतृत्व और भावनात्मक जुड़ाव के सहारे मैदान में है, जबकि भाजपा बूथ प्रबंधन और स्थानीय कार्यकताओं की ताकत पर भरोसा कर रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने टक्कर में एक घायल



साहिबगंज : बोरियो थाना क्षेत्र अंतर्गत बोरियो मुख्य सड़क के डाक बंगला पीएचईडी कार्यालय के समीप दो मोटरसाइकिल आपस में टकरा गए। पुराना पंचायत भवन बोरियो बाजार के पास रहने वाले राजेंद्र साह के पुत्र रवि शंकर साह (23) घायल हो गया। घायल रवि शंकर को बोरियो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार किया। मिली जानकारी के अनुसार घायल रवि शंकर साह काजल पेट्रोल पंप के पास अपनी दुकान से घर जा रहा था। डाक बंगला टेंपो स्टैंड के मोड़ के पास विपरीत दिशा से आ रहे हैं दूसरे मोटरसाइकिल सवार से टकरा गया। दुर्घटना में रवि शंकर घायल हो गया। जिसका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है।

### फाइलेरिया उन्मूलन हेतु रात्रि रक्तपट संग्रह अभियान का हुआ आयोजन




**साहिबगंज :** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोरियो के तत्वावधान में आयुष्मान आरोग्य मंदिर चसगामा, स्थित पथरा एवं सोसो टोला (सेंटिनल साइट) गाँव में फाइलेरिया उन्मूलन के उद्देश्य से रात्रि रक्तपट संग्रह कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सिविल सर्जन-सह-मुख्य चिकित्सक, साहिबगंज डॉ. रामदेव पासवान एवं गोलमा सोरेन (मुखिया) द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। रात्रि 8:00 बजे से मध्यरात्रि 12:00 बजे तक 20 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों से रक्तपट संग्रह किया जाएगा। इसी क्रम में रात्रि चौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों को वेक्टर जनित रोग—कालाजार, मलेरिया, फाइलेरिया, डेंगू—के साथ-साथ नियमित टीकाकरण, एनीमिया मुक्त भारत, जीरो डोज एवं परिवार नियोजन जैसी महत्वपूर्ण स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया।चौपाल स्थल पर ही ग्रामीणों का बीपी, शुगर, सिकल सेल एनीमिया, मलेरिया, कालाजार, फाइलेरिया, यक्ष्मा एवं एचआईवी सहित विभिन्न स्वास्थ्य जांचें की गईं एवं आवश्यक दवाओं का वितरण भी किया गया। इसके अतिरिक्त आभा कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए। इस विशेष आयोजन के दौरान अबतक कुल 209 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिनमें 92 व्यक्तियों का एनसीडी स्क्रीनिंग तथा 87 आयुष्मान कार्ड बनाए गए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से जिले में जन-जागरूकता बढ़ाने, बीमारियों की समय पर पहचान सुनिश्चित करने एवं समग्र स्वास्थ्य सेवाओं को आम जनता तक पहुँचाने की दिशा में सराहनीय पहल जारी है।

### ओवर स्पीडिंग जागरूकता सप्ताह के तहत समाहरणालय कर्मियों ने ली ओवर स्पीड न करने की शपथ




साहिबगंज : ओवर स्पीडिंग जागरूकता सप्ताह-2025 के तहत साहिबगंज समाहरणालय परिसर में जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी के निर्देशन में ओवर स्पीडिंग के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को सड़क दुर्घटनाओं में बढ़ती ओवर स्पीडिंग की भूमिका तथा इसके कारण होने वाली मृत्यु एवं चोटों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान समाहरणालय के सभी, कर्मियों को ओवर स्पीड न करने एवं सुरक्षित गति से वाहन चलाने की शपथ दिलाई गई। अधिकारियों ने बताया कि साहिबगंज जिले में ओवर स्पीडिंग के कारण दुर्घटनाओं में वृद्धि दर्ज की गई है, जिसे नियंत्रित करने हेतु हर नागरिक को जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है। सभी कर्मियों से अनुरोध किया गया कि वे अपने स्तर से समाज में अधिक से अधिक लोगों को सुरक्षित ड्राइविंग की प्रेरणा दें। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को तत्काल सहायता और अस्पताल पहुंचाना एक जिम्मेदार एवं संवेदनशील नागरिक का कर्तव्य है। सभी वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाने का संदेश दिया गया। इस मौके पर एम.भी.आई अभिषेक मुंडा, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक नीरज कुमार साह, आरईए अनुज पराशर, आईटी सहायक राजहंस, पुलिस बल तथा समाहरणालय के सभी अधिकारी-कर्मी उपस्थित रहे।

### न्यायालय के निर्देश पर राधानगर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध किया कांड दर्ज

**साहिबगंज :** जिला के राधानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पहाड़गांव गड़ल्ली गांव में एक महिला के साथ उसके घर में घुसकर मारपीट एवं अभद्रता किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में पीड़िता रिजवाना बीबी ने न्यायालय में परिवाद वाद संख्या 510/2025 के तहत पांच लोगों को नामजद आरोपी बनाया है। पीड़िता ने अपने आवेदन में बताया कि दिनांक 28 जुलाई 2025 को दोपहर लगभग 1 बजे वह अपने घर में खाना बना रही थी। इसी दौरान सभी अभियुक्तगण—अनिकुल शेख उर्फ नंदू, आमनुर बीबी, रवि बेवा, एतीमा बीबी तथा रूलेखा बीबी नाजायज मजमा बनाकर, दल-बल व हथियार से लैस होकर जबरन उसके घर में घुस आए और भद्दी-भद्दी गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। पीड़िता ने आरोप लगाया कि अभियुक्त अनिकुल शेख ने उसका गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की और गलत नियत से छेड़खानी किया। इस दौरान आमनुर बीबी और रूलेखा बीबी ने उस पर ईंट से वार कर घायल कर दिया, जबकि रवि बेवा और एतीमा बीबी ने उसके कान का छीन लिया। हल्ला सुनकर जब पीड़िता के पति रेजाउल शेख बचाने पहुंचे तो अभियुक्तों ने उन्हें भी ईंट-पत्थर से मारकर घायल कर दिया। वही पीड़िता ने अभियुक्तों के विरुद्ध न्यायालय में परिवाद पत्र दाखिल किया। न्यायालय के निर्देश पर राधानगर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध कांड संख्या 511/25 दर्ज किया है।

### अंडर-16 क्रिकेट लीग टूर्नामेंट का उद्घाटन आज

**साहिबगंज :** जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में रविवार से अंडर-16 क्रिकेट लीग का शुभारंभ होगा। इसका उद्घाटन सुबह 10:30 बजे डीएफओ प्रबल गर्ग करेंगे। टूर्नामेंट इंचार्ज अशफाक आलम ने बताया कि टूर्नामेंट में कुल 10 टीमों ने भाग लिया है। उद्घाटन मैच माही स्पोर्ट्स ब्लू बनाम संत जेवियर स्कूल बी टीम के बीच खेला जाएगा। जबकि 10 नवंबर को माही स्पोर्ट्स येलो बनाम संत जोसेफ अकादेमी के बीच मैच होगा।

# बेतिया में मोदी बोले- आखिरी सभा, शपथ ग्रहण में आऊंगा

## राहुल गांधी पर तंज, कुछ लोग बिहार चुनाव में डूबने की प्रैक्टिस कर रहे





ढट मोदी ने बेतिया की सभा में कहा, 'बेतिया में मेरे बिहार के चुनाव अभियान की समापन रैली है। इस चुनाव में मेरी आखिरी सभा है। 11 नंवबर को हमें सिर्फ सीटें नहीं जीतनी है, हर बूथ जीतना है। मैं जीत के विश्वास के साथ जा रहा हूं। अब NDA के शपथ ग्रहण में आऊंगा।''चंपारण की इस धरती का इतिहास में बड़ा महत्व है। यही वो धरती है, जहां गांधी जी को महात्मा की उपाधि मिली थी। आज जब हम विकसित बिहार का संकल्प लेकर चले हैं, तो इस धरती का सहयोग अहम है।''जगंलराज वालों ने सत्याग्रह की इस भूमि को लठैतों का गढ़ बना दिया था। महिलाओं का घर से निकलना मुश्किल था। जहां कानून का राज खत्म होता है, वहां सबसे ज्यादा परेशान गरीबों, पिछड़ों को होती है। कानून राज खत्म होगा तो रंगदारी शुरू होगी। आपने नीतीश कुमार का सुशासन देखा है, इसे जंगलराज से बचाए रखना आपकी जिम्मेदारी है।' 'जंगलराज को हराने का मतलब सिर्फ कांग्रेस-राजद को हराना नहीं है। इस मानसिकता को भी हराना होगा। जंगलराज का परिवार बिहार का सबसे भ्रष्ट परिवार है, दिल्ली का नामदार देश का सबसे भ्रष्ट परिवार है। इन लोगों ने लाखों करोड़ का घोटाला किया है। दोनों जमानत पर चल रहे हैं।'कट्टा-क्रूरता इनकी पहचान है पीएम मोदी ने कहा कि, 'विकसित भारत के लिए बिहार का विकसित होना जरूरी है। RJD और कांग्रेस कभी भी बिहार को विकसित नहीं बना सकते हैं।' 'इन लोगों ने बिहार पर कई सालों तक राज किया। इन लोगों ने आपके साथ सिर्फ विश्वासघात किया है। जहां कट्टा, क्रूरता का राज हो, वहां कानून दम तोड़ देता है।' 'जहां कटुता बढ़ाने वाली RJD और कांग्रेस हो, वहां समाज में सद्भाव मुश्किल होता है। जहां RJD और कांग्रेस का कुशासन हो, वहां विकास का नामो-निशान नहीं होता है। जहां करप्शन हो, वहां सामाजिक न्याय नहीं मिलता, ऐसे लोग कभी भी बिहार का भला नहीं कर सकते।'मां सीता से प्रार्थना की थी अयोध्या का फैसला रामलला के पक्ष में हो 'मां सीता की भूमि पर आया हो, ये मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मुझे 6 साल पहले का वाकया याद आता है। 8 नवंबर 2019 को मैं यहां आया था। अगले दिन करतारपुर कॉरिडोर के लिए पंजाब के लिए निकलना था। उसी दिन राम मंदिर पर फैसला भी आना था। मैं मन ही मन में सीता माता से प्रार्थना कर रहा था कि फैसला राम मंदिर के पक्ष में आए। सीता मइया की धरती से मांगी प्रार्थना कभी खाली नहीं जाती। ऐसा ही हुआ सुप्रीम कोर्ट ने रामलला के पक्ष में ही फैसला दिया।' इशारों में राजीव गांधी का जिक्रः आजकल मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की बहुत चर्चा है। उनके खातों में हमने 10-10 हजार डाले। कल्पना कीजिए अगर महिलाओं के खाते ही नहीं खुलते तो क्या उन्हें ये पैसे मिल पाते। मोदी ने खाते खुलवाए, नीतीश जी ने पैसे डाले। अगर जंगलराज होता तो आपके हक का भी पैसा लूट लिया जाता। कांग्रेस के प्रधानमंत्री नामदार के पिता जी कहते थे दिल्ली से एक रुपए निकलता है तो गांव में जाते-जाते 15 पैसे हो जाते थे। ये कौन सा पंजा था जो एक रुपए के घिस-घिसकर 15 पैसे कर देता था। आज अगर पटना से 1 रुपए निकलता है तो पूरे 100 पैसे आपके खातों में पहुंचते हैं।राहुल गांधी पर तंजः PM ने बिना नाम लिए राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, साथियों बिहार आज मछली दूसरे राज्यों को भेज रहा है। बड़े-बड़े लोग भी बिहार की मछलियां देखने आ रहे हैं। तालाब में डुबकियां लगा रहे हैं। बिहार के चुनाव में डूबने कोशिश कर रहे हैं। छठ का अपमान करने वालों को मत भूलिएगाः कांग्रेस और RJD के लोग छठी मैया का अपमान कर रहे हैं। क्या ऐसा अपमान, बिहार, हिंदुस्तान और मेरी माताएं जो निर्जला उपवास करती हैं, वो सहन कर सकती हैं। क्या बिहार की माताएं-बहनें छठी मैया का ये अपमान बर्दाश्त करेंगी। मैं जानता हूं कि छठी मैया के इस अपमान को बिहार का कोई भी व्यक्ति नहीं भूलेगा। बिहार में कट्टा वाली सरकार नहीं चाहिएः विकसित भारत के लिए बिहार का विकसित होना जरूरी है। RJD और कांग्रेस कभी भी बिहार को विकसित नहीं बना सकते हैं। बिहार को कट्टा वाली सरकार नहीं चाहिए। इन

## सीतामढ़ी में PM बोले- राजद वाले बच्चों को रंगदार बना रहे



राजद के मंचों पर बच्चे कह रहे हैं कि वे रंगदार बनना चाहते हैं। बिहार का बच्चा अब रंगदार नहीं बन सकता। हमारा बच्चा इंजीनियर बनेगा, डॉक्टर बनेगा, वकील बनेगा, जज बनेगा।

**नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**सीतामढ़ी।**
**इससे पहले उन्होंने सीतामढ़ी में सभा को संबोधित करते हुए कहा, 'ये चुनाव बिहार का भविष्य तय करेगा। इसलिए ये चुनाव बहुत अहम है। जंगलराज वालों के प्रचार के गाने सुने हैं आपने। छोटे बच्चे मंच से कह रहे हैं, हमें रंगदार बनना है।' 'क्या बिहार के बच्चों को रंगदार बनना चाहिए या डॉक्टर- इंजीनियर बनना चाहिए। बिहार में स्टार्टअप के सपने देखने वाले चाहिए, हैंड्सअप कहने वाले नहीं चाहिए। राजद वालों के प्रचार गाने सुनकर आप कांप जाएंगे। हम बच्चों के हाथों में लैपटॉप दे रहे हैं। राजद वाले कट्टा-दुनाली दे रहे हैं।'**

लोगों ने बिहार पर कई सालों तक राज किया। इन लोगों ने आपके साथ सिर्फ विश्वासघात किया है। जहां कट्टा, क्रूरता का राज हो, वहां कानून दम तोड़ देता है। मोदी ने जो गारंटी दी वो पूरी कीः मोदी ने कहा था राम मंदिर बनेगा। आप बताइएगा मंदिर बना कि नहीं बना। मंदिर बना। देश को वादा किया था आर्टिकल 370 की दीवार गिरेगी। आप बताइए 370 हटा कि नहीं हटा। मोदी ने बिहार की इसी धरती से पहलगाम हमले की बात कही थी। ऑपरेशन सिंदूर में तबाह होते पाकिस्तान को भी आपने देखा है। मैंने बिहार की धरती से जो कहा वो किया है। मोदी ने वन रैंक वन पेंशन लागू करने की बात कही। आज ही इसे लागू हुए 11 साल हो गए हैं। सीतामढ़ी में सभा के बाद प्रधानमंत्री पूर्वी चंपारण के बेतिया के लिए रवाना हो गए। यहां के चनपटिया प्रखंड के कुड़िया कोठी में सभा होगी। पीएम NDA कैंडिडेट्स के समर्थन में वोट की अपील करेंगे। इस दौरान वे पश्चिम चंपारण की 9 और पूर्वी चंपारण की 11 विधानसभाओं को साधने का प्रयास होगा। पश्चिम चंपारण के वाल्मीकिनगर, रामनगर, नरकटियागंज, बगहा, लौरिया, नौतन, चनपटिया, बेतिया और सिकटा विधानसभा के NDA प्रत्याशी मंच पर मौजूद रहेंगे।

## रुपौली में सड़क हादसे में युवक की मौत



**रुपौली।** प्रखंड क्षेत्र में शनिवार को हुए एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना मोहनपुर थाना क्षेत्र के भिखना सड़क पर गोडियारी गांव के पास हुई। मृतक की पहचान मधेपुरा जिले के दुगार्पुर निवासी 25 वर्षीय पिंटू साहनी के रूप में हुई है। वह शंकर साहनी के पुत्र थे।स्थानीय लोगों के अनुसार, पिंटू साहनी किसी काम से अपनी बाइक से रुपौली की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिंटू सड़क पर गिर पड़े और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर जुट गए। आक्रोशित ग्रामीणों ने ट्रक और उसके चालक को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। मोहनपुर थाना प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए पूर्णिया भेज दिया है। उन्होंने कहा कि चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। इस हादसे के बाद गांव में शोक का माहौल है। परिजनों को दुर्घटना की सूचना मिलते ही कोहराम मच गया। पुलिस ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है और दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## प्रियंका गांधी ने BJP की तुलना शराबी पति से की



**कटिहार।** में प्रियंका गांधी सभा कर रही हैं। उन्होंने कहा कि, ये लोग आपको 10-10 हजार रुपए दे रहे हैं। पहले दिए थे क्या। चुनाव पास आए हैं तो दे रहे हैं। पुरुष कभी महिलाओं का दर्द नहीं सझ पाएंगे। आप काम से लौटकर आराम करते हो। लेट जाते हो। वो खाना बनाती है। अगले दिन बच्चों के स्कूल जाने की तैयारी करती है। आखिरी में खाना खाती है। सबसे सोने के लिए इंतजाम करती है। अगर आपकी कोई सहेली होती जिसका पति रोज उसे डांटता, पीटता तो आप क्या कहती। एक दिन साड़ी ले आता तो क्या कहती। यही कहती ना इसकी बातों में मत आना। 10 साल से तुम्हें पीट रहा है। इसके बहकावे में मत आना। ऐसे ही बीजेपी वालों ने सोचा कि चुनाव आ गए हैं 10 हजार दे दो वोट मिल जाएगा। आप समझदार हो इनसे पैसे ले लो। वोट इन्हें मत देना।' आपने मोदी जी की भाषा सुनी है। कहीं कट्टा, अपहरण, हत्या, दुनाली क्या मतलब है। इनके कार्यकर्ता लोगों के घर जाकर प्रार्थना करवा रहे हैं। धर्म के नाम पर वोट मांग रहे हैं। लोगों को डरा रहे हैं।देश के प्रधानमंत्री की हिम्मत होनी चाहिए कि आपके मंच पर आएं और रोजगार की बात करें। आपको बताएं कि पुल क्यों नहीं बना। कितने कॉलेज खुलवाएंगे। कितनी यूनिवर्सिटी बनवाएंगे। प्रियंका गांधी ने आगे कहा, सरकार आपका वोट का अधिकार छीन रही है। बीजेपी संविधान कमजोर करने की कोशिश कर रही है। ये लोग वोट चोरी कर रहे हैं। आपके अधिकारों को खत्म किया जा रहा है। मंच से कहा, कौन है वोट चोर। उन्होंने मंच से ज्ञानेश कुमार, विवेक जोशी, एसएस संधू के नाम के नारे लगवाए।उन्होंने कहा, मोदी साम्राज्य में किसान कर्ज लेता है और ब्याज चुकाते-चुकाते उसकी कमर टूट जाती है। आपका कर्ज कभी माफ नहीं होता, लेकिन अंबानी-अडाणी का लाखों करोड़ों का कर्ज माफ हो जाता है।प्रियंका ने कहा, बिहार में जितने उद्योग लगे। उसका क्या किया इस सरकार ने। पहले लोग चाहते थे कि सरकारी कारखाने में नौकरी लग जाए, लेकिन मोदी जी ने सारे उद्योग को अपने दो दोस्तों को सौंप दिया। अब सरकारी कारखानों में ठेकेदारी चल रही है। देश की संपत्ति को खत्म किया जा रहा है।नीतीश कुमार के हाथ में कुछ भी नहीं। उनकी सुनने वाला कोई नहीं है। दिल्ली से सरकार चल रही है। पीएम बिहार आते हैं तो पता नहीं कैसी-कैसी बातें करती हैं। उन्हें रोजगार की चिंता नहीं है। उन्हें चिंता है कि कांग्रेस के पोस्टर में तेजस्वी की तस्वीर नहीं है। प्रियंका ने कहा- बिहार में जितने उद्योग लगे है, उसका क्या किया इस सरकार ने। पहले लोग चाहते थे कि सरकारी कारखाने में नौकरी लग जाए। लेकिन मोदी जी ने सारे उद्योग को अपने दो दोस्तों को सौंप दिया। अब सरकारी कारखानों में ठेकेदारी चल रही है। देश की संपत्ति को खत्म किया जा रहा है। प्रियंका गांधी ने कहा, नीतीश कुमार के हाथ में कुछ भी नहीं। उनकी सुनने वाले कोई नहीं है। दिल्ली से सरकार चल रही है। पीएम बिहार आते हैं तो पता नहीं कैसी-कैसी बातें करती हैं। उन्हें रोजगार की चिंता नहीं है। उन्हें चिंता है कि कांग्रेस के पोस्टर में तेजस्वी की तस्वीर नहीं है।

# यादव बाहुल दानापुर में क्यों बंद कर दी गई नावें



**पटना।** मेरा घर दियारा में है। कमाने के लिए पटना में रहता हूं। वोट डालने गया तो नाव नहीं मिली। रोज 100 से ज्यादा नावें चलती थी, लेकिन गुरुवार को नहीं मिली, प्रशासन ने सारी नाव बंद करवा दी। एक सरकारी नाव में पांच सौ से ज्यादा लोग चढ़ रहे थे। ऐसा लगा नाव पलट जाएगी। जैसे-तैसे पहुंचा, शाम 5 बजे वोट डाल सका।ये कहना है यादव बाहुल दियारा इलाके में रहने वाले धीरज कुमार का। धीरज पटना में रहते हैं और उनका घर दियारा में है। गुरुवार को वोटिंग के दिन उनके इलाके में नाव बंद कर दी गई थीं, इसलिए उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ा। धीरज सिर्फ अकेले नहीं हैं जो इस समस्या से परेशान हुए, हजारों लोगों को नाव नहीं मिली कुछ के वोट पड़े और कुछ के नहीं पड़ पाए।दानापुर विधानसभा क्षेत्र में गंगा पार का एरिया दियारा इलाका कहलाता है। पटना से दूरी सिर्फ 2-3 लेकिन आना-जाना मुश्किल। नाव से नदी पार करना एक मात्र विकल्प। 6 नवंबर को वोटिंग के लिए हजारों की संख्या में लोग दियारा जाने के लिए गंगा घाट पहुंचे, लेकिन साधन सिर्फ सरकारी नाव। ऊपर से अफवाह फैली कि 70% यादव आबादी वाले दियारा में वोट डालने जाने से सरकार रोक रही है। इस दौरान काफी हंगामा हुआ, नाव को लेकर प्रदर्शन हुआ। इसके बाद प्रशासन ने कुछ नाव चलाने की अनुमति दी। दियारा जाने को पुल नहीं, एक मात्र सहारा नाव पानापुर, मानस, छोटी-बड़ी कासिमचक, अकीलपुर, माधोपुर, हेतनपुर, गंगहारा जैसे इलाके दानापुर विधानसभा क्षेत्र में आते हैं। दियारा के इन इलाकों की बड़ी आबादी पटना में रहती है। यहां रोजी-रोटी के इंतजाम हैं। बहुत सारे लोगों के घर पटना और दियारा दोनों जगह हैं। इसलिए गंगा नदी के इस पार से उस पार आना-जाना लगा रहता है। कुछ लोग तो हर दिन दियारा से पटना आते और लौटते हैं। पीपा पुल नहीं होने से लोग सरकारी स्टीमर या प्राइवेट नावों का सहारा लेते हैं। गंगा नदी पार कर आने-जाने का एक मात्र साधन नाव है। मतदान के दिन हजारों लोग गंगा पार जाने के लिए घाट पर पहुंचे, लेकिन सिर्फ सरकारी नाव चलाई जा रही थी।दियारा जाने वालों की जुटी भीड़, कम पड़ी सरकारी नाव सरकारी बोट खुलने के पहले इसी घाट पर 6 नवंबर को दियारा के लोगों ने हंगामा किया था। वे दियारा जाना चाहते थे, लेकिन भीड़ के अनुसार नाव की व्यवस्था नहीं थी। सरकारी स्टीमर में 5 मिनट में 1000 लोग चढ़ जाते थे भास्कर की टीम ने सरकारी स्टीमर से दानापुर से दियारा जाने वालों से बात की। सरकारी स्टीमर से यात्रा मुफ्त है। इसमें दर्जनों की संख्या में बाइक दिखे। दूध का कारोबार करने वाले लोग काफी संख्या में हर दिन आते-जाते हैं। अकीलपुर के निरंजन राय ने कहा, हम लोगों को वोट डालने में देर हुई। सुबह प्राइवेट नाव नहीं चल रही थी। सरकारी स्टीमर चल रही थी। एक और सरकारी स्टीमर की जरूरत थी। भीड़ होने की वजह से अफरा-तफरी का माहौल बन गया था।धर्मेंद्र कुमार यादव ने कहा, मेरा घर नासिरीगंज में है। भीड़ इतनी हो गई कि सरकारी स्टीमर पर 5 मिनट में 1000 लोग चढ़ जाते थे। मैं 12 बजे दियारा गया। काफी देर तक नाव नहीं मिली, भीड़ इतनी ज्यादा थी कि जैसे ही सरकारी स्टीमर आता लोग अफरा तफरी करते हुए चढ़ जाते। स्टीमर इतना भर जाता, लगता डूब जाएगा। मैं भी काफी देर बाद वोट डालने जा पाया।शंकरपुर के कामेश्वर प्रसाद ने कहा, नाव और जहाज क्यों नहीं चले यह सवाल नहीं है। सवाल यह है कि पीपा पुल क्यों नहीं बनाया गया?

हंगामा हुआ तो मिली प्राइवेट नाव चलाने की अनुमतिहमें प्राइवेट नाव चलवाने वाले भरत राय घाट किनारे बैठे मिले। जेब से सरकारी पत्र निकालकर दिखाते हुए उन्होंने कहा, हमारी 72 प्राइवेट नावें चलती हैं। वोटिंग के दिन के लिए प्रशासन की ओर से 15 नाव चलाने की अनुमति मिली थी। कहा गया कि 5 नाव ही चलाएं। इसके बाद उसे भी रोक दिया गया। उन्होंने कहा, 'गामा होने के 3 घंटे के बाद 5 नाव चलाने की परमिशन मिली। इसके बाद कहा गया कि सभी 72 नावों को चलाएं। तब तक 3 बज गए थे। हर आधे घंटे पर सरकारी बोट चलाना चाहिए था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। SDM के आदेश के चलते हुई कन्फ्यूजन4 नवंबर को दानापुर की SDM दिव्या शक्ति ने 6 नवंबर के लिए आदेश जारी किया था। इसमें कहा, दानापुर अनुमंडल में आने वाले दियारा क्षेत्रों में 56 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। दियारा संवेदनशील इलाका है। असामाजिक तत्व नाव से असामान्य गतिविधि कर सकते हैं। SDM ने कहा, पटना से दियारा जाने के लिए जलमार्ग ही साधन है। ऐसे में 6 नवंबर को असामाजिक तत्व किसी प्रकार की शांति व्यवस्था और विधि-व्यवस्था की समस्या पैदा न करें, इसके चलते गंगा नदी में चलने वाले सभी मोटरबोट/नावों (निर्वाचन कार्य में इस्तेमाल किए जा रहे QPOM फेरी को छोड़कर) को चलाने पर रोक लगाया जाना जरूरी है।दिव्या शक्ति से बात की। उन्होंने बताया, कुछ कन्फ्यूजन की वजह से ऐसा हो गया था। जल्दी लोगों के जाने की व्यवस्था कर दी गई थी। सरकारी स्टीमर दिन भर में 6 बार चलता है। यह लगातार चलता रहा। उसकी अपनी सीमा है।प्राइवेट नावों को भी सवारी ले जाने के लिए कहा गया। किसी को वोट करने से वंचित नहीं किया गया। सुबह 11 बजे से शाम 7-8 बजे तक प्रशासन के लोग घाट पर मौजूद रहे। राजद नेता ने कहा- वोटर को रोकने की कोशिश हुई आरजेडी नेता और दानापुर के नगर पार्षद अर्जुन पासवान ने कहा, प्रशासन ने वोटर को रोकने की कोशिश की। दियारा से 20 हजार से ज्यादा लोग पटना में रहते हैं। ऐसे लोग पर्ची के साथ वोट देने दियारा जा रहे थे। दानापुर में दो यादवों के बीच हुई चुनावी लड़ाई दानापुर में चुनावी लड़ाई मुख्य रूप से दो यादवों के बीच लड़ी गई। राजद की ओर से रीतलाल यादव तो भाजपा की ओर से राम कृपाल यादव मैदान में हैं। 6 नवंबर को यहां मतदान हुआ। दानापुर विधानसभा क्षेत्र में यादवों की आबादी करीब 22% है। BJP ने 2005 से 2015 तक लगातार 4 बार ये सीट जीती।

## संक्षिप्त डायरी

### पूर्णिया में पावर स्टार पवन सिंह की दो जनसभा



**पूर्णिया।** में बिहार विधानसभा चुनाव प्रचार में एनडीए ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। शनिवार को पावर स्टार पवन सिंह अलग-अलग विधानसभा में दो चुनावी सभा करेंगे। पवन सिंह की इस सभा के जरिए NDA शक्ति प्रदर्शन करेगा। लोगों से NDA प्रत्याशियों के लिए वोट करने और भारी बहुमत से जीत दिलाने की अपील करेंगे। NDA के स्टार प्रचारक पवन सिंह अपने जनसभा की शुरूआत पूर्णिया सदर विधानसभा से करेंगे। शहर के रंग भूमि मैदान में उनकी ये सभा सुबह करीब 11 बजे होगी। केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियां बताएंगे। विपक्ष पर सियासी हमला बोलते हुए लोगों से सदर विधानसभा से NDA के भाजपा प्रत्याशी विजय खेमका के लिए वोट मांगेंगे। सभा में भारी भीड़ उमड़ने का अनुमान है। इसे लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। समर्थकों और कार्यकताओं में भारी उत्साह है। वहीं, पावर स्टार की दूसरी जनसभा कसबा विधानसभा में होगी। श्रीनगर के जगेरी ग्राम पंचायत के जगेली चौक हाट पर एक विशाल चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। कसबा से एनडीए के लोजपा प्रत्याशी नितेश कुमार सिंह के समर्थन में चुनावी रैली करेंगे। लोगों से एनडीए प्रत्याशी को वोट करने और भारी मतों से जीत दिलाने की अपील करेंगे।इस दौरान पवन सिंह की पूरी कोशिश होगी कि कसबा के जातीय समीकरण को तोड़कर वोटर को NDA के खेमे में गोलबंद किया जाए। चुनावी जनसभा को देखते हुए सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सभा स्थल से गुजरने वाले रोड पर ट्रैफिक और जाम की समस्या न बने इसके लिए विशेष तैयारी की गई है। भारी पुलिस बल और मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है।

### बगहा में केशव मौर्य, मनोज तिवारी ने किया जनसभा



**बगहा।** विधानसभा क्षेत्र के भैरोगंज हाई स्कूल मैदान में शनिवार को एक चुनावी सभा का आयोजन किया गया। इसमें उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी ने भाग लिया। दोनों नेताओं ने बगहा विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी राम सिंह के समर्थन में जनता से मतदान की अपील की और महागठबंधन पर निशाना साधा। सभा को संबोधित करते हुए केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि बिहार की जनता ने अब महागठबंधन की वापसी न होने का मन बना लिया है। उन्होंने दावा किया कि एनडीए सरकार ही विकास के मुद्दे पर बिहार को आगे बढ़ा रही है। मौर्य ने यह भी कहा कि महागठबंधन में अंतर्कलह और भ्रम की स्थिति है, जो राज्य के विकास के लिए हानिकारक है। मनोज तिवारी ने अपने संबोधन में एनडीए को मजबूत बताते हुए कहा कि इस बार गठबंधन 170 से अधिक सीटों पर जीत दर्ज करेगा। उन्होंने उल्लेख किया कि पिछले चुनाव में भूपेंद्र कुशवाहा और चिराग पासवान अलग थे, लेकिन इस बार दोनों एनडीए के साथ हैं, जिससे गठबंधन और मजबूत हुआ है। तेज प्रताप घर नहीं संभाल पाए बिहार क्या संभालेंगे तिवारी ने तेज प्रताप यादव पर टिप्पणी करते हुए कहा कि जो अपने घर को नहीं संभाल पाए, वे बिहार क्या संभालेंगे। उन्होंने महागठबंधन पर 'लठबंधन' की स्थिति का आरोप लगाया। तिवारी ने मंच से अपने लोकप्रिय गीतों के माध्यम से भी भीड़ को आकर्षित किया, जिसमें उनका गीत हम बिहारी हैं जी लोगों ने खूब सराहा।इस दौरान उनकी पत्नी सुरभि तिवारी ने भी सुर मिलाते हुए जनता से राम सिंह के पक्ष में मतदान की अपील की।सभा स्थल पर भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे और कार्यक्रम शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

### फाइनेंशियल बैंक के मैनेजर को गोली मारकर 10 लाख लूटे






**पटना।** में बाइक सवार 2 बदमाशों ने फाइनेंशियल बैंक के मैनेजर को गोली मार कर 10 लाख रुपए कैश लूट लिया। घटना रामकृष्णा नगर थाना क्षेत्र के जीरो माइल यूनियन बैंक के पास की है। बताया जा रहा है कि भारत फाइनेंशियल इन्क्लूजन लिमिटेड बैंक के BCM अविनाश कुमार अपने साथी के साथ बाइक से कैश डिपोजिट करने यूनियन बैंक जा रहे थे। इसी दौरान बदमाशों ने उन्हें गोली मार दी। सुनील कुमार बाइक चला रहा था। अविनाश कुमार बाजार समिति से ट्रांसफर होकर 6 महीने पहले गाय घाट ब्रांच में इउट ( ब्रांच क्रेडिट मैनेजर) के पद पर आए थे। वो आरा बीवी गंज के रहने वाले हैं। गाड़ी चला रहे सुनील कुमार ने बताया,'स्पलेंडर बाइक मैं चला रहा था। रोज की तरह BCM पीछे कैश लेकर बैठे थे। इसी दौरान एक बाइक से दो अपराधी हेलमेट लगाए आए और छीना झपटी शुरू कर दी। इसका विरोध किया. तो बदमाशों ने पिस्टल से फायरिंग की, जो अविनाश कुमार के दाहिने हाथ में लग गई। आनन-फानन में उन्हें प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।लूट की घटना के बाद बदमाश कंकड़बाग की ओर भागे SDPO 2 रंजन कुमार ने बताया कि, बाईपास पर यूनियन बैंक में 10 लाख रुपए जमा करने के लिए दो लोग बाइक से जा रहे थे। बदमाशों ने पीछा किया और एक गोली पीछे की सीट पर बैठे अविनाश कुमार को मारी। फिर रुपए से भरा बैग लेकर अपराधी कंकड़बाग की ओर भाग गए। अपराधियों की सीसीटीवी फुटेज के जरिए पहचान की जा रही है। गिरफ्तारी के लिए छापेमारी भी शुरू कर दी गई है।



# पौधे को कैसे होता है पुष्पित होने का एहसास

वैज्ञानिकों ने अंततः 80 साल पुरानी एक पहेली को हल करने का दावा किया है कि पौधों को यह बात कैसे पता चलती है कि उन्हें कब पुष्पित होना है। वैज्ञानिकों के मुताबिक यह उनके जीन्स में होता है। वाशिंगटन विश्वविद्यालय के एक दल के अनुसार फूल खिलने की प्रक्रिया किसी पौधे के पुष्पित पल्लवित होने के लिए महत्वपूर्ण होती है और इसके उचित समय का पता लगाने में आणविक घटनाक्रमों का सिलसिला होता है। जिसमें पौधे की जैविक घड़ी और धूप शामिल है। दल का नेतृत्व करने वाले प्रोफेसर ताकातो इमाइजुमी ने कहा कि अरबीडोप्सिस नामक अध्ययन में यह समक्षने का प्रयास किया गया कि किसी सामान्य पौधे में फूलों के खिलने का काम कैसे होता है। इससे यह समक्षने में बेहतरी होगी कि धान, गेहूं और जौ जैसी फसलों के तौर पर उगे और जटिल पौधों में ये ही जीन्स किस तरह काम करते हैं। उन्होंने कहा, यदि हम फूल उगने के समय को नियमित कर सकते हैं तो इसे बढ़ाकर या इसमें देरी कर उपज बढ़ाने में सक्षम हो सकते हैं। प्रणाली को समझने से हमें इसमें बदलाव की सहजता होती है। साल में विशेष समयों पर पौधों के पुष्पित होते समय उनकी पत्तियों में फ्लोवरिंग लोकस टी नामक प्रोटीन बनता है जो इस प्रक्रिया को प्रेरित करता है। यह प्रोटीन पत्तियों से शूट एपेक्स में पहुंचता है जो पौधे का वह हिस्सा है जहां कोशिकाएं एक जैसी होती हैं। इसका मतलब है कि ये कोशिकाएं पत्तियां या फूल बन सकती हैं। इस शूट एपेक्स में प्रोटीन में आणविक बदलाव होते हैं जो कोशिकाओं को फूल बनने की दिशा में बढ़ाते हैं।



**क्या तुम्हें पता है कि हम इनसानों की तरह ही पेड़-पौधे भी आपस में बातें करते हैं! वो हमारी बात समझ सकते हैं। पेड़-पौधों को म्यूजिक सुनना भी पसंद है। वैज्ञानिक शोध में भी यह बात सामने आई है कि पेड़, फूलों के माध्यम से बातचीत करते हैं। पेड़ों के कम्युनिकेशन से जुड़ी कुछ मजेदार बातें**



# फूल और पौधे भी करते हैं बातें

हमने भारत के महान वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बोस का नाम सुना है न। उन्होंने ही सबसे पहले यह बात बताई थी कि पौधे यानी प्लांट भी संवेदनशील होते हैं और जब कोई उन्हें प्यार करता है, तो वे महसूस करते हैं। उन्हें भी अच्छा संगीत प्रभावित करता है। और पता है? पौधे न सिर्फ किसी चीज को महसूस करते हैं, बल्कि अपनी बात कहते हैं। लेकिन बोल कर नहीं, कुछ दूसरे तरीकों से। वे हमारी तरह ही एक्टिव रहते हैं। वे खतरे को भांप कर अपनी रक्षा के उपाय भी करते हैं। अपने साथी पौधों को इसकी सूचना भी देते हैं। ये कोई कल्पना भर नहीं है, बल्कि इसे लेकर कई रिसर्च हुए हैं और उनसे ये बातें पता चली हैं। आज हम तुम्हें पौधों के बारे में कुछ ऐसी ही दिलचस्प बातें बता रहे हैं।

## अपनी रक्षा के लिए आवाज लगाते हैं पौधे

फूल-पौधे कई बार अपनी सुगंध के जरिये अपनी रक्षा के लिए मदद मांगते हैं। जब कोई कीट पत्तियों, डालियों, फूलों को खा रहा होता है, तो अपनी महक के जरिये पौधे अपने मददगार इन्सेक्ट को आकर्षित करते हैं। ये इन्सेक्ट महक से आकर्षित होकर पौधे के पास आते हैं और उसे नुकसान पहुंचाने वाले कीटों (पेस्ट्स) को खा जाते हैं। जैसे कि तंबाकू का पौधा अपने सलाइवा की मदद से हॉर्नवर्म के कैटरपिलर को पहचान लेता है और फिर एक केमिकल सिग्नल छोड़ता है, जो कैटरपिलर के दुश्मन को आकर्षित करता है। फिर कुछ ही घंटों में कैटरपिलर का दुश्मन इन्सेक्ट यानी कीट पौधे के पास आ जाता है और उसे कैटरपिलर से छुटकारा दिला देता है।

## खतरे को देख अपनी सुरक्षा बढ़ा देते हैं पौधे

पता है, पौधे अपने आसपास के पौधों के केमिकल सिग्नल्स को समझ सकते हैं और कई बार दूसरे पौधों पर कोई खतरा मंडराता है, तब उस सिग्नल को देख अपनी सुरक्षा को बढ़ा देते हैं, क्योंकि उन्हें पता चल जाता है कि कोई भूखा इन्सेक्ट आसपास ही है।
करीब पांच-छह साल पहले 48 स्टडी का विश्लेषण किया गया था, जिनमें यह बात पता चली कि पौधे अपनी सुरक्षा बढ़ा देते हैं, जब उनके आसपास के पौधों को नुकसान पहुंचता है। जैसे कि जब सेजब्रश को हॉर्नवर्म नुकसान पहुंचाता है, तो वह अपनी सुरक्षा में ट्रिप्सीन प्रोटीनेज इन्हिबिटर्स (टीपीआईज) प्रोटीन रिलीज करता है। टीपीआईज इन्सेक्ट को प्रोटीन डाइजेस्ट करने से रोक देते हैं और इन्सेक्ट की ग्रोथ को भी रोक देते हैं। जब आसपास के पौधे, यहां तक कि दूसरी प्रजाति के पौधे, सेजब्रश के नुकसान को भांप लेते हैं तो अपनी सुरक्षा की तैयारी कर लेते हैं।

## एक-दूसरे से मुकाबला करते हैं पौधे

तुम्हें पता है! पौधे सूरज की रोशनी, अपनी पोजीशन के लिए आसपास के पौधों के साथ धक्कामुक्की भी करते हैं। यह बात अलग है कि ऐसा वे अपने तरीके से करते हैं। एक झगड़ालू प्लांट है नैपवीड। नैपवीड की जड़ें एक खास किस्म का केमिकल रिलीज करती हैं, जो उसे मिट्टी से पोषक तत्व प्राप्त करने में मदद करता है। साथ ही वो केमिकल नैपवीड के आसपास की देसी घास को भी खत्म कर देता है। इस तरह नैपवीड अपने आसपास की जगह हथिया लेता है। है न यह स्वार्थी और बदमाश पौधा! लेकिन कुछ प्लांट स्मार्ट भी होते हैं और इस केमिकल के खिलाफ सुरक्षा कवच बना लेते हैं। ल्यूपिन की जड़ें ऑक्जेलिक एसिड निकालती हैं, जो नैपवीड द्वारा रिलीज किए जाने वाले नुकसानदायक केमिकल के खिलाफ एक बैरिकेड बना देती है। यहां तक कि ल्यूपिन आसपास के पौधों की भी नैपवीड जैसे आक्रामक पौधों से रक्षा करता है।



## अपने सहोदर को पहचानते हैं पौधे

जब किसी पौधे के पास दूसरा कोई पौधा या पौधे उग रहे होते हैं, तो वह उसे महसूस कर सकता है। जानवरों की तरह उनमें भी अपने सहोदर को पहचानने और मदद करने की प्रवृत्ति होती है। वे सूरज की रोशनी और दूसरी चीजों को हासिल करने में एक-दूसरे की मदद करते हैं और जब कोई दूसरा पौधा उनके ऊपर छाने लगता है, तो वे भी और बढ़ने लगते हैं।
एक पौधा है 'सी रॉकेट'। उसके साथ एक प्रयोग किया गया। जब उसे एक गमले में अपने 'सिबलिंग' के साथ उगाया गया, तो उसकी जड़ें कम फैलीं। जब उसे 'अपरिचित पौधों' के साथ दूसरे गमले में उगाया गया, तो उसने अपनी जड़ें ज्यादा फैला लीं, ताकि वह मिट्टी से अपने लिए पोषक तत्व ज्यादा ले सके, सूरज की रोशनी ज्यादा ले सके। यानी जब पौधे अपने सिबलिंग के साथ उगते हैं, तो एक-दूसरे की जरूरतों का ज्यादा ध्यान रखते हैं। एक और एक्सपेरिमेंट से यह पता चला कि पौधे अपने सिबलिंग को केमिकल सिगनल के जरिये पहचानते हैं।

## मैमल्स के साथ भी संपर्क करते हैं पौधे

पौधे केवल इनसेक्ट को ही आकर्षित नहीं करते, चमगादड़ जैसे मैमल्स को संदेश भेज कर अपने पास बुला लेते हैं। एक मांसाहारी पिचर प्लांट है- नेपेंथेस हेम्सलेना। उसके पास चमगादड़ (बैट) को आकर्षित करने का एक अनूठा सिस्टम है। इस प्लांट का आकार कटोरे या घड़े जैसा होता है। एक नई स्टडी के मुताबिक, इस प्लांट का स्ट्रक्चर ऐसा होता है कि उसके कारण चमगादड़ उसके पास खिंचे चले आते हैं और अपने मल-मूत्र के जरिये इस पिचर प्लांट को पोषक तत्व प्रदान करते हैं।




## कितने तरह की स्केटिंग

रोलर स्केटिंग, आइस स्केटिंग, इन लेन स्केटिंग। रोलर स्केटिंग का भारत में बहुत चलन है। इसे सीखना आसान है।

# स्केटिंग करो फिट रहो

स्केटिंग उतनी ही आसान और सुरक्षित है जितना कि दूसरे गेम खेलना, जैसे साइकिल चलाना, बास्केटबॉल या अन्य गेम खेलना। आजकल बहुत से स्कूलों में स्केटिंग सिखाई जाती है।
स्केटिंग केवल मनोरंजन का ही साधन नहीं है, बल्कि तुम इसे अपना कॅरियर भी बना सकते हो। स्केटिंग के भारत में बहुत से प्रक्षिशण केंद्र हैं, जो बच्चों को चुनकर उन्हें दूसरे देशों में चैम्पियनशिप के लिए भेजते हैं। लेकिन ये सब बातें करने से पहले यह जानो कि स्केटिंग के क्या फायदे हैं -
स्केटिंग एक ऐसी व्यायाम की मशीन है, जिसको करने से तुमको मजा भी आता है और चुस्त और स्वस्थ रहते हो। पैरों की ताकत बढ़ती है। शरीर की सभी मसल्स की एक्सरसाइज हो जाती है।
रीढ़ की हड्डी भी सही रहती है।
हाथों और पैरों का सामंजस्य बनाए रखने में मदद मिलती है। दिमाग और समझने की क्षमता बढ़ती है। चौकन्ना रहकर सीखते हो।
स्केटिंग करना भागना और साइकिल चलाने से अधिक फायदेमंद है। तुमको सब बच्चों से मिलने का और बात करने का मौका मिलता है और नई जानकारी मिलती है।





# वृहस्पति का नया चंद्रमा!

**दोस्तों, तुम्हें तो पता ही होगा कि वृहस्पति के पास सबसे अधिक उपग्रह हैं। अब ताजा खबर यह है कि वैज्ञानिकों ने इसका एक और नया उपग्रह खोज निकालने का दावा किया है। इसे वृहस्पति का 17वां उपग्रह माना जा रहा है। दरअसल, पिछले साल अरीजोना यूनिवर्सिटी और मैसाचुसेट्स के वैज्ञानिकों ने वृहस्पति के चारों ओर एक आकृति को चक्कर काटते देखा था। फिर स्पेसवॉच कार्यक्रम के तहत धूमकेतुओं और क्षुद्रग्रहों को स्कैन कर दिया गया। जब उन्होंने इस नए उपग्रह को देखा तो उन्हें लगा कि यह या तो कोई क्षुद्रग्रह है या कोई धूमकेतु।**
(क्षुद्रग्रह बर्फ और धुएं का छोटा सा हिस्सा होता है और सूर्य के चारों तरफ घूमता रहता है। जब यह सूर्य के पास पहुंचता है तो यह धूमकेतु वाष्पीकृत होकर सिर और पूंछ में तब्दील हो जाता है। सौर मंडल में क्षुद्रग्रह मंगल और बृहस्पति के बीच बड़े पैमाने पर पाए जाते हैं।)

वैज्ञानिकों ने इस बात पर विचार किया कि जो यह नई चीज दिखाई दे रही है, वह अगर क्षुद्रग्रह और धूमकेतु नहीं है तो आखिर क्या है? वैज्ञानिक इस बात को लेकर बड़ी उलझन में थे। वे सोच रहे थे कि हमने जो पिछले महीने ऑर्बिट में देखा था, वह आखिर क्या था? (सौर मंडल में ऑर्बिट एक ऐसा रास्ता है, जिसमें एक वस्तु दूसरी वस्तु के चारों ओर घूमती है। ऑर्बिट में हर चीज अपने आप में खास होती है।) वैज्ञानिकों ने पाया कि वृहस्पति ग्रह के चारों ओर घूमने वाला यह नया उपग्रह है, जो पहले नहीं देखा जा सका था। यही वजह है कि वैज्ञानिकों ने इस उपग्रह के लिए कोई खास नाम नहीं रखा है। फिलहाल इसे एस/1999 जे नाम से पुकारा जा रहा है।

नए पाए गए उपग्रह का व्यास 5 किमी है। इसका मतलब यह है कि इस उपग्रह के एक छोर से दूसरे छोर तक पैदल चलने में केवल 5 किमी का सफर करना होगा। इस तरह देखा जाए तो यह वृहस्पति ग्रह का सबसे छोटा उपग्रह है। केवल वृहस्पति का ही नहीं, बल्कि इस सौर मंडल का यह सबसे छोटा उपग्रह होगा। इस उपग्रह के पाए जाने से पहले वृहस्पति का जो सबसे छोटा उपग्रह था, उसका नाम लेडा था। लेडा का व्यास 8 से 16 किमी तक था। अगर तुम ध्यान से देखोगे तो यह देखोगे कि इससे पहले भी वृहस्पति के उपग्रहों में हलचल दिखाई दी है। कुछ दिनों पहले वृहस्पति का सबसे बड़ा उपग्रह भी खोजा गया था। सबसे बड़े उपग्रह ने बहुत हलचल मचाई। यह उपग्रह हमारे सौर मंडल में पाया जाने वाला अकेला उपग्रह है, जहां धरती की तुलना में ज्वालामुखी गुण कहीं ज्यादा पाए जाते हैं। हम सभी यह जानते हैं कि यह वृहस्पति का आखिरी उपग्रह नहीं है। यह उपग्रह अपने अंदर बहुत से रहस्य समेटे हुए है, जो वक्त के साथ खोजने पर सामने आएंगे।

## हमारा चांद सबसे अनूठा

हमारे पास यानी पृथ्वी के पास एक ही चांद है, जिसे हम चंदा मामा कहते हैं। अपने सौरमंडल का सबसे चमकीला है अपना चंद्रमा। तुम्हें तो मालूम ही है कि हमारे और सूर्य के बीच में दो और ग्रह हैं। सूर्य के सबसे करीब बुध है और दूसरे स्थान पर शुक्र। हम तीसरे स्थान पर हैं। बुध और शुक्र के पास कोई चंद्रमा नहीं है, लेकिन हमारे पास एक चंद्रमा है। उस पर सूर्य की रोशनी पड़ती है और वह चमकता रहता है। तुम्हें जानकर आश्चर्य होगा कि हम कभी भी पूरे चांद को नहीं देख पाते। हमेशा उसका एक ही हिस्सा हम देख पाते हैं। जानते हो ऐसा क्यों होता है? ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि जितने समय में वह हमारी पृथ्वी का एक चक्कर लगाता है, उतने ही समय में अपनी धुरी पर भी एक चक्कर लगा लेता है। इस कारण हमें उसका एक ही हिस्सा दिखता है और दूसरा हिस्सा हमेशा अंधेरे में रहता है। चांद को पृथ्वी का एक चक्कर लगाने में लगभग 27 दिन 7 घंटे और 43 मिनट का समय लग जाता है। यह हमारी पृथ्वी से काफी करीब भी है। पृथ्वी से इसकी औसत दूरी लगभग 3 लाख 84 हजार 400 किलोमीटर है। यानी पृथ्वी से चंद्रमा की दूरी कभी कम और कभी अधिक हो जाती है। जब चंद्रमा पृथ्वी से दूर होता है, उस समय यह दूरी लगभग 4 लाख 5 हजार 500 किलोमीटर होती है और जब चंद्रमा पृथ्वी के करीब आ जाता है तो दोनों के बीच की दूरी 3 लाख 56 हजार 300 किलोमीटर हो जाती है। शायद तुम्हें यह मालूम नहीं होगा कि समुद्र में बड़ी-बड़ी लहरें कब और क्यों उठती हैं। यह अपने चंद्रमा के कारण ही होता है। जब चंद्रमा और पृथ्वी के बीच की दूरी कम होती है तो समुद्र में ऐसी लहरें उठती हैं। इसका कारण है चंद्रमा का गुरुत्वाकर्षण बल। वैसे तो यह बल पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण बल के छठे हिस्से के बराबर है, लेकिन समुद्र के पानी पर उसका असर हो ही जाता है। अगर तुम वहां जाना चाहो तो रॉकेट से सिर्फ 13 घंटे में पहुंच सकते हैं। प्रकाश को तो इतनी दूरी तय करने में दो सेकेंड भी नहीं लगते हैं। चंद्रमा का व्यास 3476 किलोमीटर है। अगर तुम ऐसे चार चंद्रमाओं को मिला दोगे तो जितना बड़ा चंद्रमा बनेगा, उतनी ही बड़ी है हमारी पृथ्वी। यानी हमारी पृथ्वी का लगभग एक चौथाई आकार है चंद्रमा का। यहां न तो हवा है और न ही मौसम। वैज्ञानिकों ने यह भी पता लगा लिया है कि पृथ्वी की एक बड़ी टक्कर से चंद्रमा बना। यह टक्कर आज से लगभग 4.5 अरब वर्ष पहले हुई थी।

# बारिश ने रोका रोमांच, भारत ने 2-1 से जीती टी20 सीरीज




**ब्रिस्बेन (एजेंसी)।** ब्रिस्बेन के गाबा मैदान पर खेले गए पांचवें और आखिरी टी20 मुकाबले में बारिश ने भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चल रही रोमांचक भिड़ंत को अधूरा छोड़ दिया। मुकाबला रद्द होने के साथ ही भारत ने पांच मैचों की सीरीज 2-1 से जीत ली और दौरे का समापन विजयी अंदाज में किया। ओपनर अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल ने भारतीय पारी की शानदार शुरुआत की थी, लेकिन मौसम ने खेल में खलल डाल दिया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने तेजी से रन जुटाने शुरू किए। अभिषेक शर्मा ने 13 गेंदों पर नाबाद 23 और शुभमन गिल ने 16 गेंदों पर नाबाद 29 रन बनाए। दोनों ने मात्र 4.5 ओवरों में 52 रनों की साझेदारी कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया था। गिल के क्लासिक शॉट्स और अभिषेक के आक्रामक अंदाज ने ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों पर दबाव बना दिया।

ऑस्ट्रेलिया की फील्डिंग निराशाजनक रही। ग्लेन मैक्सवेल और बेन ड्वारशुइस ने अभिषेक शर्मा के दो आसान कैच छोड़ दिए, जिनका भारतीय बल्लेबाजों ने पूरा फायदा उठाया। गिल ने खास तौर पर ड्वारशुइस की गेंदबाजी पर हमला करते हुए लगातार तीन चौके जड़े और पावरप्ले में टीम को तेज शुरुआत दिलाई। लेकिन जैसे ही भारत का स्कोर 4.5 ओवर में बिना किसी नुकसान के 52 रन पहुंचा, मैदान पर बिजली गिरने की चेतावनी मिली और कुछ ही देर में तेज बारिश शुरू हो गई। इसके बाद हालात खेल के लायक नहीं रहे और अंपायरों ने मैच रद्द करने का फैसला लिया।

इस परिणाम के साथ भारत ने पांच मैचों की सीरीज 2-1 से जीत ली। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने दूसरा मैच चार विकेट से जीता था, जबकि भारत ने तीसरे और चौथे मुकाबले में शानदार वापसी करते हुए जीत हासिल की थी। सीरीज के दौरान भारतीय खिलाड़ियों ने न केवल संतुलित टीम संयोजन दिखाया बल्कि नई पीढ़ी की बल्लेबाजी ताकत का भी परिचय कराया। बारिश ने भले आखिरी मैच का मजा किरकिरा कर दिया, लेकिन सीरीज जीत के साथ टीम इंडिया ने एक बार फिर अपना दबदबा कायम रखा।

# सबालेंका ने अनिसिमोवा को हराकर डब्ल्यूटीए फाइनल में बनाई जगह



**-खिताबी जंग में भिड़ेंगी रयबाकिना से**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विश्व नंबर एक आर्यना सबालेंका ने दमदार प्रदर्शन करते हुए डब्ल्यूटीए फाइनल्स के सेमीफाइनल में अमांडा अनिसिमोवा को 6-3, 3-6, 6-3 से पराजित कर खिताबी मुकाबले में प्रवेश कर लिया। तीन सेट तक चले इस रोमांचक मैच में शुरुआती दौर में अनिसिमोवा ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन निर्णायक पलों में सबालेंका का अनुभव भारी पड़ा।

पहले सेट में सबालेंका ने अपने पावरफुल सर्व और आक्रामक ग्राउंडस्ट्रोक्स की बदौलत 6-3 से जीत दर्ज की। हालांकि, दूसरे सेट में उनकी लय बिगड़ गई और अनिसिमोवा ने शानदार वापसी करते हुए लगातार चार गेम जीतकर 4-0 की बढ़त बना ली। सबालेंका ने कोशिश की, लेकिन यह सेट 6-3 से अनिसिमोवा के नाम रहा। निर्णायक तीसरे सेट में सबालेंका ने एक बार फिर नियंत्रण हासिल किया। उन्होंने ऐस की झड़ी लगाकर स्कोर 3-3 से बराबर किया और फिर एक बेहतरीन बैकहैंड विनर से ब्रेक हासिल करते हुए मैच का पासा पलट दिया। आखिरकार उन्होंने तीसरा सेट भी 6-3 से जीतकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की।

दूसरी ओर, कजाखस्तान की एलेना रयबाकिना ने एक सेट से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए अमेरिका की जेसिका पेगुला को 4-6, 6-4, 6-3 से हराया। इस जीत के साथ रयबाकिना का अपराजेय क्रम जारी रहा और वह भी फाइनल में पहुंच गईं। दोनों के बीच अब तक खेले गए 13 मैचों में सबालेंका 8-5 से आगे हैं, जिसमें 2023 ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनल में उनकी यादगार जीत भी शामिल है। मुकाबले से पहले सबालेंका ने कहा, 'यह एक और शानदार जंग होगी। एलेना शानदार फॉर्म में हैं, लेकिन मैं भी इस खूबसूरत ट्रॉफी के लिए आखिरी मैच में पूरी ताकत झोंकने को तैयार हूं।'

# ऋषभ पंत के मोरेकी की गेंदों पर तीन बार चोट लगी, दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ रिटायर हर्ट हुए

**बेंगलुरू (एजेंसी)।** भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को दक्षिण अफ्रीका ए दूसरे अनाधिकृत टेस्ट के तीसरे दिन शनिवार को चोट लगने के बाद रिटायर हर्ट होकर वापस लौटना पड़ा। आज यहां बेंगलुरू के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में खेले जा रहे मैच के तीसरे दिन के पहले सत्र में पंत को तेज गेंदबाज शेपो मोरेकी की गेंदों पर तीन बार चोट लगी। यह चोट उनके शरीर और हेलमेट पर लगी, जिसके बाद उन्हें 34वें ओवर में रिटायर हर्ट होना पड़ा।




पंत तीसरे ओवर में नंबर पांच पर बल्लेबाजी के लिए आए थे, जब ओवरनाइट बल्लेबाज केएल राहुल को ओकुह्ले सेले ने 27 रन पर बोल्ड कर दिया। पंत ने शुरुआत में तेजी से रन बनाए और उनके पहले तीन शॉट्स 4, 4 और 6 रन थे। लेकिन शॉर्ट गेंदों पर उनके शरीर पर लगे प्रहारों से उन्हें दर्द महसूस होने लगा।

पंत आगे बल्लेबाजी जारी रखना चाहते थे, लेकिन भारत ए के कोच हृषिकेश कानितकर और फिजियो ने एहतियातन उन्हें रिटायर हट होने को कहा। वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता में होने वाले पहले टेस्ट में भारतीय टीम का हिस्सा हैं। इसे देखते हुए उन्हें एहतियातन मैदान से वापस बुलाया गया है।

पहली चोट उन्हें तब लगी, जब उन्होंने मोरेकी की शॉर्ट गेंद पर रिवर्स पिकअप शॉट खेलने का प्रयास किया और गेंद सीधे हेलमेट पर लगी। वह संतुलन खो बैठे और जमीन पर गिर गए। फिजियो ने तुरंत कन्कशन टेस्ट किया और क्लियरेंस मिलने के बाद उन्होंने फिर बल्लेबाजी शुरू की। दूसरी चोट उनके दाहिने कोहनी पर लगी। फिजियो ने इसके बाद उन्हें स्प्रे किया और कोहनी पर टेप भी बांधा। तीसरी चोट उनके पेट पर लगी। इससे उन्हें बेहद तकलीफ हुई, जिसके बाद टीम प्रबंधन ने उन्हें मैदान से बाहर बुला लिया। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच 14 नवंबर से कोलकाता और 22 नवंबर से गुवाहाटी में दो टेस्ट खेले जायेंगे।

# अभिषेक शर्मा ने रचा इतिहास, सबसे कम गेंदों में पूरे किए टी20 इंटरनेशनल के 1000 रन



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के युवा सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने शनिवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले जा रहे पांचवें और आखिरी टी20 मुकाबले में एक नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया। उन्होंने अपने टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर में 1000 रन पूरे कर लिए, और यह उपलब्धि उन्होंने सबसे कम गेंदों में हासिल की। इस उपलब्धि के साथ उन्होंने भारत के विस्फोटक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव का विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया है। अभिषेक ने 528 गेंदों में यह मुकाम हासिल किया, जबकि सूर्यकुमार यादव ने 573 गेंदों में 1000 रन पूरे किए थे। इस तरह वह टी20 इंटरनेशनल में सबसे तेज 1000 रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। दुनिया के फुल मेंबर देशों में यह उपलब्धि हासिल करने वाले बल्लेबाजों में अभिषेक अब शीर्ष पर हैं। उनके बाद फिल सॉल्ट (599 गेंद), ग्लेन मैक्सवेल (604 गेंद) और आंद्रे रसेल व फिन एलन (609 गेंद) का नाम आता है।

अभिषेक शर्मा ने अब तक 28 पारियों में 189.51 के स्ट्राइक रेट से एक हजार से अधिक रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 6 अर्धशतक और 2 शतक लगाए हैं। वह दुनिया में सबसे कम पारियों में एक हजार रन पूरे करने वाले पांचवें बल्लेबाज बने हैं। इंग्लैंड के डेविड मलान ने केवल 24 पारियों में यह आंकड़ा पार किया था। भारतीय बल्लेबाजों में यह रिकॉर्ड पहले विराट कोहली के नाम था, जिन्होंने 27 पारियों में 1000 रन पूरे किए थे। अभिषेक ने यह उपलब्धि सिर्फ एक पारी पीछे रहकर हासिल की और कोहली के बाद भारत के लिए यह मुकाम छूने वाले दूसरे सबसे तेज बल्लेबाज बन गए।

गाबा में खेले जा रहे इस मैच में अभिषेक को शुरुआती ओवरों में ही दो जीवनदान मिले, जिसका उन्होंने पूरा फायदा उठाया और एक बार फिर ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए टीम के लिए शानदार शुरुआत दिलाई। जारी टी20 सीरीज में वह अब तक के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज भी बन गए हैं, जिससे टीम इंडिया को निर्णायक मुकाबले में मजबूत स्थिति मिली है।

सबसे कम गेंदों में 1000 अंतरराष्ट्रीय टी20 रन बनाने वाले खिलाड़ी

528 अभिषेक शर्मा
573 सूर्यकुमार यादव
599 फिल साल्ट
604 ग्लेन मैक्सवेल
609 आंद्रे रसेल/ फिन एलन

# आईसीसी ने बढ़ाई महिला वनडे विश्व कप की टीमों की संख्या, 2029 में 10 टीमें लेंगी हिस्सा

नई दिल्ली (एजेंसी)। महिला क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की दिशा में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बड़ा फैसला लिया है। आईसीसी ने हाल ही में घोषणा की कि महिला वनडे विश्व कप 2029 में अब आठ नहीं, बल्कि 10 टीमें हिस्सा लेंगी। भारत द्वारा 2 नवंबर को नवी मुंबई में दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हराकर पहली बार वर्ल्ड कप जीतने के बाद यह निर्णय लिया गया। इस मैच में स्टेडियम खचाखच भरा था, जिसने महिला क्रिकेट की लोकप्रियता के नए आयाम स्थापित किए।

आईसीसी की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 'बोर्ड इस टूर्नामेंट की सफलता को आगे बढ़ाने के लिए उत्साहित है। इसलिए 2029 विश्व कप में भाग लेने वाली टीमों की संख्या को बढ़ाकर 10 किया गया है।' आईसीसी ने बताया कि इस बार के टूर्नामेंट ने दर्शकों की संख्या के मामले में नया इतिहास रचा करीब 3 लाख लोगों ने मैच स्टेडियम में देखा, जबकि भारत में लगभग 50 करोड़ दर्शकों ने इसे टीवी और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर देखा। यह अब तक किसी भी महिला क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए रिकॉर्ड है। महिला क्रिकेट के समान विकास को बढ़ावा देने के लिए आईसीसी ने अपने सहयोगी सदस्य देशों के लिए वित्तीय सहायता में 10 प्रतिशत वृद्धि की भी मंजूरी दी है। यह कदम खेल के वैश्विक विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसके अलावा आईसीसी ने 'प्रोजेक्ट यूएसए' पर भी पहली रिपोर्ट पेश की। यह योजना अमेरिकी क्रिकेट बोर्ड के निलंबन के बाद शुरू की गई थी ताकि खिलाड़ियों के विकास और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में उनकी निरंतर भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। यह प्रोजेक्ट लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक में क्रिकेट को सफलतापूर्वक शामिल करने और अमेरिकी टीमों के प्रदर्शन को बेहतर बनाने पर केंद्रित है।

# टी20 सीरीज जीत पर सूर्यकुमार यादव बोले – सभी खिलाड़ियों ने निभाई अहम भूमिका

ब्रिस्बेन। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला गया पांचवां और आखिरी टी20 मुकाबला बारिश की वजह से रद्द हो गया, जिसके साथ ही भारत ने पांच मैचों की सीरीज 2–1 से अपने नाम कर ली। मैच रद्द होने के बाद भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टीम की जीत का श्रेय अपने सभी खिलाड़ियों को दिया। उन्होंने कहा कि हर खिलाड़ी ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और पिछड़ने के बाद टीम ने जिस तरह वापसी की, वह काबिले तारीफ है। सूर्यकुमार यादव ने कहा, 'यह जीत हर खिलाड़ी के सामूहिक प्रयास का नतीजा है। हम सीरीज में 0–1 से पीछे थे, लेकिन उसके बाद टीम ने जिस आत्मविश्वास और जज्बे के साथ वापसी की, वह शानदार रही। चाहे बल्लेबाजी हो, गेंदबाजी हो या फील्डिंग सभी विभागों में हमने शानदार खेल दिखाया।' कप्तान ने अपनी तेज़ गेंदबाज़ी जोड़ी की भी जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, ''बुमराह और अर्शदीप एक घातक जोड़ी बन चुके हैं। वहीं, अक्षर पटेल और वरुण चक्रवर्ती ने भी अपनी जिम्मेदारी को शानदार ढंग से निभाया। वॉशिंगटन सुंदर ने पिछले मैच में शानदार योगदान दिया। अब ये खिलाड़ी काफी टी20 क्रिकेट खेल चुके हैं और खुद पर भरोसा करना सीख गए हैं।' सूर्यकुमार ने आगे कहा कि भारतीय टीम के लिए आने वाले महीने बेहद महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि उसे तीन मजबूत टीमों ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलना है।

# मिताली और मजूमदार को आईसीसी महिला क्रिकेट समिति में शामिल किया गया




नई दिल्ली। भारतीय महिला क्रिकेट के लिए गौरव का क्षण है। पूर्व कप्तान मिताली राज और मौजूदा टीम के मुख्य कोच अमोल मजूमदार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की महिला क्रिकेट समिति में शामिल किया गया है। यह निर्णय उस समय आया है जब कप्तान हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में भारतीय टीम ने इतिहास रचते हुए पहली बार वनडे विश्व कप 2025 का खिताब अपने नाम किया। भारत ने मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेले गए फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रनों से हराकर महिला क्रिकेट में अपना पहला वैश्विक खिताब जीता था। इस मुकाबले को लगभग 3 लाख दर्शकों ने स्टेडियम में देखा, जो किसी भी महिला क्रिकेट इवेंट के लिए अब तक की सबसे बड़ी उपस्थिति रही। आईसीसी के आधिकारिक बयान में कहा गया, 'आईसीसी बोर्ड ने महिला क्रिकेट समिति के कई नए सदस्यों की नियुक्ति को मंजूरी दी है, जिनमें एश्ले डी सिल्वा, मिताली राज, अमोल मजूमदार, बेन सॉयर, शार्लोट एडवर्ड्स और साला स्टेला सियाले-वैआ शामिल हैं।' आईसीसी महिला क्रिकेट समिति का मुख्य उद्देश्य वैश्विक स्तर पर महिला क्रिकेट के विकास, प्रगति और प्रचार को बढ़ावा देना है। यह समिति महिला क्रिकेट से जुड़े सभी मामलों पर सलाह देती है और खेल की शर्तों, नियमों तथा विनियमों की समीक्षा करके सुधारों की सिफारिश करती है ताकि सभी फॉर्मेट में निष्पक्षता और स्थिरता सुनिश्चित की जा सके। समिति महिला विश्व कप और टी20 विश्व कप जैसे आईसीसी टूर्नामेंटों की संरचना, योग्यता प्रक्रिया और शेड्यूलिंग पर भी इनपुट प्रदान करती है। इसके अलावा, यह प्रतिभा विकास और खिलाड़ियों के करियर मार्गदर्शन से जुड़ी नीतियां बनाने में मदद करती है तथा समानता, समावेशिता और दृश्यता को बढ़ाने के लिए भी काम करती है।

# सुल्तान अजलान शाह कप के लिए भारतीय हॉकी टीम का ऐलान, सीनियर खिलाड़ियों को आराम



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** डिफेंडर संजय 31वें सुल्तान अजलान शाह कप में भारतीय पुरुष हॉकी टीम की कप्तानी करेंगे क्योंकि नियमित कप्तान हरमनप्रीत सिंह सहित कई सीनियर खिलाड़ियों को 23 से 30 नवंबर तक मलेशिया के इपोह में होने वाले प्रतिष्ठित आमंत्रण टूर्नामेंट के लिए आराम दिया गया है।

भारत की पहली पसंद के दोनों गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक और सूरज करकेरा को आराम दिया गया है। उनकी जगह पवन और मोहित होनेनहल्ली शशिकुमार को टीम में चुना गया है। नियमित कप्तान हरमनप्रीत सिंह, अनुभवी मिडफील्डर मनप्रीत सिंह और स्ट्राइकर मनदीप सिंह भी टूर्नामेंट में नहीं खेलेंगे। संजय, जुगराज सिंह और अमित रोहिदास तीन सीनियर खिलाड़ी हैं जिन्हें रक्षात्मक पंक्ति में रखा गया है।

उनके अलावा पूवन्ना चंदूरा बॉबी, नीलम संजीप जेस और यशदीप सिवाच भी रक्षापंक्ति में शामिल हैं। मध्य पंक्ति की जिम्मेदारी राजेंद्र सिंह, राजकुमार पाल, नीलकांत शर्मा, रविचंद्रन सिंह, विवेक सागर और मोहम्मद रहीम मोसीन के कंधों पर होगी। सुखजीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा, सेल्वम कार्थी, आदित्य अर्जुन लालगे, दिलप्रीत सिंह और अभिषेक अग्रिम पंक्ति की जिम्मेदारी संभालेंगे।

टूर्नामेंट के लिए स्टैंडबाय में वरुण कुमार, विष्णु कांत सिंह, हार्दिक सिंह और अंगद बीर सिंह शामिल हैं। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, 'सुल्तान अजलान शाह कप हमेशा से ही अंतरराष्ट्रीय हॉकी कैलेंडर में एक महत्वपूर्ण टूर्नामेंट रहा है और हम एक संतुलित टीम के साथ इसमें भाग लेने के लिए उत्साहित हैं। हमें इस प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद है।'

भारत अपने अभियान की शुरुआत 23 नवंबर को कोरिया के खिलाफ करेगा। इसके बाद वह बेल्जियम (24 नवंबर), मेजबान मलेशिया (26 नवंबर), न्यूजीलैंड (27 नवंबर) और कनाडा (29 नवंबर) के खिलाफ मैच खेलेगा। यह टूर्नामेंट राउंड-रॉबिन प्रारूप में खेला जाएगा, जिसमें शीर्ष दो टीमें 30 नवंबर को होने वाले फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। भारत ने आखिरी बार 2010 में सुल्तान अजलान शाह कप का खिताब जीता था और 2019 में उपविजेता रहा था।

**भारतीय टीम इस प्रकार है**

गोलकीपर : पवन, मोहित शशिकुमार

डिफेंडर : चंदूरा बॉबी, नीलम संजीप जेस, यशदीप सिवाच, संजय, जुगराज सिंह, अमित रोहिदास

मिडफील्डर : राजिंदर सिंह, राज कुमार पाल, नीलकांत शर्मा, मोइरांगथेम सिंह, विवेक सागर प्रसाद, मोहम्मद राहील मौसीन

फॉरवर्ड : सुखजीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा, सेल्वम कार्थी, आदित्य अर्जुन लालगे, दिलप्रीत सिंह, अभिषेक

# स्टीव वॉ, सचिन नहीं विराट को मानते हैं एकदिवसीय का महानतम बल्लेबाज

सिडनी। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान स्टीव वॉ की नजर में सचिन तेंदुलकर नहीं बल्कि विराट एकदिवसीय क्रिकेट के सबसे महान खिलाड़ी हैं। वॉ के अनुसार कोहली को वह सचिन के मुकाबले अधिक नंबर इसलिए देते हैं क्योंकि विराट ने सीमित ओवर के क्रिकेट में बल्लेबाजी की एक नई ही परिभाषा ही विकसित कर दी। उनके जैसा बल्लेबाज कभी-कभी ही होता है। कोहली के अलावा उन्होंने रोहित शर्मा को भी सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में शामिल किया है। वॉ ने कहा, 'विराट और रोहित दो महानतम खिलाड़ी हैं। विराट एकदिवसीय का सर्वकालिक महान खिलाड़ी हैं। आप उन्हें हर जगह खेलते देखना चाहते हैं पर हर मैच खेलना संभव नहीं है।' वॉ ने आगे कहा, इन सर्वकालिक महान खिलाड़ियों को खेलते हुए देखना हमेशा ही काफी सुखद होता है। विराट कोहली जैसा खिलाड़ी तो किसी पीढ़ी में एक बार पैदा होने वाला खिलाड़ी है। वह ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्हें खेलते हुए देखना सभी। विराट एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। 2008 में डेब्यू करने वाले कोहली के नाम अब तक 305 एकदिवसीय मैचों में 14,255 रन दर्ज हैं, जिनमें 51 शतक शामिल हैं। वहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम को जीत दिलाने में कोई उनका सानी नहीं है। एकदिवसीय के इतिहास में 8 हजार से लेकर 14 हजार रन तक सबसे तेजी से बनाने के रिकॉर्ड उनके ही नाम हैं। वहीं सचिन टेस्ट ओर एकदिवसीय में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उनके नाम 18 हजार से अधिक रन हैं।



# ECB ने काउंटी चैंपियनशिप में कूकाबुरा गेंद का प्रयोग किया समाप्त

लंदन। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ECB) ने काउंटी निदेशकों और पेशेवर खेल समिति से मिली प्रतिक्रिया के बाद, 2026 सीजन से काउंटी चैंपियनशिप में कूकाबुरा गेंदों के इस्तेमाल को समाप्त करने का फैसला किया है। काउंटी क्रिकेटरों को अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के अनुकूल कौशल विकसित करने में मदद करने के लिए तीन साल पहले शुरू किया गया यह परीक्षण, अधिकांश मैचों में बिना किसी घटना के होने के कारण असफल माना गया है। इस सीजन में सरे और डरहम के बीच ओवल में खेला गया मैच, जहां मेजबान टीम ने 9 विकेट पर 820 रन बनाकर पारी घोषित की, इसका एक उदाहरण है। कूकाबुरा गेंद का इस्तेमाल पहली बार 2023 सीजन में दो राउंड के मैचों के लिए किया गया था, जिसे 2024 और 2025 में चार-चार राउंड तक बढ़ा दिया गया।

# पाकिस्तानी क्रिकेटर आजम खान ने माना, भारतीय टीम के सामने कहीं नहीं टिकता पाक




नई दिल्ली। भारतीय टी20 क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव के बाद अब पाकिस्तान के ही एक क्रिकेटर आजम खान ने भी माना है कि पाक टीम भारत के सामने कहीं नहीं ठहरती। सूर्या ने एशिया कप के दौरान पाकिस्तान को चिर-प्रतिद्वंद्वी बताए जाने पर आपत्ति जताते हुए कहा था कि भारतीय टीम ने हमेश उसे हराया है। ऐसे में वह प्रतिद्वंद्वी कैसे हुई ? इसलिए इस प्रकार की बातें नहीं होनी चाहिये। उन्होंने कहा कि टक्कर जैसी कोई बात भी तो होनी चाहिए। पाकिस्तान अब टक्कर तक नहीं दे पाता। विकेटकीपर बल्लेबाज आजम ने माना है कि भारतीय कप्तान ने सही बात कही है। दोनो टीमों में अब बराबरी का मुकाबला नहीं होता। आजम ने हालांकि जिस प्रकार से से बात स्वीकार की है। उससे उनका करियर तक मुश्किल में पड़ सकता है। इससे पीसीबी प्रमुख मोहसिन नकवी उनसे नाराज हो सकते हैं। नकवी एशिया कप के बाद से ही भारतीय टीम से खार खाये बैठे हैं। यहां तक कि एशिया कप ट्रॉफी पर भी उन्होंने कब्जा कर रखा है। आजम ने कहा कि भारत-पाकिस्तान में अब टक्कर जैसी कोई बात नहीं है। उन्होंने कहा, अगर आप आईसीसी टूर्नामेंट्स को देखेंगे तो मुझे लगता है कि मुझे नहीं पता कि मुझे ये कहना चाहिए या नहीं, लेकिन यही सही है। आजम ने पाकिस्तान के लिए 14 टी20 अंतरराष्ट्रीय खेले हैं। वह आखिरी बार पाकिस्तान के लिए टी20 वर्ल्ड कप में खेलते हुए दिखे थे। उसके बाद से ही वह राष्ट्रीय टीम से बाहर हैं। अब इस बयान के बाद उनकी पाक टीम में वापसी और भी कठिन हो जाएगा।

# विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी ताई जु यिंग ने बैडमिंटन से संन्यास लिया, सिंधू ने दी मार्मिक विदाई



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता और चीनी ताइपे की महिला बैडमिंटन की दिग्गज खिलाड़ी ताई जु यिंग ने खेल से संन्यास ले लिया है जिसके साथ उनके शानदार करियर का अंत हो गया है, जिसमें उन्होंने 17 BWF विश्व टूर खिताब जीते और 12 टूर्नामेंट में उपविजेता रहीं। अपनी कलात्मकता और कलाई के जादू के लिए मशहूर 31 वर्षीय शटलर ने कहा कि लगातार चोटिल होने के कारण उन्हें संन्यास का फैसला करना पड़ा। उन्होंने अपना आखिरी बीडब्ल्यूएफ खिताब 2024 में इंडिया ओपन में जीता था।

ताई जु ने शुक्रवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा, 'एक खूबसूरत अध्याय समाप्त हो गया है। बैडमिंटन, आपने मुझे जो कुछ भी दिया है, उसके लिए आभार।' उन्होंने कहा, 'आखिरकार मेरी चोटों ने मुझे कोर्ट छोड़ने पर मजबूर कर दिया। मैं अपने करियर का अंत उस तरह नहीं कर पाई जैसा मैंने सोचा था और मुझे यह बात स्वीकार करने में थोड़ा समय लगा।'

दक्षिणी ताइवान के शहर काऊशुंग में जन्मी ताई जु पिछले साल से चोटों से जूझ रही थी और अंतरराष्ट्रीय सर्किट पर वापसी नहीं कर पाई। विश्व चैंपियनशिप दो बार की पदक विजेता ने कहा कि फिलहाल उनका ध्यान कुछ समय शांति के साथ बिताने पर है। उन्होंने लिखा, 'मैंने अभी तक यह तय नहीं किया है कि मैं आगे क्या करूंगी, लेकिन फिलहाल मैं अलार्म घड़ियों के बिना जीवन का आनंद लेने जा रही हूं।'

भारत की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने ताई जु को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए एक्स पर एक मार्मिक संदेश लिखा। सिंधू ने कहा, 'पंद्रह वर्षों से अधिक समय तक आप मेरी ऐसी प्रतिद्वंद्वी रही जिन्होंने मुझे हर बार मेरी सीमा तक धकेला। मेरे जीवन के दो सबसे महत्वपूर्ण पदक रियो 2016 ओलंपिक में रजत और 2019 विश्व चैम्पियनशिप में स्वर्ण मैंने आपके साथ उन मैराथन और सांस थाम देने वाले मुकाबलों के बाद हासिल किए।'

उन्होंने कहा, 'रियो में हमारे बीच प्री-क्वार्टर फाइनल में मुकाबला हुआ था और बासेल में क्वार्टर फाइनल में। इन दोनों अवसरों पर मुझे हमेशा की तरह कड़ी मेहनत करनी पड़ी। और हां, आपने 2021 में मुझे सेमीफाइनल में हरा दिया था और यही नहीं मुझे एशियाई खेलों में मुझे स्वर्ण पदक जीतने से रोक दिया था। इन पलों को याद करके मैं आज भी मुस्कुरा जाती हूं।'

सिंधू ने लिखा, 'मैं इस बात नहीं छिपाऊंगी, मुझे आपके साथ खेलना बिल्कुल पसंद नहीं था। आपकी कलाई की कला, आपका चालाकी भरा खेल, आपकी शांत प्रतिभा ने मुझे उससे भी ज़्यादा गहराई तक जाने के लिए प्रेरित किया, जितना मैंने कभी सोचा भी नहीं था। आपका सामना करने से एक खिलाड़ी के रूप में मैं बदल गई।'

भारतीय खिलाड़ी ने कहा, 'लेकिन प्रतिद्वंद्विता से परे हमारे बीच अच्छी दोस्ती और एक दूसरे के प्रति सम्मान था। आपके संन्यास लेने से ऐसा लग रहा है जैसे मैंने अपने सफर का एक हिस्सा को दिया हो। खेल को और मुझे आपके जादू की कमी खलेगी। मुझे अब यह एहसास होने लगा है कि मेरी पीढ़ी के खिलाड़ी धीरे-धीरे खेल को अलविदा कहने लगे हैं और कोई भी चीज आपको इसके लिए तैयार नहीं करती।'

# भारत की आपत्ति के बाद भी रूसी सेना में हो रही भारतीयों की भर्ती

## जायसवाल ने रुसी अधिकारियों से जल्द कार्यमुक्त करने का किया आग्रह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत आपत्ति के बाद भी रूसी सेना में भारतीयों को लगातार भर्ती किया जा रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अब भी रूस की सेना में कम से कम 44 भारतीय हैं। भारत सरकार ने रूस से उन्हें तत्काल कार्यमुक्त करने का आग्रह किया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि उसने इस मामले को उठाया है और उनसे रूसी सेना में भारतीयों की भर्ती रोकने का आग्रह किया है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में हमें कई भारतीय नागरिकों के रूसी सेना में भर्ती होने की सूचना मिली है। उन्होंने कहा कि हमारी जानकारी के मुताबिक वर्तमान में 44 भारतीय नागरिक रूस की सेना में हैं। भारतीय अधिकारियों ने सितंबर में कहा था कि रूसी सेना में 27 भारतीय हैं। जायसवाल ने कहा कि भारत ने इस मामले को रूसी अधिकारियों के साथ उठाया है और उनसे भारतीयों को 'जल्द से जल्द कार्यमुक्त करने और इस प्रथा को खत्म करने' का आग्रह किया है।



उन्होंने कहा कि हम रूसी पक्ष और सेना में भर्ती किए लोगों के परिवारों के भी संपर्क में हैं और उन्हें मामले की जानकारी दे रहे हैं। ऐसी खबरें सामने आई हैं कि छात्र और व्यावसायिक वीजा पर कुछ भारतीयों को यूक्रेन में युद्ध के अग्रिम मोर्चे पर तैनात रूसी सैन्य इकाइयों में शामिल होने के लिए मजबूर किया गया है। भारत बार-बार रूस से रूसी सैन्य इकाइयों में रसोइये और सहायक जैसे सहायक कर्मचारियों के रूप में कार्यरत सभी भारतीयों को छोड़ने का अनुरोध करता रहा है।

पीएम मोदी ने भी पिछले साल अपनी रूस यात्रा के दौरान यह मुद्दा उठाया था। जायसवाल ने भारतीयों से रूसी सेना में सेवा करने के प्रस्तावों से दूर रहने का आह्वान किया क्योंकि ये 'जान के लिए खतरा' हैं। उन्होंने कहा कि हमने यह कई बार कहा है। हमारे बार-बार कहने के बावजूद लोगों की भर्ती की जा रही है। अगर कोई ऐसा करना चाहता है, तो हम उसे रोक नहीं सकते, लेकिन हम इस बात पर जोर देते रहेंगे कि इन नौकरियों के लिए आवेदन करने के बाद आपको इन खतरों के बारे में पता होना चाहिए। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक रूसी सेना द्वारा भर्ती किए गए भारतीयों की संख्या अब करीब 170 है। रूसी अधिकारियों ने 96 लोगों को कार्यमुक्त कर दिया है, जबकि 16 अन्य को लापता घोषित किया है। यूक्रेन में संघर्ष के अग्रिम मोर्चे पर लड़ते हुए कम से कम 12 भारतीय मारे गए थे।

## भारतीय जवानों ने सीमा पर घुसपैठ को किया नाकाम, 2 आतंकियों को कर दिया ढेर

**जम्मू (एजेंसी)।** भारतीय सीमा पर तैनात बहादुर जवानों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर जवानों ने 2 अज्ञात आतंकवादियों को मारा गिराया है। सेना के श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने बताया कि खुफिया एजेंसियों से इनपुट मिला था। इसके आधार पर कुपवाड़ा के केरन सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश को रोकने के लिए अभियान शुरू किया गया। सेना ने एक्स पर पोस्ट में कहा, सतर्क सैनिकों ने संदिग्ध गतिविधि देखी और चुनौती दी। इस दौरान आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने दो आतंकवादियों को मार गिराया। फिलहाल इलाके की तलाशी जारी है। वहीं, श्रीनगर में पुलिस ने शुक्रवार को तीन संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया। उनके पास से हथियार और गोला-बारूद जब्त कर आतंकी साजिश नाकाम कर दी गई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि ममता चौक, कोनाखान डलगेट के पास नियमित वाहनों की जांच चल रही थी। इस दौरान पुलिस की टीम ने बिना पंजीकरण संख्या वाली काले रंग की मोटरसाइकिल को रोका। रुकने का इशारा करने पर मोटरसाइकिल सवार और पीछे बैठे दो लोगों ने भागने की कोशिश की, लेकिन सतर्क पुलिसकर्मियों ने उन्हें तुरंत पकड़ लिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान शाह मुतैयब और कामरान हसन शाह के रूप में हुई है। ये दोनों कुलीपोरा खानयार श्रीनगर के निवासी हैं। मोहम्मद नदीम उत्तर प्रदेश के मेरठ का निवासी है और वर्तमान में कावा मोहल्ला, खानयार में रह रहा है। पुलिस ने बताया कि इनके पास से एक देसी कट्टा और 9 जिंदा कारतूस बरामद हुए। शुरुआती जांच से संकेत मिलता है कि आरोपी बरामद हथियार और गोला-बारूद का इस्तेमाल करके इलाके में किसी आतंकी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे थे।

## माली में पांच भारतीयों का अपहरण

नई दिल्ली (एजेंसी)। अफ्रीकी देश माली में पांच भारतीय नागरिकों को किडनैप कर लिया गया है। अधिकारियों ने शनिवार को इसकी पुष्टि की। पश्चिमी माली के कोबरी इलाके में गुरुवार को कुछ हथियारबंद लोगों ने भारतीयों को अगवा कर लिया। ये सभी एक बिजली कंपनी में काम करते थे। कंपनी के एक प्रतिनिधि ने बताया कि 5 भारतीयों का अपहरण कर लिया गया है। कंपनी के बाकी भारतीय कर्मचारियों को सुरक्षित राजधानी बमाको पहुंचा दिया गया है। अभी तक किसी समूह ने अपहरण की जिम्मेदारी नहीं ली है। माली में सैन्य शासन है और 2012 से ही देश में अस्थिरता, तख्तापलट और जिहादी हमले बढ़ते जा रहे हैं। अल-कायदा से जुड़ा छुह्हरू समूह ईंधन की सप्लाई रोककर आर्थिक संकट बढ़ा रहा है।

## केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मणिपुर के कुकी-जोसमुदाय के प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 6 और 7 नवंबर 2025 को मणिपुर के कुकी-जोसमुदाय के प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक पहले से चल रहे शांति समझौते (एसओओ-संचालन निलंबन समझौता) के तहत हुई, जिसमें सरकार और कुकी-ज़ो समूहों के बीच जारी संवाद का हिस्सा है। बैठक में कुकी-जो प्रतिनिधियों ने केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा मांग की, जिसमें एक विधानमंडल भी शामिल हो। उन्होंने अपनी मांग को संवैधानिक और ऐतिहासिक आधार बताया। लेकिन केंद्रीय गृह मंत्रालय ने साफ कहा कि भारत सरकार उनकी कठिनाइयों को समझती है, लेकिन वर्तमान नीति नई केंद्र शासित प्रदेशों के निर्माण का समर्थन नहीं है। गृह मंत्रालय ने कहा कि किसी भी फैसले से पहले मणिपुर के अन्य समुदायों से भी व्यापक परामर्श ज़रूरी है। मंत्रालय ने फिर कहा कि राज्य में स्थायी शांति और आपसी विश्वास स्थापित करना ही सरकार का मुख्य उद्देश्य है, इसलिए संवाद जारी रहेगा। यह वार्ता पिछले समझौते का हिस्सा है, जो 2008 में हुआ था। तब से वार्ता जारी है, और इस बार भी सभी पक्ष शांति और स्थिरता बनाए रखने पर सहमत हैं। कुकी-ज़ो समुदाय की मांग को लेकर सरकार ने साफ कर दिया कि नई नीति की वजह से नया केंद्र शासित प्रदेश बनाने का समर्थन फिलहाल संभव नहीं है। केंद्र सरकार चाहती है कि सभी समुदायों की सहमति से ही कोई बड़ा कदम उठाया जाए।

## दिल्ली में बढ़ रहा वायु प्रदूषण, सरकारी कर्मचारियों के कार्य समय में हुआ बदलाव

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने वायु प्रदूषण समस्या के चलते सरकारी कर्मचारियों के कार्य समय में बदलाव करने की घोषणा की है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह नया शेड्यूल 15 नवंबर से लागू किया जाएगा और 15 फ़रवरी 2026 तक लागू रहेगा। नए समय के मुताबिक दिल्ली सरकार के कार्यालय सुबह 10 बजे से शाम 6-30 बजे तक खुलेंगे। वहीं नगर निगम के कार्यालय सुबह 8-30 बजे से शाम 5 बजे तक खुले रहेंगे। अभी तक दिल्ली सरकार के दफ्तर सुबह 9-30 बजे से शाम 6 बजे तक और एमसीडी के दफ्तर सुबह 9 बजे से शाम 5-30 बजे तक खुलते थे। रिपोर्ट के मुताबिक बयान में कहा गया है कि वर्तमान समय-सारणी में सिर्फ 30 मिनट का अंतर है, जिसकी वजह से पीक टाइम में भारी ट्रैफिक जाम लगता है और शहर की वायु गुणवत्ता खराब हो जाती है। नई समय-सारणी 15 फरवरी 2026 तक लागू रहेगी। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब दिल्ली में प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ रहा है। शुक्रवार सुबह राजधानी की वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' थी, जहां एक्युआई 312 रहा। गुरुवार को यह 600 तक पहुंच गया था। अधिकारियों का कहना है कि नई व्यवस्था से ट्रैफिक दबाव कम करने और प्रदूषण घटाने में मदद मिलेगी। दिल्ली और एनसीआर के शहरों में ठंड बढ़ने के साथ वायु गुणवत्ता बिगड़ गई है। एक्युआई के आंकड़ों के मुताबिक शनिवार सुबह 7 बजे दिल्ली का एक्युआई 566 दर्ज किया गया है, जो 'खतरनाक' श्रेणी में आता है। सुबह के दृश्य में पूरे शहर पर गहरी स्मॉग चादर दिखी और सड़कों व इलाकों में दृश्यता काफी घट गई।

## गोरखधाम एक्सप्रेस का इंजन फेल, देर रात ठंड में यात्री हुए परेशान

हाथरस (एजेंसी)। कानपुर-दिल्ली रेलवे ट्रैक पर गोरखधाम एक्सप्रेस का इंजन फेल हो गया। शुक्रवार देर रात इसकी वजह से ट्रेन करीब 3 घंटे तक हाथरस जंक्शन पर खड़ी रही। रेलवे अधिकारियों ने दूसरे इंजन की मदद से ट्रेन को शनिवार सुबह 5-30 बजे अलीगढ़ रवाना किया। इंजन फेल होने के कारण जहां ट्रैक पर आने वाले कई ट्रेन प्रभावित हुईं, वहीं ठंड में यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। गोरखपुर से बठिंडा की तरफ जा रही गोरखधाम एक्सप्रेस हाथरस जंक्शन स्टेशन को पार कर रही थी, इसी दौरान उसका इंजन फेल हो गया। शुक्रवार रात ढाई बजे ट्रेन हाथरस जंक्शन स्टेशन पर खड़ी हो गई। ट्रेन के चालक ने इंजन फेल होने की सूचना कंट्रोल रूम को दी। जानकारी मिलते ही अधिकारी मौके पर पहुंचे। 3 घंटे बाद सुबह 5-30 बजे ट्रेन में दूसरा इंजन लगाया गया और ट्रेन को अलीगढ़ रवाना किया। इस दौरान अप ट्रैक की करीब 10 ट्रेनों को लूप लाइन में डाला गया जहां से धीमी गति के साथ अलीगढ़ की तरफ रवाना किया गया।

## भूत भगाने की रस्म के नाम पर युवती को बीड़ी पीने और शराब पीने के लिए किया मजबूर

कोट्टायम (एजेंसी)। केरल के कोट्टायम जिले से हैरान कर देने वाला मामला आया है, जहां एक युवती को उसके साथी और परिवारवालों ने काला जादू के नाम पर शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना दी। इस दौरान बीड़ी और शराब पिलाकर अमानवीय तरीके से भूत भगाने की रस्म के तहत प्रताड़ित किया गया। रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस ने बताया कि आरोपी युवक अखिल दास (26), उसके पिता दास (54) और एक तांत्रिक शिवदास (54) को मामले में गिरफ्तार किया। घटना पिछले हफ्ते की है, जब युवती के साथी के परिवार ने एक तांत्रिक को घर बुलाकर झाड़-फूंक करने की योजना बनाई। आरोप है कि उन्होंने कहा कि युवती के शरीर में उसके मृत रिश्तेदारों की आत्मा प्रवेश कर गई है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि यह झाड़-फूंक सुबह 11 बजे शुरू होकर देर रात तक चलती रही। इस दौरान मुझे बीड़ी पीने और शराब पीने के लिए मजबूर किया। साथ ही भस्म (सिंदूर मिश्रित राख) खिलाई गई और जलते धूप से शरीर पर जलाने के निशान दिए गए। इसके बाद अंत में युवती बेहोश हो गई।

## तुष्टिकरण के आरोप पर रेवंत रेड्डी बोले- फोटो भेजूंगा, पीएम मोदी ने भी पहनी थी टोपी



**हैदराबाद (एजेंसी)।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने दावा करते हुए कहा कि जो लोग बार बार मुस्लिम तुष्कीकरण की बात करते हैं उन्हे पता होना चाहिए कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अतीत में टोपी पहनी है। यदि यकीन न हो तो मैं फोटो भी भेज दूंगा। जुबली हिल्स विधानसभा उपचुनाव प्रचार के दौरान टोपी पहनने को लेकर तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी निशाने पर हैं। इस पर सफाई देते हुए उन्होंने कहा कि वे सभी धर्मों का सम्मान करते हैं। टोपी वाले विवाद पर उन्होंने इशारा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अतीत में ऐसा किया है। केंद्रीय मंत्री बंडी संजय कुमार की टिप्पणियों का जवाब देते हुए सीएम ने कहा, नरेंद्र मोदी जी ने टोपी पहनी थी। मैं फोटो भेजूंगा। नरेंद्र मोदी जी की नीति क्या है, पहले वह (संजय कुमार) स्पष्ट करें।

रेवंत रेड्डी ने कहा, अगर भाजपा नेता मानते हैं कि देश में मुस्लिम अल्पसंख्यक नहीं रहने चाहिए, तो यह उनके विचारों की गरीबी है। बंडी संजय की सोच में खोट है। मैं उन्हें भाजपा नेताओं के टोपी पहनने की जानकारी भेजूंगा। उन्होंने कहा कि किसी भी धार्मिक स्थल पर जाने पर उसकी परंपराओं का सम्मान करना है। उनकी सरकार सभी धर्मों में समानता बनाए रखती है और सभी धर्मों का सम्मान करती है।कांग्रेस मतलब मुस्लिम और मुस्लिम मतलब कांग्रेस कहने के बाद सीएम रेड्डी पर मुस्लिम तुष्टिकरण के आरोप लगे हैं। इस पर जवाब देते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि उन्होंने हिंदुओं और मुसलमानों को कांग्रेस की दो आंखें बताया था। कांग्रेस सभी धर्मों और 140 करोड़ आबादी को समान मानती है। कांग्रेस पार्टी ने जब-जब सत्ता में रही, अल्पसंख्यकों को अवसर दिए। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति जाकिर हुसैन, सलमान खुरशीद और कई अन्य के उदाहरण भी दिए।

## एक लाख रुपए के लालच में शादीशुदा महिलाएं बन गईं कुंवारी !

**बागपत (एजेंसी)।** पश्चिमी यूपी के बागपत जिले में शादीशुदा महिलाओं के कुंआरी लड़की बनने का एक बेहद सनसनीखेज मामला सामने आया है। ये महिलाएं एक-दो नहीं, बल्कि 69 हैं। मामला यह है कि यूपी में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के लिए आवेदन मांगे गए थे। जब जांच की तो पता चला कि ऐसी 69 महिलाओं ने सामूहिक विवाह योजना के तहत आवेदन किया है, जो पहले से शादीशुदा हैं। ये पूरा खेल एक लाख रुपए के लालच में किया गया, जो कैश और सामान के रुप में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत दुल्हन को मिलता है।



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इन शादीशुदा महिलाओं ने लालच के लिए सरकारी सिस्टम को ही धोखा दिया। बता दें मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का लाभ लेने के लिए जिले की 593 युवतियों ने आवेदन किया था लेकिन, विभाग की तरफ से की गई जांच में पोल खुली तो 6 ब्लॉक की 69 महिलाएं शादीशुदा निकली जो झूठे दस्तावेज पेश कर योजना के पैसे लेने कुंआरी कन्या बन गईं। अब इनके आवेदन रद्द करते हुए मामले की जांच की जा रही है।

बागपत जिले के सभी ब्लॉक से मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत ये आवेदन 1 अक्टूबर तक किए गए थे। योजना का लाभ देने से पहले जिला अधिकारी ने सभी आवेदकों का सत्यापन के निर्देश दिए। इसके बाद समाज कल्याण विभाग, राजस्व विभाग और विकास भवन की टीम ने सत्यापन की कार्यवाही की। अधिकारियों ने ग्राउंड जीरो पर जाकर देखा, तो उनके होश उड़ गए। अधिकारियों के सत्यापन में 69 युवतियां ऐसी पाई गईं, जिनकी शादी पहले ही हो चुकी थी। इनमें ज्यादातर ऐसी महिलाएं थी जिनकी शादी दो महीने के अंतराल में ही हुई थी।

अधिकारियों ने तुरंत एक्शन लेते हुए ऐसे सभी आवेदन निरस्त कर दिए। फर्जीवाड़ा कर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का लाभ लेने के लिए सबसे ज्यादा आवेदन बागपत शहर और बिनौली ब्लॉक से आए। बागपत शहर से आवेदन करने वाली ऐसी 16, बिनौली ब्लॉक से 12 और छपरौली ब्लॉक में 10 युवतियां शादीशुदा मिलीं। बता दें मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत प्रदेश सरकार बेटियों की शादी के लिए एक लाख रुपए देती है। इसी रकम के लालच में इन युवतियों ने शादीशुदा होने के बाद भी आवेदन किए। अब इनकी जांच की जा रही है। इन युवतियों के खिलाफ विभाग एक्शन लेता है या नहीं यह तो जांच के बाद ही पता चलेगा।

## अगर बिहार में घुसपैठिए मौजूद हैं... इसके लिए पीएम मोदी, शाह और नीतिश जिम्मेदार

**-एआईएमआईएम प्रमुख और सांसद औवेसी ने एनडीए पर बोला हमला**




**सीवान (एजेंसी)।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने विपक्ष के आरोप को सिरे से खारिज किया है कि विपक्षी दल घुसपैठियों को वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) पर आरोप लगाया कि वह मुसलमानों की प्रगति को नजरअंदाज करने के बाद अब उन्हें बदनाम करने की कोशिश कर रहा है। सांसद ओवैसी ने तर्क दिया कि घुसपैठ के आरोपों को तब स्वीकार करते है, जब बिहार में सोने की खदान जैसा कोई कोई बड़ा आकर्षण होता। औवेसी ने कहा, क्या यहां सोने की खान मिल गई है? अगर तेल के भंडार खोजे जाते, तब मैं समझता कि लोग इस राज्य की ओर भाग रहे हैं। युवा भारतीय पूरे देश में प्रवास करते हैं, लेकिन आप उन्हें रोकने के बजाय घुसपैठिया कहकर उन्हें बदनाम कर रहे हैं। सीमांचल के मुसलमानों ने विभाजन के दौरान बांग्लादेश जाना पसंद नहीं किया और भारत को अपना देश चुना।

ओवैसी ने कहा कि अगर घुसपैठिए मौजूद भी हैं, तब इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को दोषी ठहराया जाना चाहिए, क्योंकि वे कई सालों से केंद्र और बिहार की सत्ता में हैं। ओवैसी ने कहा, मुख्यमंत्री आपके हैं, नीतीश, केंद्रीय गृह मंत्री आपके हैं शाह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। आपकी निगरानी में घुसपैठिए कैसे आ रहे हैं? अगर घुसपैठिए हैं, तब इसका मतलब है कि आप विफल रहे हैं। आपके पास बीएसएफ और सीमा सुरक्षा बल है। आप राज्य सरकार की आलोचना करते हैं, लेकिन वह भी आपकी ही है।

## बीजेपी को बिहार विधानसभा चुनाव बाद मिलेगा नया राष्ट्रीय अध्यक्षः राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष कब चुना जाएगा अब इससे पर्दा उठ चुका है। दरअसल रक्षा मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता राजनाथ सिंह ने स्पष्ट किया है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष बिहार विधानसभा चुनावों के बाद मिलने जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी में किसी तरह की अंदरूनी कलह नहीं है और सभी नेता संगठन के निर्णयों के प्रति एकजुट हैं। राजनाथ सिंह ने इस आशय की जानकारी मीडिया को दिए एक इंटरव्यू में दी है।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बताया कि पार्टी अध्यक्ष पद का चयन भाजपा की परंपरा और संगठनात्मक प्रक्रिया के अनुसार ही किया जाएगा। उन्होंने जोर देकर कहा, कि भाजपा एक अनुशासित राजनीतिक संगठन है। यहां फैसले सामूहिक रूप से होते हैं, किसी व्यक्ति विशेष के आधार पर नहीं। रक्षा मंत्री राजनाथ ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भूमिका पर भी टिप्पणी करते हुए कहा कि संघ पार्टी के राजनीतिक फैसलों में कोई हस्तक्षेप नहीं करता। उन्होंने कहा, आरएसएस राजनीति में दखल नहीं देता, बल्कि देशभक्ति, अनुशासन और सेवा की भावना सिखाता है। भाजपा और संघ का संबंध वैचारिक है, राजनीतिक नहीं।

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर राजनाथ सिंह ने आत्मविश्वास जताया कि एनडीए गठबंधन एक बार फिर से सत्ता में लौटेगा। उन्होंने कहा कि जनता का रुझान स्पष्ट रूप से एनडीए के पक्ष में है और गठबंधन को दो-तिहाई बहुमत मिल सकता है। उन्होंने यह भी दोहराया कि चुनाव मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ा जा रहा है और नतीजों के बाद भी वे ही मुख्यमंत्री बने रहेंगे।

इसी दौरान उन्होंने चुनावी रणनीतिकार से नेता बने प्रशांत किशोर और उनकी पार्टी जन सुराज पर भी निशाना साधा। राजनाथ ने कहा, प्रशांत किशोर कोई बड़ा फैक्टर नहीं हैं। जनता समझती है कि कौन वोट काटने के लिए चुनाव लड़ रहा है और कौन सरकार बनाने के लिए। उन्होंने भविष्यवाणी करते हुए कहा कि जन सुराज पार्टी शायद एक भी सीट न जीत पाए।

राजनाथ सिंह के इस बयान से यह भी स्पष्ट संकेत मिल रहे हैं कि भाजपा संगठनात्मक बदलाव पर विचार कर रही है, लेकिन इसे बिहार चुनावों के बाद तक टालने का फैसला किया गया है, ताकि पूरा ध्यान चुनावी रणनीति पर केंद्रित रहे।

## जब आप इन कुत्तों को हटाएंगे, तो आप इन्हें कहां पर रखेंगे?

### बीजेपी नेता मेनका गांधी ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** बीजेपी की वरिष्ठ नेता और प्रसिद्ध एनिमल राइट्स एक्टिविस्ट मेनका गांधी ने आवारा कुत्तों के सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि जब जस्टिस पारदीवाला की तरफ से आवारा कुत्तों को हटाने संबंधी फैसला दिया गया था, इसकी पूरे देश में आलोचना हुई थी। सभी ने फैसले पर सवाल उठाए थे। लेकिन अब जिस तरह का फैसला आवारा कुत्तों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया है, वह जस्टिस पारदीवाला से भी ज्यादा हास्यास्पद है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले हमें यह समझना होगा कि हमारा ध्येय क्या है? हमारा एकमात्र ध्येय सिर्फ आवारों कुत्तों की संख्या में कमी लाना है, ताकि काटने के मामलों में कमी आए, लेकिन सवाल यह है कि हमने इस दिशा में अब तक क्या कदम उठाया है? वैज्ञानिक अध्ययन में यह बात सामने आई है कि जब हम कुत्तों को एक जगह से उठाकर दूसरे जगहों पर स्थानांतरित करते हैं, तो वह कुत्ते निश्चित तौर पर काटेंगे। 90 फीसदी लोगों को वह कुत्ते काटते हैं, जिन्हें एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरित किया जाता है। हमें समझना होगा कि आज सुप्रीम कोर्ट की तरफ से क्या फैसला आया है? कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि अस्पताल, बस स्टॉप और कॉलेज से कुत्ते हटाएं, लेकिन, सवाल यह है कि जब आप इन कुत्तों को हटाएंगे, तो आप इन्हें कहां पर रखेंगे?

मेनका गांधी ने कहा कि जब आप इन कुत्तों को यहां से हटाएंगे, तो निश्चित तौर पर उन्हें सड़क पर रखेंगे, क्योंकि आज भी कुत्तों के लिए कोई आश्रय नहीं है। उन्होंने कहा कि हास्यास्पद स्थिति यह है कि इस पूरे मामले के संदर्भ में आरा और अररिया जैसे शहरों की बात कर रहे हैं। जब हमारे पास आश्रय नहीं है, तो भला उनके पास कहां से आएंगे? लेकिन जब इन शहरों के स्कूलों और अस्पतालों से कुत्तों को निकाला जाएगा, तो उन्हें कहां रखा जाएगा? निसंदेह ये कुत्ते सड़क पर ही रहेंगे। ऐसी स्थिति में लोग उन्हें डंडों से मारेंगे। ये कुत्ते फिर से सड़कों पर घूमेंगे। ऐसे में इस बात की प्रबल संभावना है कि कुत्ते सड़क पर आने-जाने वाले लोगों को काटेंगे। फैसले पर फिर से विचार करना होगा।

## सरकारी जमीन के घोटाले में फंसे अजीत पवार के बेटे पार्थ, अन्ना बोले- ये दोनों जिम्मेदार

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के बेटे पार्थ पवार एक सरकारी जमीन घोटाले के मामले में फंस गए है। करीब 300 करोड़ की यह बेचे जाने का मामला है और भ्रष्टाचार विरोधी कार्यकर्ता अन्ना हजारे साफ शब्दों में कह दिया कि ये घोटाले के लिए बाप यानी अजीत पवार और बेटा पार्थ पवार दोनों जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि अगर मंत्रियों के बच्चे गलत काम करते हैं, तो इसके लिए मंत्रियों को ही दोषी ठहराया जाना चाहिए। उन्होंने यह टिप्पणी पवार के बेटे की कंपनी से जुड़े जमीन सौदे को लेकर की। बता दें कि मुंधवा में 40 एकड़ सरकारी जमीन की बिक्री के लिए अमाडिया एंटरप्राइजेज एलएलपी के साथ तीन सौ करोड़ रुपये का सौदा हुआ था, जबकि यह जमीन सरकार की अनुमति के बिना नहीं बेची जा सकती थी। इस कंपनी में पार्थ पवार भी साझेदार हैं। इस लेन-देन पर स्टांप शुल्क माफ करने का भी आरोप है। राज्य सरकार ने मामले में अतिरिक्त मुख्य सचिव विकास खड़गे की अगुवाई में उच्च स्तरीय समिति गठित की है।

महाराष्ट्र के जॉइंट इंस्पेक्टर जनरल ऑफ रजिस्ट्रेशन राजेंद्र मुथे ने शुक्रवार को कहा कि पुणे में 40 एकड़ जमीन राज्य सरकार की है और इसे किसी भी कीमत पर बेचा नहीं जा सकता है। इसी जमीन की बिक्री में कथित गड़बड़ियों की जांच चल रही है। मुथे मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस द्वारा घोषित एक जांच समिति की मदद कर रहे हैं। यह जमीन पुणे निवासी और पावर ऑफ अटॉर्नी धारक शीतल तेजवानी द्वारा राज्य के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के बेटे पार्थ पवार और दिग्विजय पाटिल के स्वामित्व वाली एक लिमिटेड लायबिलिटी पार्टनरशिप को जमीन बेचने की जांच कर रही है।मुथे ने बताया, 7/12 दस्तावेज (जमीन के मालिकाना हक का दस्तावेज) में मुंबई सरकार (पहले की बॉम्बे सरकार) को मालिक दिखाया गया है। 2018 के बाद जारी किए गए प्रॉपर्टी कार्ड में भी यही दिखाया गया है। पावर ऑफ अटॉर्नी रखने वाला व्यक्ति किसी भी कीमत पर जमीन नहीं बेच सकता है। हम हर चीज की जांच कर रहे हैं और सात दिनों में राज्य सरकार को रिपोर्ट सौंप देंगे। उनका ऑफिस प्रॉपर्टी डॉक्यूमेंट्स के रजिस्ट्रेशन और स्टाम्प ड्यूटी जमा करने के लिए जिम्मेदार है।

40 एकड़ जमीन की इस पूरी कहानी से पता चलता है कि पवार-पाटिल पार्टनरशिप वाली कंपनी अमाडिया एंटरप्राइजेज एलएलपी को 24 अप्रैल, 2024 को पुणे के डिस्ट्रिक्ट इंडस्ट्रीज सेंटर से लेटर ऑफ इंटेंट मिलने के 13 महीने से भी कम समय में उसने 19 मई, 2025 को तेजवानी के साथ 300 करोड़ रुपये की बिक्री का एग्रीमेंट किया। तेजवानी के पास महार समुदाय की 40 एकड़ जमीन के 272 मूल मालिकों की ओर से पावर ऑफ अटॉर्नी है। आजादी से पहले राज्य के गांवों में वतन सिस्टम चलता था, जिसके तहत कुछ खास जातियों या परिवारों को कुछ सेवाओं के बदले नकद के बजाय जमीन या रेवेन्यू के अधिकार मिलते थे।

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के बेटे पार्थ पवार की कंपनी से जुड़े 300 करोड़ रुपये के भूमि सौदा घोटाले मामले में शुक्रवार को एक और प्राथमिक दर्ज की गई है। पुलिस ने पार्थ पवार के व्यावसायिक साझेदार दिग्विजय पाटिल, शीतल तेजवानी और निलंबित तहसीलदार सूर्यकांत येवाले के खिलाफ केस दर्ज किया है। इससे पहले मामले में गुरुवार को महानिरीक्षक रजिस्ट्रार कार्यालय ने दिग्विजय पाटिल, शीतल तेजवानी और उप-रजिस्ट्रार आर बी तारू के खिलाफ गबन और धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया। जिला कलेक्टर जितेंद्र डूडी ने बताया कि मामला आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) को स्थानांतरित कर दिया गया है। इसी एफआईआर में पुणे के पास बोपोडी में जमीन से जुड़े एक अन्य विवादास्पद सौदे में छह अन्य लोगों के नाम भी दर्ज हैं। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने शुक्रवार को कहा कि उनके बेटे पार्थ और उनके व्यापारिक साझेदार को जानकारी नहीं थी कि उनकी कंपनी द्वारा खरीदी गई जमीन सरकारी थी। अब पता चलने के बाद उन्होने यह सौदा रद्द कर दिया है। जांच के लिए गठित समिति एक माह के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मिलने के बाद उन्होंने यह बात कही।



उपमुख्यमंत्री अजित पवार के बेटे से जुड़ी एक कंपनी के अवैध जमीन सौदे में शामिल होने के आरोपों के एक दिन बाद शुक्रवार को वह मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मिले। एनसीपी नेता प्रफुल्ल पटेल और सुनील तटकरे भी उनके साथ थे। हालांकि, मुलाकात में हुई बातचीत की जानकारी नहीं मिली।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 7903538992, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**